

■ बढ़ते विरोध के बीच केंद्र ने अरावली में खनन के नए पट्टे देने पर रोक लगाई - 12



■ खंडित विश्व में दावोस की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण - 12



■ भारत व अमेरिका के संबंधों को और मजबूत होने से रोकना चाहता है चीन - 13



■ खेल रत्न के लिए हॉकी स्टार हार्दिक सिंह का नाम, दिव्या टीजे और मेहुली अर्जुन पुरस्कार के लिए - 14


आज का मौसम | 21.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.54 | सूर्यास्त 05.23

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष पंचमी 01:43 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 25 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 326, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# 6100 किग्रा का ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च अब सीधे अंतरिक्ष से जुड़ेगा स्मार्टफोन

## इसरो ने रचा इतिहास, बाहुबली प्रक्षेपण यान से किया गया रवाना, कक्षा में हुआ स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

क्रिसमस से पहले इसरो ने बुधवार को इतिहास रच दिया। इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान 'एलवीएम-3 एम6' (बाहुबली) ने ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नामक अमेरिकी संचार उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया जिसे अंतरिक्ष एजेंसी प्रमुख ने देश के लिए तोहफा करार दिया। 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' मिशन का उद्देश्य उपग्रह के जरिए सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। यह नेटवर्क कहीं भी, कभी भी, सभी के लिए 4जी और 5जी वॉयस-वीडियो कॉल, संदेश, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

इसरो ने कहा कि यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) व अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया गया। एनएसआईएल, इसरो की वाणिज्यिक इकाई है। चौबीस घंटे की उल्टी गिनती पूरी होने के बाद दो एस-200 ठोस बूस्टर से युक्त 43.5 मीटर लंबा यान चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व स्थित इस अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण 'पैड' से सुबह आठ बजकर 55 मिनट पर रवाना हुआ। करीब 15 मिनट की उड़ान के बाद 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' प्रक्षेपण यान से अलग हो गया और इसे सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिया गया जिसके बाद यहां मिशन नियंत्रण केंद्र तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने इस सफल प्रक्षेपण के बाद कहा, मैं इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर न्यू स्पेस इंडिया और एएसटी स्पेसमोबाइल को बधाई देता हूं। उपग्रह को नियोजित 520 किलोमीटर ऊंचाई के मुकाबले 518 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में स्थापित किया गया। यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में भारतीय धरती से स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड है। इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था।




### प्रक्षेपण बाजार में भारत की भूमिका हुई मजबूत : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो को उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने तथा गगनयान जैसे भविष्य के मिशनों के लिए नींव मजबूत करने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यह भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में यह एक बड़ी उपलब्धि है। यह भारत की भारी पेलोड प्रक्षेपण की क्षमता को मजबूत करता है और वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में हमारी बढ़ती भूमिका को और मजबूत करता है।

### आत्मविश्वास बढ़ा : नारायणन



**श्रीहरिकोटा।** इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि उपग्रह के सफल प्रक्षेपण से भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान को लेकर आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा में भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए है।

# रोहिंग्या को हर हाल में खदेड़ेंगे पैरोकारी की तो ठीक नहीं होगा


● सीएम बोले- बांग्लादेश व पाकिस्तान में हिंदुओं के अत्याचार पर चुप्पी और गाजा पर आंसू बहाना बर्दाश्त नहीं

**विधानसभा में सीएम योगी ने विपक्ष को दी चेतावनी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा में बुधवार को सरकार का पक्ष रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अचानक बांग्लादेश में बीते दिनों एक हिन्दू युवक की हत्या की घटना को याद कर भड़क उठे। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर हमें चुप नहीं बैठना चाहिए। इसी क्रम में तमतमाए चेहरे के साथ उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी, रोहिंग्या को उत्तर प्रदेश से हम हर हाल में खदेड़ेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर वोटबैंक की राजनीति के चक्कर में विपक्ष इस मामले में कोई पैरोकारी की तो ठीक नहीं होगा। हम एक-एक की स्क्रीनिंग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि साफ सुन लीजिए... बांग्लादेश व पाकिस्तान में हिंदुओं के अत्याचार पर चुप्पी और गाजा पर आंसू बहाना, कैंडल मार्च निकलना हमें बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में एक दलित हिंदू युवक की हत्या हुई है लेकिन विपक्ष चुप्पी साधे हुए है। मुख्यमंत्री ने इसे तुष्टिकरण की



राजनीति का परिणाम बताया और कहा कि किसी निर्दोष हिंदू या दलित पर अत्याचार स्वीकार्य नहीं हो सकता। योगी ने सपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहीं। जेपीएनआईसी और गोमती रिवरफ्रंट इसके उदाहरण हैं। वहीं हमारी सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट कम लागत में, बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए। कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ही अनुपूरक बजट लाने का कदम उठाया है। फरवरी माह में प्रस्तुत मूल बजट वर्ष 2025-26 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ का था। इसके अतिरिक्त सरकार ने 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया है।

### बरेली वाले मौलाना से पूछो क्या हश्र हुआ

**लखनऊ।** योगी ने जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। कहा कि अगर छांगुर जैसा व्यक्ति सरकारी जमीन पर कब्जा करेगा तो उस पर बुलडोजर चलने से कोई रोक नहीं सकता। इसी क्रम में उन्होंने तंज कसा कि, ऐसी मनमानी करने का अंजाम क्या होता है जरा बरेली वाले मौलाना से पूछ लेना।

### चेहरा देखकर लाभ देना हमारे लिए पाप : योगी

सदन में विपक्षी सदस्यों ने अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा के दौरान सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया था। अपने जवाब में योगी ने कहा हमारा कोई भी जनप्रतिनिधि चाहकर भी सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाने में भेदभाव नहीं कर सकता। हमारे लिए चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ देना पाप है।

**नहीं बचेगा नकल माफिया :** सीएम ने कहा कि उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष एक पूर्व डीजीपी को बनाने के पीछे मकसद अब नकल माफिया की कमर तोड़ना है। ठीक उसी तरह जैसे अपराध करने वाले माफिया का हमने यूपी से खात्मा किया।

### सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को क्रिसमस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। 25 दिसंबर (गुरुवार) को लखनऊ कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 दिसंबर (शनिवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

### ब्रीफ न्यूज

#### तस्कर की तीन करोड़ की संपत्ति जब्त की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को यहां एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर की तीन करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थों से जुड़े खतरे को खत्म करने और अवैध मादक पदार्थों के व्यापार का समर्थन करने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, श्रीनगर पुलिस ने दो मंजिला आवासीय मकान और दो मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के साथ-साथ एक कनाल से अधिक भूमि को जब्त कर लिया है, जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये है।

#### असम के वेस्ट कार्बी आंगलोंग में सेना तैनात

**दीफू।** असम के डीजीपी हरमीत सिंह ने बुधवार को कहा कि हिंसा प्रभावित वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना तैनात की गई है। सिंह ने लोगों से हिंसा में शामिल न होने की अपील की और समुदाय के बुजुर्गों से गुमराह युवाओं को यह समझाने के लिए कहा कि समस्याओं को केवल बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है।

## एक ही बाइक पर थे पांच लोग, सभी ट्रेन से कटे



हादसे के बाद जांच करते एसपी राजेश द्विवेदी, पुलिस और रेलवे कर्मी।

● ट्रैक पर क्षत विक्षत मिले शव बाइक 500 मीटर तक घिसटी

● रोजा जंक्शन के पास हुआ हादसा, एक ही परिवार के थे सभी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोजा जंक्शन के पास रेलवे क्रासिंग पार करते समय एक ही परिवार के पांच लोग गरीब रथ ट्रेन से टकरा गए। हादसे में पांचों लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। उनकी बाइक करीब आधा किमी तक ट्रेन के साथ घिसटती हुई चली गई। मरने वालों में पति-पत्नी, दो बच्चे और एक रिश्तेदार बताया जा रहा है। जानकारी मिलने पर एसपी राजेश द्विवेदी, रेलवे अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

हादसा बुधवार शाम को करीब 6.30 बजे रोजा जंक्शन के पास स्थित पावर केबिन के निकट हुआ। मृतकों की पहचान थाना निगोही क्षेत्र के गांव बिकन्ना निवासी सेठपाल, उनकी पत्नी पूजा और उनके दो बच्चे सूर्या (4) व निधि (5) के रूप में हुई है। हादसे में सेठपाल के साढ़ू हरिओम की भी मौत हो गई, जो लखीमपुर खीरी जिले के थाना उचौलिया क्षेत्र के वन के गांव के निवासी थे। परिजनों के अनुसार सेठपाल बुधवार सुबह परिवार के साथ अपने साढ़ू हरिओम के घर आए थे। शाम को सभी लोग एक ही बाइक से रोजा में लगने वाले बुध बाजार गए थे, जहां घरेलू सामान की खरीदारी की। वापस लौटते समय रोजा जंक्शन के पास बने पाथ वे से ट्रैक पार करते वक्त अमृतसर से सहरसा जा रही गरीब रथ ट्रेन आ गई और यह दर्दनाक हादसा हो गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सहित कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। रेलवे पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार सभी पांच लोग एक बाइक पर सवार थे और रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लखनऊ में आज लोकार्पण करेंगे मोदी

● दोपहर ढाई बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे प्रधानमंत्री

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने गुरुवार को लखनऊ आ रहे हैं। प्रेरणा स्थल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की 65-65 फुट ऊंची की कांस्य प्रतिमा लगी है।

डिजिटल म्यूजियम के माध्यम से विचार दर्शन देखने को मिलेगा। वहां ओपन थियेटर में तीन हजार लोग बैठ सकते हैं। वहां का मंच भी काफी बड़ा है। उस मैदान में एक साथ दो लाख लोग एकत्र हो सकते हैं। लखनऊ में सार्वजनिक कार्यक्रमों का सबसे बड़ा स्थल है। चार हजार बस व चार पहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी दी गई है। कार्यक्रम के लिए वहां स्थान की कमी नहीं होगी। मोदी दोपहर में ढाई बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

## दृश्यता पर ही बसें चलें, 40 तक ही हो रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● उप्र. सरकार यात्रियों की सुरक्षा के लिए सतर्क, ठंड में सुरक्षित बस संचालन के निर्देश

● बस अड्डों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम से यात्रियों को सुरक्षा उपायों की दी जाएगी जानकारी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बाद में प्रदेश में बस यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और निर्बाध परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा विशेष गाइलाइंस जारी की गईं हैं। इसके तहत परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोहरे की स्थिति में बसों की गति 40 किमी प्रति घंटा से अधिक न हो। जबकि अत्यधिक कोहरे में बस को किसी सुरक्षित स्थान पर रोककर दृश्यता सामान्य होने पर ही आगे संचालन किया जाए।

परिवहन राज्यमंत्री ने कहा कि घने कोहरे वाले मार्गों पर रात्रिकालीन सेवाओं को आवश्यकता अनुसार सीमित किया जाए तथा रात्रि सेवाओं में अनुभवी, दुर्घटना-रहित और अच्छे ईंधन रिकॉर्ड वाले चालकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि रात्रि सेवा पर जाने से पूर्व चालक को कम से कम 8 घंटे का विश्राम प्राप्त हुआ हो। 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर वाली रात्रिकालीन सेवाओं को अस्थायी रूप से स्थगित रखने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने चालकों को तीन प्रकार की सड़कों पर विशेष सावधानी बरतने को कहा है। एक्सप्रेस-वे पर अचानक ठहराव से बचाव, डिवाइडर युक्त सड़कों पर दायीं ओर संचालन, तथा बिना डिवाइडर वाली सड़कों पर बायीं ओर संचालन कर दुर्घटनाओं से बचने के निर्देश दिए गए हैं।

## हवा इमरजेंसी जैसी, एयर-प्यूरीफायर पर 18% जीएसटी क्यों : दिल्ली हाईकोर्ट



● एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने पर विचार करने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए जीएसटी परिषद को निर्देश दिया कि वह जल्द से जल्द बैठक करे और 'एयर प्यूरीफायर' पर लगाई जा रही 18 प्रतिशत जीएसटी कम करने या समाप्त करने पर विचार करे।

पीठ ने इस मामले को 26 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया, ताकि संबंधित प्राधिकरणों की ओर से पेश वकील अदालत को यह बता सकें कि परिषद कब बैठक कर सकती है। इससे पहले, बुधवार को उच्च न्यायालय ने अधिकारियों द्वारा ऐसी 'आपात स्थिति' में एयर प्यूरीफायर पर कर में छूट देने के लिए कुछ भी न किए जाने पर नाराजगी जताई, जबकि एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में है। अदालत एक जनहित याचिका की सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि एयर प्यूरीफायर को चिकित्सा उपकरण के रूप में वर्गीकृत किया जाए और उन पर लगने वाले जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए।

## स्कूल के लिए निकली 10 साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या

● भीड़ ने आरोपी का मकान किया ध्वस्त मुख्यमंत्री ने आरोपियों को सबसे कड़ी सजा दिलाने का दिया निर्देश

**भुवनेश्वर/भद्रक।** ओडिशा के भद्रक जिले में स्कूल के लिए निकली 10 वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। भद्रक के एसपी मनोज कुमार राउत ने बताया कि इस मामले में जगतसिंहपुर जिले से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री माझी ने पीड़िता के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की और आरोपियों को सबसे कड़ी सजा दिलाने का निर्देश दिया। घटना के विरोध में विपक्षी दलों बीजद और कांग्रेस ने बुधवार सुबह छह बजे से अलग-अलग छह घंटे के लिए चांदबाली ब्लॉक बंद का आह्वान किया। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब मंगलवार शाम को चांदबाली थाना क्षेत्र के बालिगांव में झाड़ियों के पास कुछ लोगों को नाबालिग का खून से लथपथ शव मिला। पीड़िता मंगलवार सुबह स्कूल गई थी, लेकिन दोपहर में घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## 20 साल बाद राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता खत्म कर उद्धव-राज की पार्टी के बीच गठबंधन

मुंबई, एजेंसी

● बीएमसी चुनाव से ठीक पहले की घोषणा, कहा- मुंबई का महापौर मराठी होगा और वह हमारा होगा

शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव व मनसे के अध्यक्ष राज ठाकरे ने 20 वर्षों की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता खत्म करते हुए 15 जनवरी को बीएमसी के चुनाव से पहले बुधवार को अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की।

चचेरे भाइयों ने वर्ली के एक होटल में 16 मिनट तक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। वर्ली उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इस पुनर्मिलन को दोनों ने महाराष्ट्र के प्रति कर्तव्य करार दिया और सत्तारूढ़




महायुति का सामना करने के लिए विशेष रूप से 'मराठी मानुष' (मूल निवासी) वोट बैंक को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। राज ठाकरे ने कहा, मुंबई का महापौर मराठी होगा और वह हमारा होगा। इसे दोनों गुटों की ओर से महानगरपालिका पर शासन के लिए संयुक्त प्रयास का संकेत माना जा रहा है।

### दो परिवारवादी दल हार के डर से साथ आए : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कहा कि आगामी बीएमसी चुनावों में हार के डर से दो परिवारवादी दल एकजुट हो गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि हार के डर से उन्होंने गठबंधन कर लिया है। कहा कि इससे साफ पता चलता है कि आगामी बीएमसी चुनावों में अपनी जमानत जब्त होने से बचाने के लिए वे एकजुट हुए हैं।


**माघ मेला की तैयारी** | गंगा के किनारे वाले जनपदों के जिलाधिकारियों को अनुपालन का निर्देश, 31 दिसंबर से 15 फरवरी तक प्रभावी रहेगा आदेश

## गंगा जल शुद्ध करने के लिए बंद की जाएंगी टेनरियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** प्रयागराज में जनवरी-फरवरी में होने वाले माघ मेला के दौरान गंगा का जल शुद्ध रखने के लिए टेनरियों और नालों को बंद किया जाएगा। इसके लिए रोस्टर के हिसाब से गंगा के किनारे पड़ने वाले सभी जनपदों के जिलाधिकारियों को आदेश दिया गया है। यह 31 दिसंबर से 15 फरवरी तक प्रभावी रहेगा।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-7 के प्रमुख सचिव अनिल कुमार की ओर से 24 दिसंबर को जारी किए गए आदेश में गंगा जल की शुद्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। पौष पूर्णिमा के स्नान से पहले ही टेनरियां बंद हो जाएंगी। इस वर्ष 3 जनवरी से 15 फरवरी तक



6 प्रमुख स्नान पर्व हैं। हर प्रमुख स्नान पर्व से तीन दिन पहले टेनरियां बंद रहेंगी और स्नान के दिन तक बंदी का आदेश प्रभावी रहेगा। कानपुर में कुल 24 दिन टेनरियां बंद रहेंगी। सिंचाई विभाग के अनुसार सामान्य प्रवाह की स्थिति में कानपुर से तीन दिन में प्रयागराज पानी पहुंचता है। इसको देखकर ही टेनरियों को बंद किया गया है।

### इन दिनों बंद रहेंगी टेनरियां

- 3 जनवरी पौष पूर्णिमा : 31 दिसंबर से 3 जनवरी
- 15 जनवरी मकर संक्रांति : 12 से 15 जनवरी
- 18 जनवरी मौनी अमावस्या : 15 से 18 जनवरी
- 23 जनवरी बसंत पंचमी : 20 से 23 जनवरी
- 01 फरवरी माघी पूर्णिमा : 29 जनवरी से 01 फरवरी
- 15 फरवरी महाशिवरात्रि : 12 फरवरी से 15 फरवरी

**टीम करेगी निगरानी :** डीएम की अध्यक्षता में टीम गठित की जाएगी। यह टीम बंदी के दौरान जल प्रदूषणकारी उद्योग, सीईटीपी, एसटीपी एवं सीवेज के नालों की टैपिंग, बॉयोरेमिडिएशन स्थल का औचक निरीक्षण करेगी।

### इन जिलों पर लागू होगी व्यवस्था

बिजनौर, मुजफ्फर नगर, शामली, गाजियाबाद, हापुड़, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, हरदोई, उन्नाव, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रयागराज, गाजीपुर, बलिया, मिर्जापुर एवं वाराणसी।

सभी टेनरी मालिकों को सख्त आदेश दिए गए हैं कि स्नान पर्व के तीन दिन पहले से टेनरियां बंद रहेंगी। प्रदूषणकारी उद्योग, सीईटीपी, एसटीपी, सीवेज नालों की टैपिंग, नालों में बॉयोरेमिडियेशन का स्थलीय निरीक्षण कर नजर रखी जाएगी।

– **अजीत सुमन**, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी।

# विधान परिषद में हंगामा, दो बार वॉकआउट नेता प्रतिपक्ष से कराया गया सदन का त्याग

## नियम-105 की चर्चा के दौरान सभापति से तीखी नोकझोंक, खेद प्रकट करने के बाद चला सदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** शीतकालीन सत्र के चौथे व अंतिम दिन बुधवार को विधान परिषद की कार्यवाही रिकॉर्ड के लिहाज से खास रही। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने नियम-105 की सूचनाओं को लेकर दो बार सदन से वॉकआउट किया। स्थिति उस समय और असहज हो गई, जब नियम 105 के तहत वित्तविहीन विद्यालयों में इंटरमीडिएट की मान्यता संबंधी नियमावली में पुनः संशोधन की सूचना पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष स्वयं सवाल पूछने लगे।

सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कई बार उन्हें बैठने के निर्देश दिए, लेकिन नेता प्रतिपक्ष उत्तेजित होते चले गए और सभापति पर ही लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगा दिया। इस पर सभापति समेत भाजपा सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख सभापति ने नेता प्रतिपक्ष को सदन से त्याग करने के निर्देश दिए, लेकिन वे सदन छोड़ने को तैयार नहीं हुए। स्थिति बिगड़ते देख पहले सपा सदस्यों के साथ उन्होंने वॉकआउट किया, लेकिन इसके बाद भी सभापति संतुष्ट नहीं हुए। अंततः नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित अधिकांश सदस्यों के आग्रह पर नेता प्रतिपक्ष ने सदन का त्याग किया। बाद में वापस लौटकर उन्होंने सभापति के समक्ष अपने वक्तव्य को लेकर खेद प्रकट किया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से संचालित हुई।

### प्रश्नकाल में उठे आठ मुद्दे, परिवहन विभाग के सवालों पर चर्चा

सुबह 11 बजे सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। प्रश्नकाल के दौरान कुल आठ मुद्दे उठाए गए। परिवहन विभाग से संबंधित प्रश्नों के उत्तर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दिए। सपा सदस्य मुकुल यादव ने मैनपुरी के वरनाइल बस स्टैंड पर कार्यरत कर्मचारी के लंबे समय से नदारद रहने और बस स्टैंड परिसर में बालू-मौरंग की दुकान संचालित होने का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने इस पर कमीशनखोरी के आरोप लगाए। परिवहन मंत्री ने कर्मचारी की अस्वस्थता की जानकारी देते हुए मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया।

### सदन में आरक्षण और बेरोजगारी का मुद्दा गरमाया

सपा सदस्य डॉ. मान सिंह ने नियम 105 के तहत आरक्षण में गड़बड़ी और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागों में विज्ञापित पदों में आरक्षण नियमों की अनदेखी की जा रही है। साथ ही लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं का भी उल्लेख किया। आशुतोष सिन्हा ने स्नातक बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सरकार की ठोस योजना न होने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विभागों में पहले बैकलॉग की नियुक्ति होनी चाहिए और उसके बाद ही प्रोन्नति दी जाए, ताकि ओबीसी कर्मचारी जूनियर न बने रहें।

### आउटसोर्स में लागू होगा 60 प्रतिशत आरक्षण : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जवाब के दौरान विपक्षी सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करने लगे, जिससे सदन में हंगामा हो गया। नेता सदन ने कहा कि पिछड़ों के अधिकारों से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा और आरक्षण व्यवस्था में कोई गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जल्द ही संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए भी आरक्षण व्यवस्था लागू की जाएगी, भर्ती में नियमानुसार आरक्षण देने के लिए शीघ्र ही आदेश जारी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण देने में सरकार की ओर से कोई कोताही नहीं बरती गई है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मुद्दे भले ही न हों, लेकिन सच सुनने का साहस तो दिखाइए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**सांगीपुर, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** सांगीपुर थाना के भैरवन गांव निवासी 25 वर्षीय विजय कुमार पुत्र अशोक कुमार का शव मंगलवार की देर रात घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों के अनुसार विजय कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। वह सुबह एम्स रायबरेली इलाज के लिए गया था। वहां से लौटने के बाद रात में कमरे में सोने चला गया। रात करीब बारह बजे विजय कुमार की मां रेखा देवी कमरे में पहुंची तो बेटे को फांसी के फंदे से लटकता देख चीखने लगी। चीख पुकार सुनकर घर के लोग पहुंचे। जानकारी होने पर आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गये। फंदे से लटकते युवक को नीचे उतारकर सांगीपुर सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सकों ने विजय को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर पर था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है,मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## रेल हादसे में दंत चिकित्सक की मौत

**संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** रानीगंज थाना क्षेत्र के पूरे बेसहू गांव निवासी सुरेश कुमार त्रिपाठी के छोटे भाई 50 वर्षीय डा. दिनेश त्रिपाठी दंत चिकित्सक थे। वह बुधवार को ट्रेन से लखनऊ जा रहे थे। रायबरेली पहुंचने पर कुछ सामान लेने के लिए वह ट्रेन से नीचे उतरे थे। इस दौरान ट्रेन चलने लगी तो दौड़कर पकड़ने का प्रयास कर रहे थे कि फिसल कर नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर पड़े। इससे उनका एक हाथ कट गया था। वहां मौजूद रेलवे पुलिस कर्मी उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। डा.दिनेश त्रिपाठी सीएचसी पट्टी में तैनात थे। पति की मौत की खबर पर पत्नी साधना त्रिपाठी, बेटी सहित परिजन रो रो कर बेहाल हो गए। उधर चिकित्सक के निधन पर साथियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



अतरसंड गांव में जबरन हो रहा निर्माण कार्य।

## कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी हो रहा निर्माण कार्य

**संवाददाता, कोहड़ौर, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अतरसंड गांव निवासी अशोक कुमार ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कराए जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि कोहड़ौर पुलिस की मिलीभगत से विपक्षी कोर्ट द्वारा जारी स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि कोहड़ौर पुलिस पीड़ित के परिजनों को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजनें की धमकी दे रही है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या:SRDEE-TRD-1ZN-2025-26-T24, Date-23.12.2025

खुली ई-निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1:- कार्य का नाम:** इज्जतनगर डिवीजन में LKU SSP से हल्द्वानी तक बिजली आपूर्ति में विश्वसनीयता सुधारने के लिए ट्रैक के समानांतर फीडर व्यवस्था का प्रावधान से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-1ZN-2025-26-T24, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 6,10,47,004.12, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: ₹ 4,55,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: 0.00 निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 15.01.2026, 11.00, कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह। खुली ई-निविदा दिनांक 15.01.2026 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-225 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट-www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-


| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव | भूखण्ड सं0-एन-240 | सेक्टर-एन, आशियाना, कानपुर रोड योजना, लखनऊ | 06.05.2023 | 1. श्रीमती मधुलिका श्रीवास्तव<br>2. श्रद्धा सक्सेना<br>3. श्रीमती प्रियंका शर्मा | --<br>--<br>-- | पत्नी<br>पुत्री<br>पुत्री |
| 2 | मूल आवंटी/मृतक श्री राम औतार | भूखण्ड सं0-1/53 रूचि खण्ड-1 | शारदा नगर योजना | 04.05.2013 | श्रीमती सुख रानी | -- | पत्नी |
| 3 | स्व0 संजू सिंह | भूखण्ड सं0-6/9 | जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ | 02.06.2025 | श्री आदित्य कुमार सिंह | श्री अशोक कुमार सिंह<br>कु0 अनामिका सिंह<br>कु0 मुस्कान सिंह | पति<br>पुत्री-अवि0<br>पुत्री-अवि0 |
| 4 | स्व0 रमेश चन्द्र श्रीवास्तव (आवंटी) | भूखण्ड सं0-सी-54 | सेक्टर-के, अलीगंज | 07.03.2019 | 1. श्रीमती भाग्यवती श्रीवास्तव | वसीयत के आधार पर | पत्नी |
| 5 | स्व0 जगदीश चन्द्र त्रिवेदी (सहक्रेता) | भवन सं0-एल-5-8 | से0-एल अलीगंज | 27.01.2023 | 1. श्रीमती मुन्नी देवी त्रिवेदी-पत्नी | 1. श्री सतीश चन्द्र त्रिवेदी<br>2. श्री यतीश चन्द्र त्रिवेदी<br>3. रवीश त्रिवेदी (नाबालिक)<br>4. श्रीमती नीलम त्रिवेदी | पुत्र<br>पुत्र<br>पौत्र<br>पुत्रवधू |


उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**


## बिजली उत्पादन व वितरण पर सदन में तीखी बहस

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान बिजली उत्पादन, वितरण और खरीद को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने राज्य में बिजली की असमानता पर बड़ा सवाल उठाया। सपा के महंगी बिजली अदानी से खरीदने के आरोप को लेकर ऊर्जा मंत्री ने जवाब दिया कि हम जिस रेट पर बिजली खरीद रहे हैं उसे रेट से 1 रुपये प्रति यूनिट ज्यादा 10 साल पहले समाजवादी पार्टी की सरकार में बिजली खरीदी गई थी। स्मार्ट मीटर पर भी उन्होंने सपा के आरोपों को करारा जवाब दिया। कहा कि निश्चित तौर पर स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर का अपग्रेड वर्जन है एक स्मार्टफोन की तरह और वह बेहतर काम कर रहा है कहीं से कोई भी शिकायत नहीं है बराबर बिजली का उतना ही खर्च होता है जितना जनरल मीटर में किया जाता है।

## मुठभेड़ में घायल दुष्कर्म का आरोपी अस्पताल से फरार, एसआई समेत चार पुलिस कर्मी सस्पेंड

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** सात साल की बालिका से दुष्कर्म का 25 हजार का इनामी आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बुधवार सुबह फरार हो गया। पुलिस को चकमा देकर वह भाग गया, जबकि उसके बाएं पैर में गोली लगी है। इससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई। कार्य में लापरवाही को देखते हुए एसपी ने दारोगा समेत ड्यूटी पर रहे चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पट्टी के एक गांव की बालिका शनिवार शाम घर के पास थी। उसे अपने साथ ले जाकर उड़ैयाडीह के 28 साल के जावेद उर्फ चांद बाबू ने दुष्कर्म किया था। इस केस में आरोपी के दो सहयोगियों को पुलिस पकड़ चुकी है। जावेद को पुलिस ने रात में पट्टी-चांदा मार्ग के आमापुर मोड़ के पास मुठभेड़ में पकड़ा था। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में जावेद के पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस उसे लेकर सीएचसी पट्टी गई। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। यहां पर पूरे धना चौकी इंचार्ज कमलेश कुमार के साथ ही सिपाही गुलशन कुमार, विनोद सिंह व अशोक कुमार उसकी निगरानी में लगाए गए थे। इन चारों को एसपी दीपक भूकर ने निलंबित कर दिया। एसपी का कहना है कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की गई है। विभागीय जांच भी कराई जाएगी।

## भाजपा ने ओबीसी आरक्षण में की कटौती

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधान परिषद में सपा ने नियम 105 के तहत भाजपा सरकार पर ओबीसी आरक्षण में कटौती के साथ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा के डॉ.मान सिंह, आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भाजपा संविधान द्वारा निर्धारित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण में से लगभग एक-तिहाई हिस्से को नकार रही है, उन्होंने भाजपा सरकार पर संविधान और आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाए। सत्ता पक्ष के जवाब से असंतुष्ट होने पर, आरक्षण विरोधी सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, के नारे लगाते हुए सदन का बहिर्गमन किया। सदन में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने बुधवार को उप्र. राजस्व विभाग में लेखपाल भर्ती के जारी विज्ञापन का हवाला देते हुए कहा कि कुल 7,994 पदों में ओबीसी वर्ग के लिए मात्र 1,441 पद आरक्षित किए गए हैं, जबकि 27 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार ओबीसी के लिए 2,158 पद होने चाहिए थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**पीएमएस-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पीएमएस निविदायें आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु. इन्जी.-नि.-सीपीआर-पीएमएस-07-2025, दिनांक:23-12-2025, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के पनियहवा (छोड़कर)-छितौनी-तमकुही रोड (शामिल) के नये सिंगल ब्राड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यो, विद्युतीकरण कार्यो और सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्यो के लिये परियोजना प्रबंधन सेवाओं के लिये अथॉरिटी इंजीनियर नियुक्त करने हेतु प्रस्ताव के लिये अनुरोध (RFP) (पहला चरणः 29.050 किमी और दूसरा चरणः 34.793 किमी, कुल लंबाई = 64.193 किमी), अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 13,84,82,489.70, बयाना राशि (रू.): ₹ 8,42,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 63 (तिरसठ) माह।

**नोटः** ♦ बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 01-01-2026 ♦ उपरोक्त पीएमएस निविदा सबमिसन की बन्द होने की तिथिः दिनांक 15-01-2026 को 15:30 बजे तक। ♦ उपरोक्त पीएमएस निविदा खुलने की तिथि दिनांक 15-01-2026 को 15:30 बजे के उपरांत। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

♦ उप मुख्य इंजीनियर/नि०/I/वाराणसी, मो. 9794844290

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./I**
मुजाधि/डब्लू-385 **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**नोटिस नमूना आम**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय लालगंज रायबरेली**

वाद संख्या... सन.. ईसवी

**प्रेम शंकर** ... वादी/प्रार्थी

बनाम

**राजेश कुमार आदि** ... प्रतिवादी/विपक्षी

1. शशेंद्र कुमार उर्फ फुन्नू, 2. अखिलेश उर्फ पुतुल, 3- शुभम पुत्रगण राजेश कुमार 4- आयुषी पुत्री राजेश कुमार, 5- अनुज कुमार पुत्र जयशंकर, 6- मारुत कुमार पुत्र कमलेश कुमार, 7- सुषमा पुत्री कमलेश कुमार, 8-रश्मि पुत्री कमलेश कुमार, 9-सुभी पुत्री कमलेश कुमार, 10-पुष्पा देवी पत्नी कमलेश कुमार, 11- मुन्नी देवी पत्नी पवन कुमार, 12-मधू त्रिवेदी पत्नी राकेश कुमार उर्फ राजकुमार, 13-गौरव त्रिवेदी पुत्र राकेश कुमार उर्फ राजकुमार, 14-सौरभ त्रिवेदी पुत्र राकेश कुमार उर्फ राजकुमार उपरोक्त समस्त निवासी गण ग्राम पूरे त्रिवेदी मजरे सागर खेड़ा पर0 सरेनी तहसील लालगंज रायबरेली, 15-ग्राम सभा गोपाली खेड़ा द्वारा ग्राम प्रधान सागर खेड़ा पर0 सरेनी, 16-ग्राम सभा सागर खेड़ा द्वारा ग्राम प्रधान सागर खेड़ा पर0 सरेनी पर0 सरेनी तह0 लालगंज रायबरेली। चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 29 माह 12 सन 2025 ई को दिन में 10 बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 16 माह 12 सन 25 ई को जारी की गई।

**हस्ताक्षर पीठासीन अधिकारी न्यायालय लालगंज रायबरेली।**



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **15.01.2026** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।


| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 05-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 24.12.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 05-DyCE-GSU-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अर्न्तगत भदोही, जंघई, मड़ियाहू, बादशाहपुर तथा अन्य स्टेशनों के बचे हुये कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 2780.48 लाख |
| 5. | धरोहर राशि | रू0 15,40,200/- |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.01.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.01.2026 11:30 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |


नोट :- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 4000/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 15.01.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।


| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01352025 दिनांक 23.12.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 26-DEN-V-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN-AYC के SSE-W-AYC सेक्शन में AY और AYC स्टेशन बिल्डिंग और सर्विस बिल्डिंग में मरम्मत का काम। (प्रकलन सं. 255-2025) |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 1,47,00,748.11 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 2,23,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.01.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |


नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3984/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





न्यूज ब्रीफ

### प्रापर्टी डीलर ने दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवां तहसील क्षेत्र में भूमि की मेड़बंदी को लेकर विवाद सामने आया है। गुलमोहर ग्रीन हाउसिंग प्रालि के निदेशक फैजान अहमद ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 18 दिसंबर को राजस्व टीम ने मेड़बंदी की थी। 19 दिसंबर की दोपहर कंपनी के कर्मी शमशाद अहमद तय सीमा के अनुसार चौहद्दी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदपुर निवासी मुशर्रफ, कलाम सहित चार-पांच अज्ञात लोगों ने मौके पर पहुंचकर काम बंद करा दिया। निदेशक ने यह भी उल्लेख किया है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

### विवाहिता लापता, पति ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर क्षेत्र से एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी करीब एक माह पूर्व उसके बहनोई गंगाराम के घर आई और वहीं रह रही थी। इसी दौरान वह मजदूरी के लिए बाहर चला गया था। पति के अनुसार, उसकी अनुपस्थिति में उसकी पत्नी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ कहीं चली गई है।

### इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने 10 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। गैंगस्टर एक्ट में वांछित संजय गौतम को बरैया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

### युवक तीन दिन से लापता

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** पड़ोसी के साथ बाइक से निकला युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रजनापुर निवासी इंद्रेश कुमार फतेहपुर के मोहल्ला काजीपुर में परिवार के साथ ससुराल में रहता है। परिजनों के अनुसार इंद्रेश 21 दिसंबर को पड़ोसी मुकेश गौतम के साथ बाइक से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

### ज्योति कलश यात्रा का किया गया स्वागत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का गनेशपुर क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। कलश रथ के आगमन पर श्रद्धालुओं ने गायत्री माता और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर परिवार की कल्याण की कामना की और शांतिकुंज की टोली का तिलक लगाकर सम्मान किया। कलश यात्रा सूरतगंज, रानीगंज, लोधौरा, गणेशपुर होते हुए रामनगर पहुंची। ललिता माता मंदिर में प्रवचन और आयुषी त्रिपाठी के भजन गायन ने कार्यक्रम को और मनोहारी बना दिया।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 1.20 लाख की ठगी

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** खुद को आउटसोर्सिंग कंपनी का संचालक बताते हुए सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने एक युवक से एक लाख 20 हजार रुपये ठग लिए गए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

उधौली निवासी हरिशंकर सोनी ने पुलिस को बताया कि अमरेन्द्र शर्मा निवासी हरदोई ने स्वयं को आउटसोर्सिंग कंपनी का संचालक बताते हुए हरदोई में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पद पर नौकरी दिलाने की बात कही और इसके लिए एक लाख 20 हजार रुपये सिक्योरिटी के रूप में जमा करने को कहा, साथ ही 30 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन का लालच दिया। आरोप है कि 2 अगस्त 2024 को पीड़ित ने आरोपी को 60 हजार रुपये ऑनलाइन तथा 60 हजार रुपये नकद दिए। इसके बाद आरोपी ने एक फॉर्म भरवाया और आधार कार्ड व शैक्षिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति लेकर ज्वाइनिंग लेटर आने का भरोसा दिलाया। करीब आठ महीने बीत जाने के बाद भी ज्वाइनिंग लेटर नहीं आया तो पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी ने कथित तौर पर धमकी दी। तब जाकर ठगी का एहसास हुआ। लगातार पुलिस तक दौड़भाग के बावजूद कोई सुनवाई न होने पर उसने कोर्ट की शरण ली।

## लखनऊ के चार शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस टीम ने 4 शातिरों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, हथगोला, मोबाइल व नकदी बरामद हुई है।

पुलिस टीम ने ओबरी जंगल के पास से शुभम चौहान, राहुल गौतम व संदीप कुमार, मोहम्मद दानिश सभी निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 6 हथगोला, एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, 3 मोबाइल फोन, नकद रुपये नकद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का एक गिरोह है, जो चेन स्नेचिंग, छिनैती, चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देता है। यह सभी बाराबंकी में घटनाओं को करने की फिराक में थे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# रोशन हुए गिरजाघर, गूंजी कैरोल की धुन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



एमबी कॉलेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार



जगमगाता मेथोडिस्ट चर्च।

**अमृत विचार :** क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जिले भर के चर्च रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से जगमगा उठे। चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया और आधी रात को प्रभु यीशु के जन्म के अवसर पर कैरोल धुन और प्रभु यीशु की आराधना के साथ जश्न का माहौल चारों ओर फैल गया।

स्कूलों और शहर के चर्चों को मोमबत्ती और बिजली की रंगीन रोशनी से सजाया गया। इस दौरान लोग बाजारों में क्रिसमस के सजावटी सामान खरीदते नजर आए। घरों में भी क्रिसमस ट्री और झांकियों की सजावट ने माहौल को और भी मनोहारी बना दिया। शहर स्थित मेथोडिस्ट चर्च की सजावट विशेष रूप से आकर्षक रही। सेंट एंथोनी चर्च में सजावट का क्रम चला। और प्रभु यीशु के जन्म की झांकी सजाई गई। जैसे-जैसे आधी रात का समय नजदीक आया, चर्च में उपस्थित लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। सेंट एंथोनी चर्च में विशेष पूजा हुई और यीशु के जन्म की घड़ी नजदीक आते ही पूरा परिसर मेरी क्रिसमस की गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने केक काटकर जश्न मनाया। बच्चों ने हम करवाहे नाचे झुमके... बालक यीशु नमन तुम्हें... जैसे गीतों और नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। फादर प्रकाश शोरेंग ने उपस्थित लोगों को क्रिसमस का महत्व बताते हुए पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा एमबी कॉलेज अलावा सियोन चर्च, आनंद भवन स्कूल स्थित चर्च, एबीसी चर्च और अलमायटी चर्च में भी प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन हुए।

# सौतेले बेटे समेत छह को उम्रकैद

## दरियाबाद के मथुरानगर में संपत्ति विवाद में 11 वर्ष पूर्व हुई थी दंपति समेत चार की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** करीब 11 साल पहले सम्पत्ति विवाद में सौतेले माता-पिता समेत परिवार के चार सदस्यों की सामूहिक हत्या को अंजाम देने वाले पुत्र, उसकी पत्नी समेत छह अभियुक्तों को न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन्हें 75-75 हजार रुपये जुर्माना भी अदा करना होगा।

बताते चलें कि 10 फरवरी 2014 को दरियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरानगर गांववासी शिवबरन, पत्नी रानी, बेटी गुड़िया व बेटे निर्मल के शव घर में पड़े मिले थे। देखकर स्पष्ट हुआ कि इनकी हत्या की गई थी। घर पहुंचे शिवबरन के रिश्तेदार मनोज वर्मा ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। दो



दिन बाद ही पुलिस ने मृतक शिवबरन की पहली पत्नी के पुत्र चंद्रशेखर से पूछताछ की तो सारा राज सामने आ गया। इसी बीच पुलिस के हत्थे चंद्रशेखर की पत्नी जनकलली, साला राजू वर्मा के अलावा हत्या में शामिल जितेन्द्र, दिनेश गौतम व अर्जुन सिंह भी चढ़ गए। यह भी मालूम हुआ कि सामूहिक नरसंहार की यह वारदात सम्पत्ति के फेर में अंजाम दी गई थी।

### हत्या के लिए दी थी चार लाख की सुपारी

मृतक शिवबरन के सौतेले बेटे चंद्रशेखर ने पत्नी संग बातचीत के बाद भाड़े पर हत्यारे तलाशे। पत्नी जनकलली ने अपने भतीजे राजू वर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी। राजू वर्मा ने जितेन्द्र, दिनेश गौतम व अर्जुन सिंह के नाम सुझाए। इन्हे बतौर पेशगी 20 हजार रुपये दिए गए वहीं सुपारी की रकम चार लाख तय हुई। घटना के दिन ये सभी शिवबरन के घर पहुंचे और खाना खाने जा रहे परिवार की दिनदहाड़े धारदार हथियार से हत्या कर दी। करीब तीन दिन तक शव घर में ही पड़े रहे। घटना का पता 10 फरवरी को चला, जब रिश्तेदार मनोज घर पहुंचा।

शिवबरन ने तीन शादियां की थीं। कुछ समय बाद वह बीमार हुआ तो दवा के लिए जमीन बेच डाली। शिवबरन की पहली पत्नी के बेटे चंद्रशेखर को लगा कि उसका पिता सब जमीन बेच डालेगा और उसके हाथ कुछ नहीं आएगा। इसके बाद चंद्रशेखर ने पत्नी जनकलली के साथ साजिश रची कि सौतेले पिता व परिवार को मिटा दिया जाए। इस तरह वह अकेला वारिस बचेगा और संपत्ति उसकी हो जाएगी।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश बहादुर सिंह ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। बुधवार को इस प्रकरण में दोषसिद्ध चंद्रशेखर, जनकलली, राजू वर्मा, जितेन्द्र, दिनेश गौतम व अर्जुन सिंह को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

## तकनीकी खराबी से बंद रही क्रॉसिंग

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार की सुबह भिटरिया-दरियाबाद मार्ग पर तकनीकी खराबी से रेलवे क्रॉसिंग का गेट समय पर न खुलने से कुछ देर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बता दें कि दिल्ली से अयोध्या जा रही पद्मावत एक्सप्रेस (14206) के गुजरने के बाद भी क्रॉसिंग का गेट बंद ही रहा। गेट न खुलने पर गेटमैन ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। रेलकर्मी मौके पर पहुंचे और आपातकालीन बैरियर व्यवस्था का उपयोग किया। इसी दौरान अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना किया गया। दरियाबाद रेलवे स्टेशन अधीक्षक एसके राय ने बताया कि क्रॉसिंग गेट का मोटर खराब हो जाने के कारण समस्या उत्पन्न हुई थी। तकनीकी टीम द्वारा तत्काल मरम्मत कर ली गई है।

## टोकने पर युवक ने महिला पर चाकू से किया हमला

निन्दूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आपसे में लड़ाई कर रहे सगे भाइयों ने टोकाटोकी करने पर महिला पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं पति को भी चाकू दिखाया और धमकी दी। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी वहां से भागे। पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार घुंघटेर थाना क्षेत्र के हाशिमनगर मजरे दीनपनाह गांव की रहने वाली सुनीता पत्नी देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि 22 दिसंबर को देर रात उसके पड़ोसी कन्हैया लाल व संतोष आपस में झगड़ रहे थे। सुनीता ने अपने दरवाजे से झगड़ा न करने की बात कही, जिस पर संतोष आगबबूला हो गया और मारने के लिए दौड़ पड़ा। आरोप है कि विरोध करने पर संतोष ने सुनीता पर चाकू से वार कर दिया, जो उसके चेहरे पर लगा और उसे गंभीर चोट आईं। महिला को बचाने आए पति देवेंद्र को भी चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। श्

किसी तरह पति ने भागकर जान बचाई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। कुछ देर बाद संतोष दोबारा पीड़िता के दरवाजे पर पहुंचा और जान से मारने की धमकी देने लगा। स्थिति गंभीर देखकर पीड़िता के पति ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गया।

## मांगों के समर्थन में भाकियू का प्रदर्शन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील इकाई हैदरगढ़ के किसानों ने 20 सूत्री मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई न होने पर बुधवार को तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में रेलवे ब्रिज निर्माण, बिजली बिल संशोधन, राशन कार्ड संबंधी समस्याएं और अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर किसानों ने आवाज उठाई। उप जिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने किसानों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर एक सप्ताह में संबंधित विभागों से समाधान का आश्वासन दिया।

## बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बुधवार को विहिप और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका से जन आक्रोश रैली निकाली। रैली दोपहर करीब एक बजे पटेल चौराहे पर पहुंची, जहां प्रदर्शन उग्र रूप में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस तथा इस्लामिक आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंका गया।

प्रदर्शन में बजरंग दल प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख अखिलेश प्रताप, जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य, जिला मंत्री राहुल कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अमित गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल विक्रम, सहसंयोजक विनय वर्मा, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका लीना, विभाग संयोजक अखंड प्रताप, सहसंयोजक ब्रह्म प्रकाश, जिला सहमंत्री वीरेंद्र, नगर मंत्री अभिनव, नगर सह मंत्री सौरभ, तुलसीराम चौहान पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह आदि थे।



बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंकते विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महादेवा ने मरकामऊ को हराया

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** महादेवा मेला मैदान पर भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी समारोह के तहत आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। प्रतियोगिता में महादेवा, मरकामऊ, सहादतगंज, चौखंडी, किंतूर, जैदपुर और बदोसराय की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला महादेवा और मरकामऊ के बीच हुआ, जिसमें महादेवा की टीम विजेता बनी। विजेता टीम को ट्रॉफी और 11 हजार रुपये, जबकि उपविजेता को ट्रॉफी और 2,100 रुपये नगद प्रदान किए गए।



दोनों टीमों के साथ मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने क्रिएटर को 7 विकेट से हराया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को अंडर-12 एवं अंडर-16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन किया गया। बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ. चौधरी अहमद जावेद ने आगामी क्रिकेट सत्र की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जतिन वर्मा, चेयरमैन अख्तर अजीज खान, कोषाध्यक्ष राजेश अरोड़ा 'बब्बू', ज्वाइंट सेक्रेटरी अंकुर माथुर, जावेद अजहर, मोहम्मद आसिफ, लोकेश शुक्ला व लॉर्डस बालाजी क्रिकेट अकादमी के कोच इरफान खान मौजूद रहे। उद्घाटन मैच क्रिएटर क्रिकेट अकादमी और ध्रुव क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी क्रिएटर की टीम 33 .5 ओवर में 97 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने समर्थ के 43 रन और देवांश के नाबाद 34 रनों की बदौलत तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

## शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक से मिला और शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में समाधान करने की मांग की। अध्यक्ष ने मांग की कि नेटवर्क की समस्या के चलते ऑनलाइन एमडीएम न दे पा रहे स्कूलों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न की जाए बल्कि नेटवर्क की समस्या का समाधान किया जाए, अवकाश के दौरान प्रशिक्षण न कराया जाए, शीतकालीन अवकाश के दौरान बीएलओ द्वारा किये गए कार्य के एवज में अतिरिक्त अवकाश प्रदान किया जाए।



एसडीएम को ज्ञापन देते हिंदूवादी संगठन। ● अमृत विचार

### हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ स्थानीय हिंदूवादी संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने देश के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह को सौंपा और बांग्लादेश का पुतला फूंका। संगठनों का आरोप है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को जबरन मुस्लिम बनाने का प्रयास किया जा रहा है और विरोध करने वालों को मार दिया जा रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद् ने पांच सूत्रीय मांग पत्र, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ज्ञापन सौंपकर इस मुद्दे पर कड़े कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामनाथ सोनी, राजीव नयन तिवारी, धनीराम गुप्ता, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक दौरान मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



श्रद्धांजलि देते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### प्रभातफेरी निकाली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** वीर बाल दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को श्री राम जानकी मंदिर में साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया। सरदार चरनजीत सिंह ने कहा कि चार साहिबजादों का बलिदान हमेशा याद किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा, हरगोविंद सिंह, सरदार भूपेंदर सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, कार्यक्रम संयोजक प्रमोद तिवारी, नवीन राठौर, राजेश वर्मा, सरदार सतनाम सिंह खालसा, सरदार प्रेमपाल सिंह आदि थे।



एक-दूसरे को पटकनी देने का प्रयास करते पहलवान।

### पहलवानों ने दिखाये दांव-पेच

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** पलिया पशु मेला व नुमाइश परिसर में बुधवार को दो दिवसीय दंगल का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन चेयरमैन हैदरगढ़ आलोक तिवारी ने किया। पहला मुकाबला सुल्तान वारसी बाराबंकी और शाका (राजस्थान) के बीच हुआ, जिसमें सुल्तान विजयी रहे। दूसरे मुकाबले में बिल्ला (गोरखपुर) ने बाबा शक्तिमान (मेरठ) को पराजित किया। तीसरे मुकाबले में चिन-चिन डोगरा (भूटान) ने उत्तम को मात दी। राजेश ने भूरा/मूरा (उत्तराखंड) को चित किया। थापा (नेपाल) ने देवा (बनारस) को हराया। अंतिम मुकाबले में बाबा बजरंगी (अयोध्या) ने हादसा (राजस्थान) को पटकनी दी। रेफरी की भूमिका साबिर पहलवान ने निभाई, जबकि पवन तिवारी ने कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।



बच्चों को स्वेटर वितरित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट।

### छात्रों को निःशुल्क स्वेटर वितरित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय बदोसराय में मेधावी छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क स्वेटर वितरित किये गये। मुख्य अतिथि एसडीएम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के . और विशिष्ट अतिथि डायट मेंटर आरपी यादव थे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि इस वर्ष प्रत्येक कक्षा के 10-10 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए गए, कुल 50 छात्र-छात्राओं को लाभ मिला। इस अवसर पर प्रधान निसार मेंहदी, प्रधानाध्यापक धर्मराज, शिक्षिकाएं पूजा गुप्ता, पूनम वर्मा, आरफा खातून, शबीना इब्राहिम, संगीता, अर्शिया खातून आदि मौजूद रहे।



भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूपों की आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### धनुष भंग लीला का मंचन

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** कटरा स्थित राम चबूतरा पर मंगलवार रात धनुष भंग प्रसंग का मंचन किया गया। भगवान राम ने शिव का धनुष तोड़ा और सीता जी ने राम को जयमाला पहनाई। बुधवार को बैंड-बाजा व डीजे के साथ राम बारात निकाली गई। हनुमान मंदिर में बाबा रामलाल दास ने चारों भाइयों के चरण धोकर भोग लगाया और आरती उतारी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रेम नन्द वर्मा, कोषाध्यक्ष देवी शंकर सोनी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस का किया गया आयोजन

# अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचा रही सरकार : शर्मा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर नगर पंचायत में बुधवार को सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन की मिसाल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अटल जी के विचारों को आत्मसात कर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक साइकिल और ट्राई साइकिल सहित सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, किया गया। पायका मैदान स्टॉलो लगाये गये थे। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत, ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पूरेडलई रत्नेश सिंह, टिकैतनगर अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, तहसीलदार शशांक उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी आदि थे।



विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा व अन्य।



101 दीपक प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### जयंती की पूर्व संध्या पर याद किए गए अटलजी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अटल बिहारी बाजपेई की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा जिला कार्यालय पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपाइयों ने अटल जी के चित्र के सम्मुख 101 दीपक जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन, संतोष सिंह, प्रमोद तिवारी, विजय आनंद बाजपेई, डॉ . अवधेश वर्मा, रामेश्वरी त्रिवेदी, अरुण रावत, अनूप यादव, अमित वर्मा, ब्रजेश रावत, ओम प्रकाश वर्मा, इंद्र मणि उपाध्याय, डॉ . सुधाकर सोनी आदि थे।

# क्रिसमस पर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे गिरजाघर

## रात में 12 बजते ही जिंगल बेल की धुन बजने लगी, प्रभू ईशू के जन्मदिवस पर लोगों ने प्रार्थना की

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर गिरजाघर बुधवार शाम से ही रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। जैसे ही रात में घड़ी की दोनों सुई 12 पर पहुंचीं वैसे ही चर्चों में जिंगल बेल की धुन बजने लगी। प्रभू ईशू के जन्मदिवस पर लोगों ने प्रार्थना की।

शहर के मैथोडिस्ट सहित अन्य चर्च में सैकड़ों मोमबत्तियां एक साथ जगमगा उठीं और गिरजाघरों से लेकर घरों तक में 'जिंगल बेल-जिंगल बेल' गीत गूंजने लगा। 'आज पैदा हुआ है मसीहा दुनिया को बताएंगे' और 'शोर दुनिया में हो गया, आज पैदा मसीह हो गया' जैसे गीतों ने सभी को ईशू के जन्म की खुशी का अहसास कराया। ईशा मसीह के जन्म की खुशी के गीतों के बाद बाइबिल का पाठ किया गया। साथ ही प्रभू के धरती पर जन्म लेने के उद्देश्य पर विस्तार से बताया। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी और एक-दूसरे को केक खिलाकर मुंह मीठा कराया।



रंग-बिरंगी झालरों से जगमगाता गिरजाघर। अमृत विचार



गिरजाघर में होती सजावट। अमृत विचार

### गिफ्ट सेंटरों में रही भीड़ केक की खूब हुई बिक्री

शहर की वीडी मार्केट के गिफ्ट सेंटर में लोगों की खासी भीड़ रही। यहां लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस डे की बधाई देने के लिए गिफ्ट खरीदे। दुकानदार अरुण ने बताया कि उनके यहां 100 से 500 रुपये तक के उपलब्ध उपहारों की लोगों ने खूब खरीदारी की। वहीं, ब्रेकरी संचालक नवीन ने बताया कि एक सप्ताह पहले से ही लोग बुकिंग कराने लगे थे।

## एसपीजेडी में मनाया गया क्रिसमस व अटल जयंती

**शुक्लागंज।** राजधानी मार्ग स्थित श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में बुधवार को क्रिसमस व अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। अकस्मात सांता क्लास सभी कक्षाओं में पहुंचे और छात्राओं को उपहार देकर खुशियां बांटी। सांता क्लास ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा। प्रधानाचार्य नेहा मिश्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन, प्रेम व त्याग की महिमा पर प्रकाश डाला।



एसपीजेडी में केक काटते बच्चे। अमृत विचार

## अंबिका स्कूल में हुआ क्रिसमस कार्निवल



क्रिसमस कार्निवल वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते अंबिका स्कूल के बच्चे।

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** बुधवार को अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल व लिटिल किंगडम विद्यालय परिसर में भव्य क्रिसमस कार्निवल वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों व नगर वासियों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध संगीतकार व कवि दीपक बलानी (नैनीताल, उत्तराखंड) रहे। उद्घाटन अवसर पर प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की रचनात्मकता व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है। कार्निवल में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल, गेम स्टॉल, संगीत व नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने ऊंट की सवारी का भी आनंद लिया। इस दौरान लकी ड्रॉ का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम पुरस्कार सैमसंग टीवी, द्वितीय मिक्सर ग्राइंडर व तृतीय डिनर सेट दिया गया। जबकि 10 लकी विजेताओं को सांत्वना पुरस्कार दिये गए। प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने कार्निवल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया।

## डॉन बॉस्को स्कूल में क्रिसमस की धूम

**उन्नाव, अमृत विचार।** क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर डिवाइन मिशन व डॉन बॉस्को स्कूल में ईसा मसीह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय संचालिका प्रतिमा सहाय ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने हमें प्रेम, अहिंसा व सत्य का संदेश दिया। राता लबिया गीत पर अमायरा व कनिष्का का नृत्य अत्यंत सराहनीय रहा। लेजा-लेजा गीत पर संजल, आरोही, वार्षिका, अंशिका व आराध्या ने मनमोहक प्रस्तुति दी। साज-सज्जा में तरन्नुम का विशेष योगदान रहा। संचालन शिवानी ने किया। कार्यक्रम में निदा, अम्बरा, पूनम, सोनी किरण व आरपीआदि का विशेष सहयोग रहा। प्रबंधक शतायु सहाय ने बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों को क्रिसमस की बधाई दी।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने बनाया क्रिसमस ट्री

चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज आवास विकास कॉलोनी उन्नाव में क्रिसमस का प्रोग्राम हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों ने क्रिसमस ट्री बनाकर और सांता क्लास बन कर टॉफी बांटी। विद्यालय के मैनेजर मो. सैफ व मो. कैफ ने बच्चों को क्रिसमस के बारे में बताया और प्रिंसिपल सबिया खातून ने बच्चों को टॉफी व गिफ्ट का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन निदा व नेहा के द्वारा किया गया।

## अटल जी की याद में सजी काव्य संध्या

**उन्नाव, अमृत विचार।** भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के बैनर तले शहर के निराला प्रेक्षागृह में आयोजित 'अटल काव्य संध्या' में साहित्य प्रेमियों व बुद्धिजीवियों की भीड़ रही। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी वाणी से शमां बांधा। वहीं राजनीतिक दिग्गजों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालकर उन्हें नमन किया।



कवितापाठ करते कवि अभय सिंह निर्भीक। अमृत विचार

- निराला प्रेक्षागृह में उमड़ा साहित्यकारों का सैलाब

कार्यक्रम में जिले की साहित्यिक संस्थाओं ने जिले में 'अटल साहित्यिक भवन' के निर्माण व अटल जी की आदमकद प्रतिमा लगवाने की मांग की। साहित्यकारों का कहना था कि जिले में एक ऐसा केंद्र होना चाहिए जहां रचनाकार अपनी रचनात्मक गतिविधियों का संचालन कर सकें। इस मांग को लेकर साहित्यकार 26 दिसंबर को सुबह सदर विधायक पंकज गुप्ता को ज्ञापन सौंपेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि व प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजकों को बधाई दी। एससीएसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूनम द्विवेदी सदस्य महिला आयोग, राकेश तिवारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, देवेश कोरी, भारत दीक्षित व गिरीश मिश्रा सहित कई नेता मौजूद रहे। विश्वनाथ तिवारी 'विश्व' के संचालन में कवि अनिल चौबे, इटावा के कमलेश शर्मा, अयोध्या की रुचि दुबे व लखनऊ के गिरीश अवस्थी ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजक कवयित्री प्रियंका शुक्ला ने सभी का आभार जताया। साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिए आरपी वर्मा 'सरस' (आचमन), प्रभात सिन्हा (संस्कार भारती), विनय दीक्षित (शब्द शुद्धि गंगा अभियान), डॉ. गौरव अवस्थी, रामबोध शुक्ला व अन्य को सम्मानित किया गया। सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता, युवा नेता विनय सिंह, प्रदीप सिंह, पवन सिंह, भाजपा महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, अनुज पांडेय, मनीष जायसवाल, बउवा अवस्थी, कमल बाजपेई, महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना दीक्षित, निशा अग्निहोत्री, प्रीती शर्मा, विमला कुरील, श्रृद्धा बाजपेई व सरिता सिंह मौजूद रहे।

## स्कूली वाहनों की हो सघन जांच : डीएम

**उन्नाव, अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा सीधे तौर पर जनजीवन से जुड़ा विषय है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे के स्कूलों और कॉलेजों के पास सुरक्षित बस स्टैंड चिन्हित किए जाएं। उन्होंने कानपुर-लखनऊ हाईवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उचित स्थलों पर बस स्टैंड बनाने का प्रस्ताव दिया। साथ ही नवाबगंज कट का पुनः निरीक्षण कर जरूरी सुधार करने की बात कही। डीएम ने कहा कि स्कूलों में संचालित होने वाले वाहन हर हाल में मानकों के अनुरूप होने चाहिए। उन्होंने डीआईओएस व एआरटीओ को निर्देश दिया कि जो वाहन अनफिट हैं या अवैध रूप से चल रहे हैं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। डीएम ने तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक माल ढोने वाले वाहनों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरतते हुए चालान करने के निर्देश दिए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**नवाबगंज।** दही थानाक्षेत्र के कुमेदान खेड़ा गांव निवासी अमित लोध (32) पुत्र रामऔतार मजदूरी कर अपना परिवार पालता था। बुधवार सुबह वह अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव निवासी ममेरी बहन गीता के बीमार पति संतोष इलाज के लिए 5000 रुपये देकर लौट रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र लखनऊ-कानपुर हाईवे पर कमला होटल सामने पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। लोगो की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने उसे नवाबगंज सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी। अमित दो भाइयों में छोटा था।

## छात्रों ने पढ़ाया यातायात का पाठ



बाइक सवार को दिया जाता गुलाब का फूल। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** सड़क हादसों में हो रहीं जानमाल की क्षति को देखते हुए गांव रनियामऊ में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें शिक्षकों व छात्रों ने राहगीरों (वाहन चालकों )को गुलाब का फूल देकर यातायात का पाठ पढ़ाया। कंपोजिट स्कूल रनियामऊं के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे इस प्रयास को अभिभावकों व शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों ने भी सराहा। शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि घने कोहरे व भीषण सर्दी से दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही हैं। इनसे बचने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। बीईओ अनीता शाह ने जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अच्छा प्रयास बताया। इसमें संजीव संखवार, देवेन्द्र त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, अनूप साहू, कृपा शंकर, मनोज कुमार, राधा देवी, सरोजनी देवी आदि ने सहयोग किया।

### ट्रांसगंगा सिटी में बिजली कटने पर आक्रोश

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** ट्रांसगंगा सिटी से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति काटे जाने से 26 गावों के ग्रामीण परेशानियों का सामना कर रहे हैं। पवार हाउस ट्रांसगंगा सिटी से संचालित लाइन को काटकर ऐरा भदियार सबस्टेशन से जोड़ दिए जाने के बाद लो वोल्टेज, बार-बार फाल्ट व अधिक कटौती की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे शंकर पुर सरायं, पिपरी, मुस्कापुर, भवनीखेड़ा, पृथ्वीखेड़ा, बनी, मूरतखेड़ा, सन्नी, गरेरेपुर, भटपुरवा, पंचमपुरवा सहित गंगा बैराज किनारे कटरी के गांवों की 70 से 80 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। एक्सईएन भरत गौतम ने बताया कि कुछ दिनों से ट्रिपिंग की समस्या थी। इसके बाद गावों को ऐरा भदियार से जोड़ा गया है। समस्या समाप्त होते ही दोबारा ट्रांस गंगा सिटी से लाइन जोड़ी जायेगी।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बेबी मिश्रा पत्नी स्व अशोक कुमार मिश्रा निवासी –मोहल्ला तकिया/ नौनिहालगंज बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे दिनांक 12–12–2025 को अपने आवेदन पत्र के साथ अपने पति अशोक कुमार मिश्रा का मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र व सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत का यह उल्लेख किया है कि प्रार्थिनी के पति अशोक कुमार मिश्रा पुत्र उमा शंकर मिश्रा के नाम मोहल्ला तकिया/नौनिहालगंज बाँगरमऊ पालिका कर पंजिका मे भवन नम्बर 428/24 मे नाम दर्ज चला आ रहा है। प्रार्थिनी के पति अशोक कुमार मिश्रा की मृत्यु दिनांक 31–08–2025 को हो जाने के बाद उनके नाम दर्ज भवन नम्बर 428/24 को पारिवारिक सदस्यताप्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती बेबी मिश्रा पत्नी स्व अशोक कुमार मिश्रा, आयुष मिश्रा, पूर्णिमा मिश्रा पुत्र/पुत्री स्व0 अशोक कुमार मिश्रा के नाम से नगर पालिका कर पंजिका में कर की अदायगी के लिए दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र व सहमति शपथ के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ उन्नाव**


## बांग्लादेश सरकार के खिलाफ व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन, पुतला फूंका

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** बुधवार को पोनी रोड के व्यापारियों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने पोनी रोड पर बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका और नारेबाजी की। व्यापारी नेता जयपाल साहू ने कहा कि बांग्लादेश सरकार नफरत की राजनीति फैलाकर वहां रह रहे हिंदुओं को असुरक्षित कर रही है। आरोप लगाया कि हिंसा की घटनाओं में हिंदुओं को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। जयपाल साहू ने भारत सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश में हस्तक्षेप कर वहां हो रही हिंसा को रोकना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान पुत्तीलाल वर्मा, रवि शंकर गुप्ता, मुन्ना सोनी, गणेश वर्मा, राजेश रावत, इलू गुप्ता, राम सनेही, संजय, राजू सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### न्यूज ब्रीफ

**पूर्व पीएम व महामना की मनाई गई जयंती**

**शुक्लागंज।** बुधवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र के दौरान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद व समाज सुधारक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शिव सिंह व मनोज सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद दोनों महापुरुषों के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। हिंदी प्रवक्ता ने उद्बोधन में महामना मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों व पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इसमें विद्यालय परिवार की सहभागिता सराहनीय रही।

**दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को 10 साल की सजा**

**उन्नाव।** बांगरमऊ निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 अगस्त-2018 की शाम 7 बजे उसकी 9 वर्षीय बेटी एक दुकान से सामान लेकर लौट रही थी तभी एक किशोर ने बेटी से दुष्कर्म किया। बेटी की आवाज सुन पास में पानी के बताशे बेचने वाला वहां पहुंचा तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जिसमें आरोपी की उम्र 17 साल 11 माह बताई गई थी। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र कर 23 अक्टूबर-2018 को चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद वाजपेई की दलील व पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दुष्कर्म का प्रयास करने का दोषी मान उस को 10 साल की सजा के साथ 5000 का जुर्माना लगाया।

**राष्ट्रीय परिषद सदस्य का हुआ स्वागत**

**शुक्लागंज।** पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजकिशोर रावत को भाजपा ने राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित अंबिकापुरम में उनका भव्य स्वागत हुआ। स्वागत करने वालों में केडी त्रिवेदी, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, सुरेश शुक्ला, प्रमोद पासी, मोहित तिवारी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

**पति का शव लेकर चौराहे पर बैठी पत्नी**

**शुक्लागंज।** गंगाघाट के इंद्रा नगर में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक बीमार किरायेदार किसी कारणवश किराया नहीं दे पाया तो मकान मालिक ने उसे घर से निकाल दिया। बुधवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई तो मकान मालिकों ने अपने घर के सामने शव नहीं रखने दिया। जिस पर महिला पति का शव लेकर चौराहे पर बैठी रही। मूल रूप से फतेहपुर निवासी 50 वर्षीय विनोद पुत्र धनीराम बीते 20 वर्षों से इंद्रा नगर में किराए के मकान में रहकर रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। पत्नी अनीता ने बताया कि करीब 7-8 दिन पहले विनोद की अचानक तबीयत बिगड़ गई इसके बाद उन्हें कानपुर में भर्ती कराया गया। बुधवार सुबह इलाज के दौरान विनोद की मौत हो गई। दुख की इस घड़ी में भी परिवार को अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा।

**डीसीएम में घुसी कार तीन लोग घायल**

**शुक्लागंज।** कानपुर के श्याम नगर निवासी रूपेश खन्ना अपने साथी विजय नगर निवासी सुनील श्रीवास्तव के साथ कार से कानपुर लौट रहे थे। दोपहर दो बजे शुक्लागंज के धोबिन पुलिया अंबिका स्कूल के सामने अचानक रूपेश को चक्कर आ गया। इससे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से जा टकराई। कार सवार दोनों युवक घायल हो गए। वहीं पास से साइकिल से गुजर रहे कंचन नगर निवासी रामचंद्र भी कार की चपेट में आकर घायल हो गए।

कार्यक्रम | शहरियों को वेस्ट टू वण्डर' पार्क के रूप में मिली अटल उपवन की सौगात

# अटल की प्रतिमा का किया गया अनावरण

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को शहर के पीडी नगर सेक्टर-सी में नवनिर्मित अटल उपवन वेस्ट टू वण्डर पार्क का लोकार्पण व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह उपस्थित रहीं।



पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का अनावरण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, मोहान विधायक बृजेश रावत व नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा। अमृत विचार

बता दें कि करीब 5 हजार वर्गमीटर में फैला यह पार्क 'वेस्ट टू वण्डर' की अवधारणा पर आधारित है। इसमें शहर के अनुपयोगी व व्यर्थ सामान का उपयोग कर आकर्षक कलाकृतियां व संरचनाएं बनाई गई हैं। यह पार्क न केवल बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों के टहलने व मनोरंजन का केंद्र बनेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश भी देगा। लोकार्पण पर शकुन सिंह व अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने अटल जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, दूरदर्शिता व सुशासन की विरासत को याद किया। इस दौरान उनके विचारों को आमजन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। इस दौरान डीएम गौरांग राठी, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अमिताभ यादव, मोहान विधायक बृजेश रावत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, प्रवीण मिश्रा 'भानू', आनंद अवस्थी, साधना दीक्षित, शशांक शेखर सिंह सनी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, आशादीन तिवारी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी, जनपद–उन्नाव

पत्रांकः– 265/15वाँ वि0आ0नि0अनु0–प्र0–द्वि0कि0/नि0सू0/न0पं0फते0–84/2025–26 दिनांकः– 23/12/2025

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी, उन्नाव में कतिपय आपूर्ति कार्य हेतु समस्त निर्माता फर्मों से वित्तीय वर्ष 2023–24 में शासनादेश संख्या–8/5972/320(4)/15वाँ वि0आ0/2023–24 लखनऊ, दिनांक– 27 मार्च, 2025 के क्रम में 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम व द्वितीय किश्त) की धनराशि के सापेक्ष जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक पत्र संख्या–3973/21–एल0बी0सी0/2025 दिनॉक–25.07.2025 में स्वीकृत मदों से दिये गये विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहर बन्द निविदा दिनांक–05/01/2025 को दोपहर 12:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के सभागार कक्ष में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन समय सायं 3:00 बजे अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय के समक्ष अपूर्ति फर्मों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदाओं के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद "अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी" के नाम बन्धक करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांक– 02/01/2025 को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में कार्यालय लिपिक से प्राप्त किये जा सकते है :–

| क0 सं0 | मद का नाम | कार्य सं0 | कार्य/सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (वस्तु एवं सेवा कर अतिरिक्त) | निविदा फार्म का शुल्क 18% G.S.T सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वाँ वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम एवं द्वितीय किश्त) | | | | | | | |
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 1. | नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी उन्नाव में 43.98 एच0पी0 इंजन की क्षमता वाले ट्रैक्टर की आपूर्ति। (01 अद्द) | 6,35,593.00 | 1271+229 (1500.00) | 63,560.00 | 1 माह |
| | | | कुल– | 6,35,593.00 | 1500.00 | 63,560.00 | 1 माह |

नोट :– अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय कार्य दिवस मे कार्यालय नगर पंचायत नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी से प्राप्त की जा सकती है।

(शिवेन्द्र कुमार वर्मा)
उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी
जनपद–उन्नाव

(मिथलेश कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी
जनपद–उन्नाव

**न्यूज ब्रीफ**

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। जिला लवकुश नगर के बैनर तले आयोजित इस मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और बांग्लादेश का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत नगर के शांति मिल चौराहे से हुई। यहां से बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता हाथों में झंडे व तख्तियां लेकर पैदल मार्च करते हुए निकले। यह मार्च नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए तिकोनिया पार्क तिराहे पर समाप्त हुआ। पूरे रास्ते कार्यकर्ता बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग को लेकर नारे लगाते रहे। पदाधिकारियों ने बांग्लादेश का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पड़ोसी देश में हिंदुओं के घरों, मंदिरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जाना निंदनीय है।

# सिर कुचलकर युवक की हत्या

## गल्ला मण्डी के पीछे पड़ा मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गल्ला मण्डी के पीछे युवक का लहूलुहान शव पड़ा मिला। उसकी सिर कुचलकर हत्या की गई थी। खून से सना शव पड़ा देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम ने भी मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से जरूरी पूछताछ की। देर शाम खबर लिखे जाने तक युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

बुधवार की भोर पहर नवीन गल्ला मण्डी के पीछे करीब 25 वर्षीय युवक का लहूलुहान शव पड़ा देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक का सिर बड़ी बेरहमी से कुचला गया था। एएसपी पूर्वी का कहना है कि जांच कर रही फोरेंसिक टीम ने कुछ क्लू तलाशे है, फिलहाल जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम।

### शराबखोरी या फिर होगा इश्कबाजी का चक्कर

अज्ञात युवक की हत्या के पीछे लोगों में तमाम तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवक ने मौत से पहले शराब पी थी। क्योंकि शव के पास अल्कोहल की दुर्गंध उठ रही थी। कुछ लोग इसे इश्कबाज़ी का नतीजा बता रहे हैं। लोगों ने बताया कि जहां पर युवक का शव पड़ा मिला है, वहां दिन-रात हर समय नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। अकसर वहां लोगों के बीच वाद-विवाद और मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस की उदासीनता से अराजक तत्व पूरे समय जमा रहते हैं।

### अत्यधिक कोहरे के चलते लोगों को नहीं लगी भनक

शाम होते ही कोहरे की चादर ने पूरा शहर अपने में ढक लिया, मंगलवार की शाम से ही काफी ज़बरदस्त कोहरा फैला हुआ था, लगभग उसी बीच वारदात हुई, ऐसा माना जा रहा है। जहां पर शव पड़ा हुआ था, वहां इधर-उधर सीसीटीवी कैमरे लगे होना बताए गए है, लेकिन कोहरे की वजह से कहीं की तस्वीरें साफ नहीं आ सकी, लोगों का कहना है कि कोहरे की वजह से लोगों की चहल-कदमी थम चुकी थी, लेकिन नशेड़ियों की आवाज़े सुनाई दे रहीं थी, उसी दौरान वारदात होना बताई जा रही है।

## शराब के साथ पी गया कीटनाशक, मेडिकल कालेज में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** नशे के लती अधेड़ शराब में कीटनाशक मिला कर गटक गया, वह अपने घर के बाहर पेड़ के नीचे पड़ा हुआ थख, पास में शराब की बोतल और कीटनाशक की खाली शीशी भी पड़ी हुई थी, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के कुइयां पिढ़ाता गांव निवासी 50 वर्षीय शिवपाल खेती-किसानी करता था। वह नशे का लती था, लेकिन कुछ साल लकवा होने पर डाक्टरों ने शराब बंद करने को कहा था, लेकिन उसने नहीं माना, वह हर दिन नशा करता था। बुधवार की भोर पहर देखा गया कि शिवपाल अपने घर के बाहर लगे पेड़ के नीचे पड़ा था, मुंह से झाग निकल यहा था, वहीं पास में शराब की बोतल और कीटनाशक की शीशी पड़ी थी, था। शिवपाल के बेटे ने बताया कि उसे सीएचसी ले गया, जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, वहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

## किराये के मकान में रह रही युवती ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर की आत्महत्या, 11 माह की है बेटी



**संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के एक मकान में किराए पर रह रही 29 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्सखेड़ा निवासी रेहाना पत्नी मेराज जोकि वर्तमान समय मे बेनीगंज नगर के मोहल्ला कबडियन टोला स्थित किराए के मकान में परिवार के साथ रह रही थी, बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अन्दर कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका रेहाना के एक 6 वर्षीय बालक व एक 11 माह की बालिका है, मृतका का मायका ग्राम मुन्नूखेड़ा थाना सण्डीला बताया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मामले की जांच की जा रही हैं, दोषियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी
पता–निकट विकास भवन बाराबंकी।

पत्रांक :– 1287 / ग्रा0अ0वि0 / ऑफलाइन / 2025–26 दिनांक–12.12.2025

1– महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बाराबंकी द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से श्रेणी ए0, बी0, सी0 एवं डी0 जिसके लिये अधिकृत है, जो प्रतिशत दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाताओं द्वारा एक या समस्त कार्यो की निविदायें ली जा सकती है –

ऑफलाइन निविदा

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 छोड़कर (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0 सहित (रूपया) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विकास खण्ड हरख के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 2 | विकास खण्ड हरख के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पनिहल में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 3 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धरौली में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 4 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सादामऊ में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 5 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वाजिदपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 6 | विकास खण्ड देवा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गढ़ीछतेहना में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 7 | विकास खण्ड देवा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अजगना में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 8 | विकास खण्ड देवा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कसेरूवा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 9 | विकास खण्ड बंकी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुम्हरौरा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 10 | विकास खण्ड बंकी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनेरा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 11 | विकास खण्ड बंकी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भनौली में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 12 | विकास खण्ड फतेहपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रालभारी में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 13 | विकास खण्ड फतेहपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंगहा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 14 | विकास खण्ड फतेहपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घघसी में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 15 | विकास खण्ड निन्दूरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिसई में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 16 | विकास खण्ड निन्दूरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भण्डार (देवरा) में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 17 | विकास खण्ड निन्दूरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ताहिरपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 18 | विकास खण्ड निन्दूरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कतुरीखुर्द में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 19 | विकास खण्ड सूरतगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पारा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 20 | विकास खण्ड सूरतगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रंजीतपुर (छेदा) में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 21 | विकास खण्ड सूरतगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोंडा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 22 | विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घौखरिया में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 23 | विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अछेछा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 24 | विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मड़ना में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 25 | विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमोलीकला में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 26 | विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मदारपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 27 | विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दरिगापुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 28 | विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरिहा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 29 | विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत श्यामनगर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 30 | विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुलहदेपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 31 | विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैफपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 32 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवनियापुर खेवली में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 33 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिल्हौर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 34 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महुलारा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 35 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमोली में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 36 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरवन टिकठा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 37 | विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तारापुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 38 | विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत इमिलिहा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 39 | विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नोहरेपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 40 | विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अलियाबाद में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 41 | विकास खण्ड पूरेडलई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आल्हनमऊ में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 42 | विकास खण्ड पूरेडलई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुखीपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 43 | विकास खण्ड पूरेडलई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसन्तपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 44 | विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नरदही में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 45 | विकास खण्ड सिद्धौर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भिटौरालखन में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 46 | विकास खण्ड सिद्धौर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भेड़िया में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 47 | विकास खण्ड सिद्धौर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गंगवाई पठान में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 48 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रनापुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 49 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेहटा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |
| 50 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 7.07 | 0.14 | 766 | 03 माह |

1. सम्बन्धित निविदा सूचना में अंकित कार्यो में बिड डाक्यूमेंट को तिथि 05.01.2026 से 12.01.2026 तक।
2. सम्बन्धित कार्यो की निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि व समय स्थान 13.01.2026 को दोपहर 12:00 तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल अयोध्या एवं जिलाधिकारी बाराबंकी कार्यालय में प्राप्त की जायेगी।
3. निविदा खोलने की अन्तिम तिथि 13.01.2026 को समय 12:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी में गठित समिति के सदस्यों/उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जायेगी।
4. निविदाओं से सम्बन्धित जानकारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी से की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बाराबंकी।

UP-242986 दिनांक 23.12.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# गर्भवती विधवा महिला की गर्भपात की दवा खाने से बच्चेदानी फटी, अस्पताल में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्भवती विधवा महिला की गर्भपात की दवा खाने से बच्चेदानी फट गई और उसकी मौत हो गई। महिला के पति ने कई वर्ष पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसकी 35 वर्षीय पत्नी बच्चों के साथ ससुराल में रह रही थी। महिला को पेट में तेज दर्द होने पर परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी मौत हो गई। देवर पेट दर्द से मौत होने की दलील देता रहा, लेकिन भाई की शिकायत पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसकी रिपोर्ट ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। सवायजपुर कोतवाली के एक गांव की 35 वर्षीय महिला के पति ने करीब आठ साल पहले फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। महिला अपनी तीन बेटियों के साथ ससुराल में रह रही थी। जैसा कि बताया गया है कि मंगलवार को अचानक महिला के पेट में तेज़ दर्द होने लगा। उसे बावन रोड पर एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां शाम को मौत हो गई। उसका शव ससुराल वाले उठा ले गए। महिला का मायका लखीमपुर खीरी में था, उसकी मौत की खबर सुनकर पहुंचे भाई ने यूपी-112 पर कॉल करते हुए बहन की मौत पर सवाल उठा दिया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए बुधवार को उसका पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यूटराइन रैपचर यानी बच्चेदानी के फटने से मौत होने की बात कही गई है। महिला करीब आठ महीने की गर्भवती थी, उसकी कोख में बच्ची पल रही थी। जैसा कि माना जा रहा है कि महिला ने विधवा के गर्भवती होने के लांछन से बचने के लिए गर्भपात के लिए दवाई खाई और उसी वजह से बच्चेदानी फट गई। इस तरह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने से तमाम तरह के सवाल किए जा रहे है, वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आठ महीने की बच्ची के भ्रूण को डीएनए टेस्ट के लिए किया गया प्रिज़र्व

पति के न रहते हुए विधवा पत्नी का गर्भवती होना और उसके बाद उसकी चौकाने वाली मौत होने के बारे में कोई कुछ भी अटकलें लगाए, लेकिन बच्चेदानी से बाहर आई करीब आठ महीने की बच्ची के भ्रूण को डीएनए टेस्ट के लिए लिए प्रिज़र्व किया गया है, माना जा रहा है कि उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई की सारी परते खुल कर सामने आ सकती है।

# पांच बच्चों की बदहाल मां के आंसू नहीं देख रहा प्रशासन

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव मरौदा सुचित के मजरे पनपथा में कल्पना अपने पांच बच्चों शिवा, शिवानी, दीपाली, शगुन व विनय के साथ खर-फूस की झोपड़ी में रहती है। इसमें तीन बच्चे गांव के स्कूल पढ़ने जाते हैं। कल्पना का पति मनोज मनरेगा मजदूर है। वह इस समय जेल में है। कल्पना झोपड़ी में पन्नी बांधकर ठंड से बचने का प्रयास करती है। उज्ज्वला योजना के तहत उसने गैस कनेक्शन ले रखा हैं।

कल्पना ने बताया कि उसे 15 वर्ष पूर्व शौचालय मिला था जो अब क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे मजबूरन खुले में शौच के लिये जाना पड़ता है। राशनकार्ड में बच्चों का नाम न होने से मात्र 10 किलो अनाज मिलता है। बीते वर्ष गैस से आग लग गई थी जिसमें झोपड़ी सहित गृहस्थी स्वाहा हो गई थी। उसकी भी कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली। बताया कि गैस एजेंसी मालिक राजेश मिश्रा कंपनी से सहायता दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। बताया कई बार संबंधित अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से आवास के लिए गुहार लगाई पर किसी ने नहीं सुनी। इस संबंध में एडीओ पंचायत विनोद वर्मा ने बताया कि अभी आपदा व दिव्यांग के आवास आए हैं। आगे इसमें भी प्रयास किया जाएगा।



पांच बच्चों के साथ झोपड़ी में मौजूद कल्पना।

- पति के जेल में होने से आ रही बच्चों को पालने में मुसीबत

## बिना वैध प्रपत्रों के चल रही बस की गई सीज

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** बिना वैध प्रपत्रों के चण्डीगढ़ तक दौड़ रही डबल डेकर बस को पुलिस ने सीज कर थाने में खड़ा कराया है। बता दें कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के सटे गांवों से लंबे समय से चंडीगढ़ व दिल्ली के लिए निजी बसें सवारियां भरकर फर्राटा भरती है। इनमें अधिकांश बसें बिना अनुमति व वैध प्रपत्रों के दौड़ कर राजस्व का चूना लगा रही है। इसे लेकर औरास एसओ संजीव कुशवाहा ने बुधवार को चेकिंग शुरू की तो क्षेत्र के इनायतपुर बर्रा गांव से एक डबल डेकर बस चंडीगढ़ की सवारी भरती मिली। इस पर बदायूं जिला के बिसौली थानाक्षेत्र के बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी बस चालक मधुर चौहान व मुरादाबाद जिला के बनिया ढीर थानाक्षेत्र के सरतल खेड़ा गांव निवासी परिचालक सचिन से पुलिस ने अनुमति व बस के प्रपत्र मांगे। चालक, परिचालक वैध प्रपत्र नहीं दिखा पाए।

## एक्सप्रेस-वे पर खराब हुआ सेना का वाहन पुलिस ने दुरुस्त करवाकर भेजा

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से जा रही भारतीय सेना के जवानों की गाड़ी खराब हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मैकेनिक को ले जाकर गाड़ी सही कराई। इसके बाद जवान गंतव्य को रवाना हुए। लोगों ने पुलिस की तत्परता व कार्य की सराहना की। बुधवार को एक्सप्रेस-वे से लखनऊ से आगरा जा रही भारतीय सेना के जवानों की गाड़ी अचानक औरास थानांतर्गत गहाखेड़ा गांव के पास खराब हो गई। इसकी सूचना औरास एसओ संजीव कुशवाहा को हुई तो उन्होंने अपनी टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने मैकेनिक ले जाकर गाड़ी सही कराई। जवानों ने बताया कि गाड़ी खराब होने से कोई हताहत नहीं हुआ है। इस दौरान पुलिस व सेना के जवानों ने सड़क पर यातायात सुचारु रूप से चलाने के लिए मिलकर काम किया। वाहन ठीक होने के बाद उन्हें गंतव्य के लिए रवाना किया गया।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः– 5304 / 98काम–गो0वृ0 / 25–26 दिनांक 19.12.2025

ई–निविदा सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में )

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराषि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | बालपुर परसपुर पसका मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (5 वार्शिय अनुरक्षण सहित) | 5900.00 | 59.00 | 11800 | 12 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 26.12.2025 से 16.01.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 16.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 16.01.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 16.01.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(विनोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

UP-242978 दिनांक 23.12.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी संख्या 215694949 में मेरा नाम सतीश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक आदि सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम रिंकू पुत्र राजेन्द्र अंकित है। सतीश कुमार व रिंकू दोनों मेरे ही नाम है तथा राजेन्द्र व राजेन्द्र प्रसाद दोनों ही मेरे पिता के है। मुझे और मेरे पिता को उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। रिंकू पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट – माढ़ापुर तहसील – बांगरमऊ, उन्नाव

**सूचना**
मैंने अपना नाम R K SRIVASTAVA से बदल कर RAJESH KUMAR SRIVASTAVA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: DAYA SHANKAR LAL SRIVASTAVA R/O:16/A JAIRAMPUR PATPAR SUBEDAR GANJ ALLAHABAD UTTAR PRADESH - 211011**

**सूचना**
मैने अपना नाम HAIDER ABBAS RANA से बदलकर HAIDER ABBAS रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O - ALI MOHAMMAD ADD - H.No -532 SECTOR-10 INDIRA NAGAR DIST - LUCKNOW - 226016 (U.P.)**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम PRABHAWATI PRASAD अंकित है तथा आधार कार्ड में PRABHAWATI दर्ज है। भविष्य में मुझे PRABHAWATI के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **प्रभावती पत्नी श्री शिव शरण प्रसाद नि0–572ए, सेक्टर–के, आशियाना, एल0डी0ए0 कालोनी, लखनऊ (उ0प्र0)**

**सूचना**
सूचित हो कि, मैं Umme Kulsum पुत्री Mohd Aleem निवासिनी:– 23/30, प्रकाश लोक विस्तार, नियर आम्रपाली मार्केट, इंदिर ानगर लखनऊ की हूँ, मेरे नाम Umme की स्पेलिंग मेरी मार्कशीट में Ummay लिख गई हैं, जबकि Umme सही स्पेलिंग हैं, मेरे सारे दस्तावेजों में मेरे नाम की स्पेलिंग Umme Kulsum अंकित हैं, आज से मेरे नाम की स्पेलिंग Umme Kulsum ही लिखा जाये, जो पूर्णता सही है।

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि शपथ कर्ता मूल पते का निवासी है शपथ कर्ता के पासपोर्ट में पूर्व नाम मुस्ताक अहमद पुत्र फरियाद अंकित है जब कि शपथ कर्ता का वर्तमान व सही नाम मुस्ताक अहमद खान पुत्र फरियाद है जो इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मुस्ताक अहमद खान ग्राम– भुरकुंडी थाना – ओरास जनपद – उन्नाव।**

**सूचना**
मैं मुनीष कुमार उम्र 72 वर्ष पुत्र स्व बी एन प्रसाद निवासी फ्लैट 112 एच ब्लाक सिल्वर लाइन अपार्टमेंट, चिनहट लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मैं अपने बड़े पुत्र अमित कुमार जायसवाल के गलत सोहबत से बिगड़ जाने व अक्सर मुझे, मेरी पत्नी, छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ झगड़ा–झंझट करने, मारपीट को उतारू होने के कारण क्षुब्ध होकर मैने उसे अपनी चल–अचल सम्पति से बेदखल करते हुए सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिया हैं। भविष्य में अमित कुमार जायसवाल के किसी भी कृत्य और लेन–देन के लिए मैं एंव मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं विजय कुमार यादव पुत्र रामसिंह यादव ग्राम बनगंवाडीह, अखण्डनगर, तहसील कादीपुर सुल्तानपुर का स्थाई निवासी हैं किन्तु मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम विजय कुमार पुत्र राम सिंह अंकित है। जबकि मुझे विजय कुमार यादव पुत्र रामसिंह यादव निवासी ग्राम बनगंवाडीह, थाना अखण्डनगर तहसील कादीपुर, सुल्तानपुर के नाम से जाना पहचाना जाए। **विजय कुमार यादव पुत्र रामसिंह यादव निवासी बनगंवाडीह, अखण्डनगर, तहसील कादीपुर, सुल्तानपुर।**

**सूचना**
मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी संख्या 218411325 में मेरा नाम राजेश कुमार कश्यप पुत्र हरिश्चंद्र दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक आदि दस्तावेजों में मेरा नाम राकेश पुत्र हरीचंद्र अंकित है। राजेश कुमार कश्यप और राकेश दोनों मेरे ही नाम है। मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। राकेश पुत्र हरीचंद्र निवासी ग्राम – मेला रामकुंवर पोस्ट – साईपुर सगौड़ा तहसील – बांगरमऊ, उन्नाव

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे तीन पुत्र पवन कुमार विष्णु कुमार व लक्ष्मीनारायण है किन्तु मैं अपने एक लड़के जिसका नाम विष्णु कुमार है के गलत चाल चलन के चलते दो माह पूर्व से अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन–देन व किसी भी प्रकार के मामले का वह खुद जिम्मेदार होगा। मेरी चल अचल संपत्ति में विष्णु कुमार का कोई हक नहीं है। **शिवशंकर प्रसाद पुत्र स्व0 देवीदयाल निवासी बल्दाऊ गंज, चकरेही चौराहा, कोतवाली कर्वी, जिला चित्रकूट।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम SHAN MOHHMAD से बदल कर SHAN MOHMMAD रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: YUNUSH R/O:SAIMBASI POST SAIMBASI AMETHI UTTAR PRADESH-229309**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र दशरथ सिंह को उसके द्वारा किए गए अनुचित एवं असामाजिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से पूर्णत: बेदखल करता हूँ। किसी भी प्रकार की चल–अचल संपत्ति पर कोई अधिकार, दावा अथवा सरोकार नहीं होगा। जिससे मेरा या मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं होगा। **राना प्रताप सिंह पुत्र श्री सुरेंद्र सिंह निवासी– पुराना अछल्दा, जनपद औरैया।**

**सूचना**
सूचित हो कि, मैं Ali Ahamad Kamal पुत्र Jamal Ahamad निवासी:– 73घ, शक्तिनगर, फैज़ाबाद रोड, इंदिरा नगर लखनऊ का हूँ, मेरे व मेरे पिता के नाम में Ahamad की स्पेलिंग Ahmad लिख गई हैं, जबकि हमारे सारे दस्तावेजों में हर जगह Ahamad अंकित हैं, आज से व भविष्य में मेरे नाम Ali Ahmad Kamal पुत्र Jamal Ahmad की जगह Ali Ahamad Kamal व पिता के नाम में Jamal Ahamad ही लिखा जाये, जो पूर्णता सही है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि ABDUL, AMIR पुत्र ABDUL,HAFEEZ निवासी– 589KH769 अम्बेडकर पुरम शारदा नगर तेलीबाग लखनऊ का रहने वाला हूं मेरे पिता ABDUL, HAFEEZ का देहान्त 18/09/2001 को हो गया है मेरे हाई स्कूल के मार्कशीट मे मेरे पिता जी का नाम गलत अंकित हो गया है ABDUL, HAZIM से सही नाम ABDUL, HAFEEZ कर के मेरा पासपोर्ट जारी करने कि कृपा करें।

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि शपथ कर्ता मूल पते का निवासी है शपथ कर्ता के पासपोर्ट में पूर्व नाम मोहम्मद अमजद पुत्र मोहम्मद हसन (MOHAMMAD AMJAD S/O MOHAMMAD HASAN) अंकित है जब कि शपथ कर्ता का वर्तमान व सही नाम मो अमजद पुत्र मो हसन (MOHD AMJAD S/O MOHD HASAN) है जो इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो0 अमजद ग्राम अतागंज रतासो, थाना सलोन, जनपद रायबरेली।**

**सूचना**
मेरे पुत्र मयंक तिवारी पुत्र स्वर्गीय शिव अधार तिवारी का आचरण व व्यवहार ठीक नहीं है। जिसके चलते मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किए हुए कार्यो से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है। वह स्वयं उत्तरदायी होगा। **ललिता पत्नी स्व0 शिव अधार तिवारी निवा0 ग्राम करन मऊ, पोस्ट तेरुखा, थाना डलमऊ, जिला रायबरेली।**

न्यूज ब्रीफ

### सिगरेट से लगी आग दुकान व बाइक स्वाहा

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** सांडी बस स्टाप स्थित आमिर एफ एफ हेयर कटिंग सैलून की दुकान में मंगलवार की देर शाम सिगरेट पीने के बाद सुलगती सिगरेट ने नीचे पड़ी मेटी से आग लगने से पुरानी दुकान व उसमें रखी बाइक आदि जलकर नष्ट हो गयी। पीडित आमिर ने तीन लाख के नुकसान होने की बात कही। सेलून की मालिक आमिर ने बताया कि मंगलवार को दुकाने बन्द रहती है। दुकान पर काम करने वाले जुनैद आदि अपने साथियो के साथ दुकान में शाम को सिगरेट पी थी। बुधवार की सुबह निकले लोगों ने देख सूचित किया।

### एसडीएम ने रैन बसेरे व अलावों का हाल जाना

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** एसडीएम ने बुधवार को नगर पालिका परिसर में स्थापित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम अंकित तिवारी ने नगर पालिका द्वारा बनाए गए रैन बसेरा का निरीक्षण किया। रैन बसेरे में रजाई, गद्दा, तकिया और अलाव की व्यवस्था मिली। पीने के पानी का भी प्रबंध था। उसके बाद उन्होंने बस स्टैंड, नवीन मंडी स्थल, अल्लाहपुर तिराहा, अस्पताल परिसर आदि स्थानों पर नगर पालिका परिषद द्वारा जलाए जा रहे अलावों की भी हकीकत परखी। उन्होंने सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया है कि ठंड से राहत दिलाने के लिए अलावों की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सर्दी के चलते दो दिन रहेगी बच्चों की छुट्टी

**हरदोई।** जिले में पिछले दो दिनों से ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है इसी के चलते जिला अधिकारी अनुनय झा ने शुक्रवार तक जिले के समस्त बोर्डो, परिषदीय ,सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों की छुट्टी कर दी है हालांकि इस दौरान विद्यालय स्टाफ विद्यालय में उपस्थित रहेगा।

### चिकित्सालय का निर्माण व विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 आशा रावत को निर्माणाधीन 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय भदैचा का कार्य जल्द पूर्ण कराने को कहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिरौली, सदरपुर एवं भदैचा में भुगतान के बाद भी विद्युत कनेक्शन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की और जल्द विद्युतीकरण कराने को कहा।

# चर्च व स्कूलों में क्रिसमस डे की धूम, बच्चों ने जमकर की मस्ती



कार्यक्रम में मौजूद नन्हें-मुन्नों के साथ इनर क्लब की सदस्य। अमृत विचार

### इनर व्हील क्लब ने मनाया क्रिसमस एवं नववर्ष उत्सव

**हरदोई, अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ऑफ़ हरदोई डी.ओ.डी. ने स्प्रेड स्माइल प्रोजेक्ट के तहत प्राथमिक विद्यालय ककराली खेड़ा में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ क्रिसमस एवं नववर्ष का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर क्लब की सदस्याओं ने बच्चों को क्रिसमस कैप, ग्रीटिंग कार्ड, केक-पेस्ट्री एवं उपहार हैम्पर भेंट कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरने का सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्याओं ने बच्चों के साथ खेलकूद किया। बच्चों ने भी गीत, संगीत एवं कविता पाठ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के चेहरों पर झलकती प्रसन्नता अत्यंत सुखद एवं भावुक करने वाला अनुभव रही। इस अवसर पर क्लब प्रेसिडेंट पारुल तिवारी, क्लब एडिटर नीलम सिंह, सी.पी.सी.सी. रागिनी तिवारी, सदस्य गीता त्रिवेदी तथा विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका बीनू मित्रा, प्रतिभा, सुधा, रचना सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### चर्च में पूरे दिन चलती रहीं क्रिसमस की तैयारियां

**हरदोई, अमृत विचार।** क्रिसमस के त्योहार को मनाने के लिए बुधवार को पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं। महात्मा गांधी स्थित चर्च को आकर्षक तरीके से सजाया गया। घरों में क्रिसमस ट्री तैयार किए गए हैं, जिनको सजाने के लिए सजावटी सामान खरीदते बच्चे व बड़े दिखाई दिए। बुधवार की देर रात से ही प्रार्थना सभाएं चर्च में शुरू हो गई। क्रिसमस के त्योहार को पूरे उत्साह के साथ मनाने के लिए तैयारियां पूरे दिन चलती रहीं। चर्च में देर शाम तक सजावट होती रही। क्रिसमस को लेकर उत्साह बाजारों में भी दिखाई पड़ा। सजावटी सामान खरीदते लोग दिखाई पड़े। रंग रोगन के साथ घरों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रभु यीशु के अनुयायी त्योहार को मनाने के लिए कई दिनों से तैयारियों में लगे थे, उनका इंतजार समाप्त हो गया। गुरुवार को पूरे उत्साह के साथ क्रिसमय का त्योहार मनाया जाएगा।



क्रिसमस के लिए सजावटी सामान खरीदते बच्चे।



रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया चर्च। अमृत विचार



क्रिसमस डे पर सेंटाक्लॉज के भेष में मस्ती करते बच्चे।

### सेंट जेवियर्स के बच्चों ने क्रिसमस डे पर रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा समां

**हरदोई, अमृत विचार।** सेंट जेवियर्स प्राइमरी स्कूल परिसर में क्रिसमस पर्व को अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय में बच्चों की मुस्कान, गीत-संगीत और रंग-बिरंगी सजावट से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की समन्वयिका स्केलिन डगलस के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने ईसा मसीह के जन्म से जुड़ी कथाओं को सरल एवं रोचक तरीके से बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने सेंटाक्लॉज की परंपरा और उससे जुड़े संदेश को भी बच्चों को समझाया। बच्चों व शिक्षिकाओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पिहानी के सेंट ज़ेवियर्स स्कूल में क्रिसमस पर्व के अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य एवं उल्लासपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि क्रिसमस का पर्व प्रेम, सद्भावना और मानवता का संदेश देता है।

# राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा अटल जी का पूरा जीवन

## जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का जिला पंचायत परिसर में हुआ उद्घाटन

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिला पंचायत परिसर में उनके जीवन और कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। प्रदर्शनी के माध्यम से युवाओं और कार्यकर्ताओं को उनके संघर्ष, विचारधारा और देश के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा। अटल जी ने राजनीति में शुचिता, संवाद और सहमति की परंपरा को मजबूत किया, जो आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह प्रीतेश दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक,सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न, आनंद मिश्रा नगर अध्यक्ष, मुदित बाजपेई पूर्व नगर अध्यक्ष, अजीत उपाध्याय नगर उपाध्यक्ष, मुनि मिश्रा, शुभम, लोहिया नगर महामंत्री अंकित पांडे व नगर मंत्री प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन करते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन। अमृत विचार



सुशासन सप्ताह कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद करते एसडीएम अंकित तिवारी।

### अटल की जयंती को लेकर भाजपाइयों ने की समीक्षा बैठक

**हरदोई।** भाजपा जिला कार्यालय पर गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित होने वाली रैली को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री विनोद सिंह एवं क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में रैली की तैयारियों, कार्यकर्ता सहभागिता, आवागमन एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए।

### सुशासन सप्ताह में एसडीएम ने लगाई ग्राम चौपाल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** 19 दिसंबर से 25 दिसम्बर के मध्य सुशासन सप्ताह 2025-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम मनाया जा रहा है। पिहानी ब्लॉक के ग्राम बरी में बुधवार को एसडीएम अंकित तिवारी ने ग्राम चौपाल के माध्यम से सुशासन सप्ताह मनाते हुए सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर एसडीएम ने ग्रामीणों को शासकीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से सर्विस डिलीवरी आवेदनों यथा आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, खतौनी की नकल आदि हेतु प्राप्त आवेदनपत्रों के अन्तर्गत जनसेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए।

### आज लखनऊ रवाना होंगी करीब 430 बसें

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 दिसंबर को लखनऊ में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राज्य सड़क परिवहन निगम ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इस बड़े आयोजन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरदोई जनपद से बड़ी संख्या में बसों की व्यवस्था की गई है। परिवहन निगम के अनुसार हरदोई से करीब 430 बसें लखनऊ रवाना की जाएंगी। इनमें से लगभग 60 बसें सीधे हरदोई डिपो से लगाई गई हैं, जबकि शेष बसें आसपास के अन्य जनपदों से मंगाकर हरदोई में एकत्र की गई हैं। इन सभी बसों को अस्थायी रूप से शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के परिसर में खड़ा किया गया है, जिनमें राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) और सीएसएन कॉलेज प्रमुख हैं।



सीएसएन कालेज में इकट्ठा बसें।

### आरएस स्पोर्ट्स वर्ल्ड -11 और परफेक्ट-11 की हुई शानदार जीत

**हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे लखमी चंद अग्रवाल मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां मैच आरएस स्पोर्ट्स वर्ल्ड -11 और राइस मैन 11 के बीच और छठा मैच परफेक्ट-11 और एससीए रेड के बीच हुआ। अपने अपने मैचों में आरएस स्पोर्ट्स वर्ल्ड -11 और परफेक्ट-11 ने शानदार जीत दर्ज की। आरएस स्पोर्ट्स वर्ल्ड-11 की ओर से गोविंद ने 52 गेंदों में 12 चौके और 7 छक्कों की मदद से 104 रनों की शतकीय पारी खेली। परफेक्ट-11 की ओर से अनुज ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए तीन ओवर में सात रन देकर एक विकेट लिया। दोनों खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले टॉस जीतकर आरएस स्पोर्ट्स वर्ल्ड 11 ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। राइस मैन-11 की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 177 रन बनाए। आरएस स्पोर्ट्स वर्ल्ड-11 की टीम ने 20 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। वहीं गुरुवार को टूर्नामेंट में अखिलेश अग्रवाल क्रिकेट अकादमी और आरएस स्पोर्ट्स वर्ल्ड के बीच मुकाबला होगा।

# शव के पोस्टमार्टम में देरी पर किया हंगामा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष का भांजा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां मौत हो गई। अगली सुबह शव का पंचनामा करने में हो रही देरी पर वहां पहले से इकट्ठा भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) के कार्यकर्ता भड़क गए और हंगामा करने लगे। इस बीच एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और लोगों को समझा कर शांत कराया।



मृतक सोहित की फाइल फोटो।

बेनीगंज कोतवाली के शुक्लापुर निवासी सोहित (26) पुत्र बालकराम शुक्लापुर धर्मकांटा पर नौकरी करता था। उसके भतीजे मोहित का मढ़िया तिराहे पर ढाबा है। बताते है कि मंगलवार की रात सोहित धर्मकांटे पर था, वहीं से वह पैदल मोहित के ढाबे पर जा रहा था, उसी बीच हरदोई-सीतापुर रोड पर बेनीगंज कोतवाली के सारीपुर तिराहे पर तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे सोहित बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। हादसा होने का पता होते ही मोहित और आस-पास के लोग दौड़ पड़े। घर वाले सोहित को मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। सोहित के चाचा राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बुधवार को शव के पंचनामे के लिए कई बार दौड़ लगाई गई,लेकिन कोई हल नहीं निकला,सोहित के मामा रामलखन पाठक भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयता वादी) के ज़िलाध्यक्ष हैं। हादसे की खबर सुनकर यूनियन के कार्यकर्ता पहले से मेडिकल कालेज में इकट्ठा थे। ज़िलाध्यक्ष श्री पाठक के पहुंचते ही पंचनामे में हो रही देरी पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। नतीजतन यूनियन के कार्यकर्ता हंगामा करते हुए वहां की पुलिस चौकी के सामने बैठ गए।



पुलिस चौकी के सामने हंगामा करते यूनियन के कार्यकर्ता।

### गायों का झुंड सामने आने से रोडवेज बस पलटी, दो घायल

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** पचदेवरा क्षेत्र में बुधवार सुबह हरदोई डिपो की रोडवेज बस नारायणपुर पुलिया के पास सुल्तानपुर-खिरिया के बीच अचानक गायों का झुंड सामने आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक समेत दो लोगों को चोटें आईं। दुर्घटना में बस चालक पवन मिश्रा तथा पप्पू सिंह निवासी ग्राम अनुआ घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए पीएचसी पाली में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक पवन मिश्रा को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। घायल पप्पू सिंह ने बताया कि वह नारायणपुर पुलिया से हरदोई जाने के लिए बस में सवार हुए थे, लेकिन कुछ ही दूरी पर हादसा हो गया।

# बांग्लादेश सरकार के जगह-जगह जलाए पुतले

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में वहां की सरकार और कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दु समाज के लोगों की हत्या और उत्पीड़न को लेकर भारत में लोगों में आक्रोश है। देश भर में हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन व कट्टरपंथियों का पुतला जलाया जा रहा है। इसी क्रम में हरदोई में बुधवार को कई जगह लोगों ने पुतला दहन करते हुए बांग्लादेश सरकार को सबक सिखाने की मांग की।

सवर्ण चेतना सभा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट आरिफ खान शानू के नेतृत्व में बांग्लादेश सरकार और वहां के प्रधानमंत्री का पुतला फूंकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। आरिफ खान शानू ने कहा कि किसी भी देश में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा और उत्पीड़न सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों सहित किसी भी समुदाय पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मोहम्मद आफाक, आदर्श मिश्रा छात्र संघ अध्यक्ष सवर्ण चेतना सभा, जुबैर अहमद, अफसर अली, वाहिद अब्बासी, एहतिशान अली सहित कई दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शाहाबाद में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड पर बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका और विरोध जताया। बजरंग दल के नगर संयोजक लव कुश राठौर के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौलागंज बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया और बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर लव कुश राठौर, गौ रक्षा प्रमुख अरुण गुप्ता, अंकित मिश्रा, अमित मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

भरखनी में नरायनपुर चौराहा पर बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचार एवं हिंसा की घटनाओं के विरोध में सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकालते हुए नारेबाजी की तथा विरोध स्वरूप बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। लोगों ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से उठाने की मांग की।



बांग्लादेश सरकार का पुतला जलाते सवर्ण चेतना सभा के लोग।

प्रोत्साहन

रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक वाजपेयी रहे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं छात्रवृत्तियां प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि डॉ. वाजपेयी ने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यालय को जिले में शिक्षा व अनुशासन का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए इसके सतत विकास में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार वर्मा ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। भवन निर्माण समिति के मुख्य संयोजक अरुणेश वाजपेयी ने बताया कि विद्यालय में संचालित छात्रवृत्तियों के क्रम में इस वर्ष एक नई छात्रवृत्ति भी प्रारम्भ की गई है, जिससे विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व सलाहकार एस.एन. अग्निहोत्री, अरुण कुमार मिश्र, डॉ. वी. एस. पाण्डेय, पारुल दीक्षित, शैलेन्द्र खन्ना, ईश्वर चन्द्र वर्मा, परिषद अध्यक्ष राजेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



छात्र को पुरस्कृत करते पूर्व राज्यसभा सांसद डा. अशोक बाजपेई। अमृत विचार

### इन छात्रों को किया गया सम्मानित

संस्थापक प्रधानाचार्य असद अली पदाई पुरस्कार के तहत प्रियंशु गुप्ता, प्रांजल सिंह, वेदांश शुक्ला, दीपक, अजय कुमार सिंह, यशस्वी मिश्रा एवं सैयद जैद हसन को सम्मानित किया गया। स्वर्गीय उषा रानी गुप्ता स्मृति मेधावी पुरस्कार नैतिक कन्नौजिया, सत्यम ओमर, सौरभ वर्मा, दीपक, रुबल सेठ एवं प्रतीक अग्रवाल को प्रदान किया गया। मनोज अग्रवाल स्मृति छात्रवृत्ति पाने वालों में शिवा कुमार, अनुज वर्मा, सुरजीत, वेदांश शुक्ला, दीपक, अंश अवस्थी एवं वैभव शुक्ला शामिल रहे।

# सुशीला का खाना रहा सबसे अच्छा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मध्यान्ह भोजन योजना के तहत जिले के परिषदीय विद्यालय में तैनात रसोइयों के बीच खाना बनाने की प्रतियोगिता बुधवार को राजकीय इंटर कालेज में आयोजित की गई। अधिकारियों ने खाना चखा और उसके आधार पर रसोइयों को पुरस्कृत किया गया।

परिषदीय विद्यालयों में तैनात रसोइयों की प्रतियोगिता में शासन की मंशा के अनुसार 30 रसोइयों का इस प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। सभी ने अपनी-अपनी पाकशाला का प्रदर्शन किया। रसोइयों द्वारा बनाए गए खाने को निर्णायक श्याम नरायन यादव, प्रधानाचार्य जीआई, सुमन द्विवेदी, प्रधानाचार्य जीजीआईसी, सुभाष तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्णायक मंडल में मौजूद रहे। निर्णायक मंडल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय व सांत्वना पुरस्कार विजेता घोषित किए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने रसोइयों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. अजित सिंह, डीसी एमडीएम मयंक त्रिपाठी, राहुल द्विवेदी, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद

प्रथम विजेता प्राथमिक विद्यालय रसूलापुर विकासखंड बावन से सुशीला, द्वितीय विजेता सवलियन विद्यालय कोड़ा विकास खंड पिहानी से मालती, तृतीय विजेता प्राथमिक विद्यालय बक्शीपुर विकासखंड टोडरपुर से रामप्यारी।



रसोइयों को पुरस्कृत करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शराब पीने के बाद दो पक्ष भिड़े , फायरिंग

**सीतापुर, अमृत विचार :** शराब पीने के बाद दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जमकर मारपीट हुई, फायरिंग भी हुई। गोली लगने से एक युवक घायल हो गया है। रामकोट थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस बल तैनात है। रामकोट थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में देर शाम तालाब किनारे करण शराब पी रहा था। बताते हैं कि इसी दौरान खूबपुर गांववासी आदर्श बाबा आ गया। यही पर शराब पीने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि बाबा ने अवैध तमंचे से फायर कर दिया। जिससे करण घायल हो गया। सूचना पाकर सीओ सिटी विनायक भोसले और थाना प्रभारी सुरेश पटेल मौके पर पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया और बयान दर्ज किए।

### मकान में संचालित हो रहा अवैध क्लीनिक

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की सख्ती के बावजूद साण्डा इलाके में अवैध क्लीनिकों का संचालन जारी है। साण्डा इलाके में जिस क्लीनिक में गर्भवती महिला की मौत हुई, उसी के नजदीक एक घर से अवैध क्लीनिक का संचालन होना बताया जा रहा है। गौरतलब है कि बीते दिन आयुष्मान हेल्थ क्लीनिक में एक जच्चा की मौत हो गई थी। मामला जब जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के संज्ञान में आया तो तथाकथित चिकित्सक अभिषेक सहित अन्य के विरुद्ध विधिक कार्रवाई हुई, अस्पताल भी सीज हुआ। इसके बावजूद अवैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। बताते हैं कि जिस दो मंजिला मकान में क्लीनिक संचालन किया जा रहा है, वो ग्राम सभा की भूमि पर है। पिछले दरवाजे से अवैध क्लीनिक का संचालन हो रहा है। सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार का कहना है कि अवैध क्लीनिकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आगे इसके विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा।



राजभवन में पुस्तक का विमोचन करतीं राज्यपाल। ● अमृत विचार

### राज्यपाल ने किया वातायनी पुस्तक का विमोचन

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** राजभवन लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वरिष्ठ साहित्यकार पदमकांत शर्मा द्वारा संपादित कृति वातायनी सफरनामा का विमोचन किया। मोहल्ला खूबपुर नवीन गल्ला मंडी निवासिनी कवयित्री व लेखक डॉ. छाया त्यागी की साहित्यिक सृजन यात्रा पर पुस्तक केंद्रित है। इसमें विविध विधाओं की रचनाएं समाहित हैं। इस पुस्तक में लेखिका डॉ. छाया त्यागी के व्यक्तित्व, विचार-जगत और साहित्यिक यात्रा पर विषद विवेचन की गई है। वातायनी पुस्तक की सामग्री चयन डॉ. नीलम सेठी एवं प्रोफेसर सुधीर बावेजा द्वारा किया गया है। इस अवसर पर अधिवक्ता सवितुर त्यागी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# ग्रीन बेल्ट पर बनी ओम सिटी जमींदोज, गेट भी गिराया

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार IMPACT

**20** करोड़ से अधिक की जमीन हुई कब्जामुक्त


10 साल पहले हरी पट्टी, अब दिखने लगीं कंक्रीट की इमारतें

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।




मुख्य गेट पर लगा बोर्ड। अमृत विचार

- कानून को दरकिनार कर हरी-भरी फलपट्टी को किया गया था नष्ट
- अमृत विचार ने उठाया था खैराबाद फलपट्टी का मामला



हाईवे के किनारे अवैध प्लाटिंग को जमींदोज करती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खैराबाद फलपट्टी को नष्ट करके आलीशान कॉलोनियां बनाने वालों पर गाज गिर रही है। बुधवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्रीन बेल्ट पर बनी ओम सिटी को जेसीबी से ध्वस्त कराया गया। गेट ढहाकर प्लाटिंग भी जमींदोज की गई।

खैराबाद फलपट्टी की खुशबू रोजगार के माध्यम से खाड़ी देशों तक मशहूर रही है। पिछले दो दशकों में कागजों में ऐसा खेल खेला गया कि हरे भरे पेड़ ही नहीं ठूंठ भी रातों रात गायब हो गए। रसूखदारों और सिंडीकेट के गठजोड़ ने ऑलीशान इमारतें बनवा लीं। इसी को सिलसिलेवार अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जनहित मुद्दे का संज्ञान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने किया। गोपनीय जांच के बाद जो तथ्य निकलकर सामने आए, उसी के आधार पर खैराबाद स्थित मछरेहटा चौकी के निकट हाईवे पर स्थापित ओम सिटी पर कार्रवाई हुई। तहसीलदार अतुल सेन के मुताबिक, हाईवे पर स्थित ओम सिटी ग्रीन बेल्ट भी थी, इसमें लगातार प्लाटिंग हो रही थी। ऐसे में लगभग 20 करोड़ से अधिक की ग्रीन बेल्ट को कब्जामुक्त कराया गया।

तहसीलदार अतुल सेन ने बताया कि ग्रीन बेल्ट को कब्जामुक्त कराने के लिए प्रशासन द्वारा आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# पीएमश्री विद्यालयों में तय समय पर पूरा हो कार्य

## बैठक में जिलाधिकारी ने की बेसिक शिक्षा की समीक्षा, निपुण भारत मिशन प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने शैक्षणिक गुणवत्ता, स्वच्छता, मिड-डे मील और निर्माण कार्यों को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निपुण भारत मिशन को गंभीरता से लागू करते हुए शत-प्रतिशत उपस्थिति और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने सभी परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित एसओपी के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन, विद्यालयों से जुड़े अभिलेख अद्यतन रखने और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निपुण भारत मिशन को प्रत्येक विद्यालय में नियमित रूप से संचालित कर हर बच्चे को निपुण बनाने के निर्देश दिए। पीएम श्री विद्यालयों में सभी निर्माण कार्य 28 फरवरी से पहले पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान सीएमओ डा. सुरेश कुमार, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**शिक्षिकों को किया सम्मानित :** विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षक सुशीला पाण्डेय, लता सोनी, परितोष शुक्ला, श्वेता तिवारी, राजेश तिवारी, माधवी चतुर्वेदी, सुनील यादव, शिखा श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, रश्मि पटेल, राम देवी मिश्रा आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### नैमिषारण्य में जल मार्ग विकसित करने की योजना

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र में गोमती नदी किनारे राजघाट से रुद्रावर्त तक 12 किमी लंबे जल मार्ग को विकसित करने की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए महत्वपूर्ण परियोजना के सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जल मार्ग के बनने से श्रद्धालु नदी के किनारे स्थित मंदिरों और धार्मिक स्थलों तक जल मार्ग से यात्रा कर सकेंगे, जिससे सड़क मार्ग की तुलना में कम दूरी तय होगी। जिलाधिकारी ने इसे जल पर्यटन के लिए एक अहम कदम बताया और परियोजना की समयबद्ध तथा गुणवत्ता पूर्ण रूप से पूरी करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल, एआरटीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में छात्रा सहित दो लोगों की मौत

**कमलापुर, रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** कमलापुर और रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र में दो सड़क हादसे हुए। जिसमें छात्रा सहित दो की मौत हो गई। हादसे में एक गंभीर है।

कमलापुर थानाक्षेत्र में खुर्दा गांव की कौशिकी (14) पुत्री मायाराम कमलापुर स्थित जूनियर हाई स्कूल कसमण्डा से घर जा रही थी। रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह घायल हो गई। इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। थानाध्यक्ष कमलापुर ईतुल चौधरी ने बताया कि अज्ञात वाहन के विरुद्ध केस दर्ज करजांच की जा रही है। उधर, रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के ग्राम देसी लौकिया निवासी उमेश पुत्र लालता प्रसाद (28) अपने साथी कल्लू पुत्र सल्लन प्रसाद, निवासी रमुवापुर, थाना डुमरियागंज, जिला सिद्धार्थनगर के साथ मोटरसाइकिल से लखनऊ से गांव देसी लौकिया आ रहा था। बताते हैं कि बाइक सवार रामपुर मथुरा कस्बे के पास पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे। तभी वाहन अनियंत्रित हो गया और बाइक अस्पताल की दीवार से टकरा गई। हादसे में उमेश की मौत हो गई। कल्लू की हालत गंभीर बताई जा रही है। रामपुर मथुरा प्रभारी निरीक्षक संजय पांडे ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर




लालबाग चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुई हिंसा के विरोध में स्थानीय हिंदू संगठन मुखर हुए और उन्होंने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर जुलूस भी निकाला गया। बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा संबंधी मामले को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू युवक की हत्या को लेकर हिंदू संगठन एकजुट हुए। बड़ी संख्या में सभी लालबाग चौराहा पहुंचे, जहां संगठन प्रमुखों ने एकता का आवाहन किया। विपुल सिंह, अनूप खेतान, अनुराग रोशन सहित अन्य ने कहा कि वे सभी भारत सरकार से अपील करते हैं कि पड़ोसी राष्ट्र बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को तत्काल रोकें। विरोध प्रदर्शन के बीच जुलूस निकाला गया। बाद में संगठनों की ओर से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में कमलापुर में भी प्रदर्शन किया गया। मशाल जुलूस निकालकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।


## लखीमपुर ने बाराबंकी की टीम को हराया

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में बुधवार को प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबलों में शिवगढ़, लखीमपुर और बलरामपुर की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। शाहजहांपुर और शिवगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें शिवगढ़ की टीम ने 4-0 से जीत हासिल की। दूसरे मुकाबले में लखीमपुर ने बाराबंकी को 5-0 से पराजित किया। बलरामपुर ने लखनऊ को 3-1 से हराया।

टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका परवेज अख्तर, मनीष द्विवेदी, खुर्शीद अहमद, फहद खान और दुर्गा प्रसाद ने निभाई।

## खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों से आत्मनिर्भर बनेंगे किसान

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के किसानों और उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित की जा रही है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत व्यक्तिगत, एफपीओ एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित अथवा उन्नत की जाने वाली खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों पर प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। योजना में बेकरी उद्योग, दाल व चावल मिल, पशु एवं मुर्गीचारा उद्योग, दुग्ध व हर्बल उत्पाद, मशरूम, मसाला, रेडी टू कुक व रेडी टू ईट उत्पाद, मिलेट, गन्ना, सब्जी, केला, महुआ, अचार, मुरब्बा, जूस व शेक सहित अनेक इकाइयां शामिल हैं। इच्छुक लाभार्थी योजना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### निबंध व कला प्रतियोगिता में छात्रों ने लिया भाग

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कमलापुर के राजा बहादुर डॉ. सूर्य बक्श सिंह इंटर कॉलेज में अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह की विधिवत शुरुआत हुई। कार्यक्रम में निबंध एवं कला प्रतियोगिताओं व शोभायात्रा का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। संस्था सचिव राहुल अवस्थी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित संगीतमय संस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह का आयोजन सतसंग भवन मिश्रिख नैमिषारण्य में किया जायेगा।

## 24 घंटे बाद भी फरार बंदी का सुराग नहीं

**सीतापुर, अमृत विचार :** बंदी को फरार हुए 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, बावजूद पुलिस खाली हाथ है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी को निलंबित करते हुए कोतवाली नगर में केस दर्ज कराया है।

बता दें कि मंगलवार को कारागार में निरुद्ध बंदी लवकुश मिश्रा पेशी पर आया था। यहां सेशन लॉकअप से वह आरक्षी को चकमा देकर फरार हो गया। बंदी की सुरक्षा में मुख्य आरक्षी दफेराज सिंह तैनात था। 24 घंटे की पुलिस तलाश के बावजूद बंदी पकड़ा नहीं जा सका।

## 22 हजार लाभार्थियों को आज लखनऊ पहुंचाएंगी 430 बसें

**सीतापुर, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गुरुवार को जिले के 19 ब्लॉकों के 21 हजार 600 लाभार्थी लखनऊ जाएंगे। इन्हें जिले से 430 बसे लेकर जाएंगी। रोडवेज बसें बुधवार शाम जीआईसी मैदान में आ गईं। देर रात तक सुरक्षा के इंतजाम किये जाते रहे।

बता दें कि लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर गुरुवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जनपद से बड़ी संख्या में लाभार्थी शामिल हो रहे हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार शाम रोडवेज बसें जीआईसी मैदान पहुंच गयीं। सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि हर बस में पुलिसकर्मी हमराह रहेंगे। 21 हजार 600 लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। तैयारियों का जायजा लेने भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला पहुंचे। उधर, देर शाम 139 स्थलों पर रोडवेज बसें पहुंच गई। अधिकारियों को अलग-अलग जोन और सेक्टरों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यातायात प्रभारी फरीद अहमद ने बताया है कि गुरुवार सुबह सीतापुर से लखनऊ मार्ग तक भारी वाहनों की आवाजाही पर गुरुवार सुबह 6 बजे से अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### शिव ताण्डव से भक्तिमय हुआ माहौल

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बांसुरा संजीव कुमार रहे। छात्र-छात्राओं अंजली, बबली, आदिति, मधु, नेहा, लक्ष्मी, आकांक्षा, खुशबू, निषाद, अंशी, कश्यप, राम, शंकर, सूरज ने शिव तांडव प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में रमेश गुप्ता, ज्ञानी सिंह प्रधानाचार्य महोली इंटर कॉलेज, जयराम, रामसहारे व जेपी सिंह आदि थे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता हाजी रिजवान अहमद।

### भाकियू ने डीएम का सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर, अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) ने डीएम से मिलकर किसानों की समस्याएं साझा कीं। साथ ही मांग पत्र सौंपा। नेतृत्व मध्यांचल उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य हाजी मोहम्मद रिजवान अहमद ने किया। इस दौरान प्रदेश सचिव उमेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान उपस्थित रहे। उधर, बिसवां तहसील क्षेत्र में खाद और बीज की कमी से किसान परेशान हैं। समिति अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंप कर समस्या का त्वरित समाधान मांगा है। उन्होंने बताया कि सचिवीय व्यवस्था के प्रभावी संचालन न होने के कारण किसानों को अन्य समितियों से खाद-बीज लाना पड़ रहा है। अध्यक्ष ने सचिव की नियमित तैनाती की मांग पत्र के माध्यम से की है।



शोभायात्रा निकालतीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

### जीवन को दिशा देती है भागवत कथा

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार :** कालीपीठ में श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन व्यास अनिल कृष्ण शास्त्री (वृन्दावन) ने भागवत के महात्म्य का वर्णन किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीव के जीवन को दिशा देने वाली दिव्य साधना है। उन्होंने वेदव्यास द्वारा श्रीमद्भागवत की रचना, शुकदेव का वैराग्य, राजा परीक्षित को प्राप्त भागवत उपदेश तथा कलियुग में भागवत श्रवण की विशेष महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा शुभारंभ से पूर्व कालीपीठ से ललिता देवी मंदिर तक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।



कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### पूजन कार्यक्रम संपन्न

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** बाबा मंशाराम मंदिर के निकट बन रहे भव्य परशुराम मंदिर के निर्माण के लिए छत की स्लेप का विधिवत पूजन सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम मे पधारे हुए अखाड़ा परिषद पीठाधीश्वर महंत संतोष दास खाकी महाराज, पहला आश्रम के महंत नारायण दास, स्वामी विमला नंद सरस्वती महाराज, महंत प्रीतमदास की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**आयोजन** | हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन, बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री रहीं मौजूद

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियं निभाएं अपनी जिम्मेदारी : सुधाकर

सांडा, सीतापुर



कार्यक्रम में सम्मानित मेधावी और अतिथिगण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लाक संसाधन केंद्र में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुधाकर शुक्ला के साथ ही बीईओ ओंकार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सुधाकर शुक्ला ने कहा कि धात्री, गर्भवती महिलाओं सहित शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर है। इसे वह बखूबी निभा भी रहीं है। बीईओ ओकार सिंह ने कहा कि बाल विकास परियोजना के सहयोग से संचालित हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम में नन्हे - मुन्ने बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी आपकी है। जिसे पूर्णतया निष्ठा पूर्बक निभाएं। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को बोतल बॉक्स, पेंसिल व कापी प्रदान की गई। संचालन विनोद कुमार ने किया। एआरपीसी राजेश मिश्र, शिक्षक कृष्ण कांत, भानू वर्मा, धीरेंद्र पटेल, इतवारी लाल, सौरभ शुक्ला, फरीदा यासमीन, मुख्य सेविका रीता मिश्रा, सुभाषिनी वर्मा, कार्यकत्री पूनम, रजिया आदि थीं।

अमृत विचार
लखनऊ, गुरुवार,25 दिसंबर 2025
रायबरेली

## न्यूज ब्रीफ

### हृदय गति रुकने से व्यवसाई का निधन

**रायबरेली :** परशदेपुर कस्बे के प्रमुख व्यवसाई शीतला प्रसाद कौशल (76) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अन्तिम संस्कार गोकना घाट पर किया गया। उनके निधन पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, चेयरमैन विनोद कौशल आदि ने घर पहुंचकर शोक जताया।

### बालिका पर सांड़ का हमला, वीडियो वायरल

**महराजगंज :** महराजगंज नगर पंचायत के रंधावा मार्ग पर सड़क किनारे अपने घर के पास खेल रही कस्बे के वार्ड नो 07 प्रकाश नगर की रहने वाली आकृति साहू (03) पुत्री महेश साहू पर अचानक सांड़ ने हमला कर दिया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस दौरान बच्ची को हल्की फुल्की खरोचे आई। वार्ड के सभासद धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि लोगों ने मांग की है कि आवारा पशुओं को पकड़ने और सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए तत्काल ठोस कार्रवाई की जाने की बात उनके द्वारा नगर पंचायत के समक्ष रखी जाएगी।

### किसान के घर में लगी आग, गृहस्थी राख

**महराजगंज :** कुसमहुरा निवासी किसान महादेव के घर पर अचानक आग लग गई। घटना में किसान में घर रखी गृहस्थी जल कर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना में करीब 25 हजार रुपए के नुकसान का आंकलन किया गया है। तहसील दार मंजुला मिश्रा ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल ने करीब 25 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान बताया है। रिपोर्ट आने पर संभव मदद दिलाई जाएगी।

### जालसाजी में दो को भेजा जेल

**शिवगढ़ :** पुलिस ने गूढ़ा निवासी हरिनाम और संतोष कुमार जालसाजी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन पर ग्राम पंचायत के एक मृत व्यक्ति के नाम फर्जी कागज तैयार कर बैनामा कराने का आरोप है। थानेदार विंध्य विनय ने बताया कि फर्जी कागजात तैयार कर बैनामा कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कस्बा इंचार्ज पर भाजपाइयों ने अभद्रता का लगाया आरोप

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कस्बा इंचार्ज पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने शिकायत कोतवाल से की है।

डलमऊ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार का कहना है कि वह एक मामले में मंगलवार को कोतवाली लालगंज आए थे। वहां कस्बा इंचार्ज ने बातचीज के दौरान अभद्रता की है। इस बात से नाराज भाजपा मंडल अध्यक्ष डलमऊ प्रदीप लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसुमेश लोधी, बीएल लोधी, लालगंज मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, किसान नेता रमेश सिंह, भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, उमेश सिंह,ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, विमलेश लोधी समेत रवी सिंह, रिंकू लोधी, शुभम गौड़ राहुल,आलोक, अवनीश मौर्य आदि बुधवार की सुबह कोतवाली पहुंचे और कोतवाल प्रमोद सिंह से अपनी नाराजगी जतायी। कस्बा इंचार्ज का कहना है कि महेंद्र उनके बेहद नजदीक आकर वार्ता कर रहे थे। उन्होंने दो कदम हटकर खड़े होने की बात कही थी। किसी के साथ कोई अभद्रता नही की है। कोतवाल ने मामले की जांच कराने की बात कहकर सभी के आक्रोश को शांत कराया।

## कवायद: बछरावां बस स्टेशन पर कराई गई साफ-सफाई

- एआरएम ने प्रभारी को व्यवस्थाओं को बदलने के दिए निर्देश

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बछरावां के बस स्टेशन पर सफाई कर्मियों को लगाकर आज फैली गंदगी की साफ-सफाई कराई गई। परिवहन विभाग रायबरेली के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बछरावां स्टेशन प्रभारी कुलदीप नारायण को पत्र के माध्यम से उक्त अव्यवस्थाओं को व्यवस्थाओं में बदलने के लिए निर्देशित किया था। निर्देशों को अमल में लाते हुए बछरावां स्टेशन प्रभारी कुलदीप नारायण ने नगर पंचायत को पत्र लिखा था। जिसके बाद आज बुधवार को नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को लगाकर बस स्टेशन परिसर पर व्याप्त गंदगी की साफ-सफाई कराई गई। वहीं अन्य कैंटीन, नालियों पर लगी जालियो, उखड़ती ईटें सहित समस्त अव्यवस्थाओं को व्यवस्थाओं में बदलने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। व्यवसायी सुनील सागर, सौरमंडल शुक्ला, भगवान कुमार अवस्थी, अंबेश सिंह, कुंवर वीरभान सिंह ने फैली गंदगी की सफाई कराने पर आभार जताया है।


बछरावां बस स्टेशन पर साफ-सफाई करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

### आजादी के बाद गांव में कराया गया खड़ंजा निर्माण

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के जमुरावां ग्राम पंचायत के अंतर्गत पूरे सूबेदार से पूरे शिवबक्श गांव की लंबाई लगभग एक किलोमीटर है। जिसमें लगभग 200 की आबादी है। गांव निवासी गयादीन लोधी, भोला, छोटी लोधी, संतराम लोधी, बाबू लोधी, श्रीराम पंडित, अनूपनाथ, शीतला प्रसाद, नरेंद्र आदि गांववासिंयों ने बताया कि आजादी से आज तक गांव वासियों को पक्की सड़क को छोड़िए खड़ंजा तक में नसीब नहीं हुआ। खड़ंजा ना होने के कारण बरसात के समय स्कूली बच्चों को कीचड़ युक्त रास्ते से गुजर कर जाना पड़ता था, और गांव में एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पाती थी। जिससे ग्रामीणों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। गांव वासियों ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर ग्राम प्रधान अनुराग कुमार के द्वारा इस खड़ंजे का निर्माण कराया जा रहा है। गांव वासियों ने ग्राम प्रधान अनुराग कुमार व विधायक प्रतिनिधि बछरावां अमित कुमार त्रिपाठी का आभार व्यक्त किया।


पूरे सूबेदार गांव में कराया जा रहा खड़ंजा निर्माण।

## मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत

**कोहराम:** नसीराबाद थाना क्षेत्र में ईदगाह के पास खनन के दौरान हुआ हादसा


मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार


घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

परशदेपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में ईदगाह के पास खनन के दौरान गड्ढे में मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार को नसीराबाद कस्बे के वार्ड नंबर तीन मोहल्ला पुरानी कोठी निवासी श्रमिक ब्रजेश कुमार कोरी (22), इरफान (24), ब्रजलाल (60) और रोहित (25) ईदगाह के पास एक व्यक्ति की निजी जमीन पर फावड़े से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर रहे थे।

### दो अन्य लोग घायल

बताते हैं कि बीते लगभग एक माह से जेसीबी मशीन द्वारा खनन कार्य चल रहा था, जिससे लगभग 20 फुट गहरा गड्ढा हो गया था।

खोदाई के दौरान अचानक ऊपर से मिट्टी का बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया और चारों श्रमिक गड्ढे में दब गए। मौके पर मौजूद अन्य श्रमिक शोर सुनकर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचाया। चिकित्सकों ने बृजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया और बृजलाल तथा इरफान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बृजलाल की भी मौत हो गई, जबकि इरफान का इलाज चल रहा है। रोहित को हल्की चोट थी इसलिए उसे प्रारंभिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

वहीं थानाध्यक्ष पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया है। सलोन एसडीएम चंद्रप्रकाश गौतम के निर्देश पर तहसीलदार रिचा सिंह, कानूनगो अमर बहादुर सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल के साथ मौके की जांच की है।

### छत से गिरा मासूम

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के सेनपुर गांव निवासी प्रेम शंकर का 7 वर्षीय बेटा अविनाश शर्मा छत पर खेलते समय अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गया। घटना में उसे गंभीर चोटें आईं। परिजन आनन-फानन में घायल अविनाश को सीएचसी महराजगंज लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

**आक्रोश**

- विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर किया गया पुतला दहन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बांग्लादेश में हिंदुओं की निर्मम हत्या और अत्याचार के विरोध में बुधवार को लोग सड़क पर उतर आए। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जनाक्रोश रैली, विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।

सर्वप्रथम विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हिन्दू जनमानस के कार्यकर्ता सुपर मार्केट में एकत्र हुए। नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। पैदल मार्च करते हुए सुपरमार्केट से शहीद चौक डिग्री कॉलेज चौराहे पहुंचे। वहां उन्होंने कट्टरपंथी जिहादी हत्यारों का पुतला फूंका। प्रान्त सहमंत्री विवेक सिंह ने कहा कि दीप चंद्र दास की की गई निर्मम हत्या से पूरे देश का हिन्दू समाज आक्रोशित है।बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमें ऐसी जिहादी मानसिकता व कट्टरपंथी तत्वों से निपटने के लिए समस्त हिन्दू समाज को एकजुट रहना होगा। हमारी सरकार से मांग है कि वहां पर रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए।

जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि हिन्दुओं को कमजोर समझने की ऐसी जिहादी भूल न करें। इन सबकी इन्हीं कायराना हरकतों की वजह से बंगाल में लगातार हिंदू पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।

इस दौरान जिला संयोजक विनोद मौर्या, जिला मंत्री धनंजय पाण्डेय, हरिश्चंद्र शर्मा, दिनेश लोधी, महेश विश्वकर्मा, गया प्रसाद शुक्ला, रमाशंकर त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, ऐश्वर्या मिश्रा, अतुलित बाजपेयी, राजू रावत आदि उपस्थित रहे।


विरोध में डिग्री कॉलेज चौराहा पर पुतला दहन करते लोग। अमृत विचार

### व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन आज

**डलमऊ (रायबरेली)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में लोगों में जबरदस्त नाराजगी है। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल की ओर से 25 दिसंबर को जेहाद के क्रूरतम स्वभाव का पुतला दहन और प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपा जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दीप नारायण साहू ने दी। इस मौके पर, योगेंद्र शुक्ला, सुशांत त्रिपाठी, कुलदीप कुमार, सर्वेश मौर्या, सुधीर जायसवाल, अमित कुमार, सतीश कुमार, रज्जन गुप्ता, राजेश, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## युवक पर प्रेम में धोखा व धर्म परिवर्तन का आरोप

संवाददाता, जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक पर झारखंड की युवती को नाम बदलकर प्रेमजाल में फंसाने, शारीरिक व आर्थिक शोषण करने और धर्म परिवर्तन कराने का गंभीर आरोप है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2018 में सोशल मीडिया के ऐप स्टार मेकर पर पिछवारा निवासी मोहम्मद शमीम सिद्दीकी से दोस्ती हुई। इसके बाद युवक ने इंस्टाग्राम पर आईडी बनाने के लिए कहा और दोनों में घंटो बातचीत होती थी। बातचीत बढ़ने पर युवक ने शादी का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसा लिया। आरोप है कि इस दौरान युवक ने उसका शारीरिक शोषण किया और अलग-अलग बहानों से पैसे भी लिए। साथ ही लगातार धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया गया।

### मुकदमा दर्ज

- सोशल मीडिया के जरिये युवक और युवती की होती थी घंटों बात फिर बढ़ी नजदीकियां

पीड़िता का कहना है कि दिसंबर 2022 में युवक उसे दिल्ली ले गया, जहां उसका शोषण किया गया। मार्च 2023 में वह प्रयागराज गई और कुछ समय तक युवक के परिजनों के यहां रही। इसके बाद सितंबर 2025 में युवक ने उसकी तस्वीरें वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। पीड़िता जब रायबरेली पहुंची और युवक से संपर्क किया तो वह टालमटोल करता रहा। परेशान होकर पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तर्कशक्ति एवं नवाचार की भावना को विकसित करना रहा था। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एआरपी सरेनी प्रकाश द्विवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन डॉ. यज्ञ दत्त शुक्ल, आनंद प्रकाश तिवारी, विनल किशोर विक्रम एवं सूरज सिंह ने संयुक्त रूप से किया।प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों के उत्तरों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन विभा, सौरभ तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र एवं अश्वनी की मूल्यांकन समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। छात्र अर्पित, जानवी, दीक्षा, सरस्वती, अनन्या, काजल, मानवी आस्था सचिन व अमित टॉप 10 में चयनित हुए। इस अवसर पर शिक्षक क्षमता, विनय कुमार, संतोष, रमेश, अमरेश, अरुणेश, रामराज आदि उपस्थित रहे।


प्रतियोगिता के पुरस्कृत किये गये बच्चे। अमृत विचार

**वॉलीबॉल में बछरावां, क्रिकेट में लालगंज टीम विजेता, सतांव:** छात्रों में खेलों के माध्यम से शारीरिक विकास, उनके अन्दर टीम भावना का विकास और क्षमताओं के प्रदर्शन के लिए बुधवार को एसजेएस गुरुबक्शगंज में इंटर ब्रांच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह और सहप्रबंधिका अनुश्री सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके बाद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इस प्रतियोगिता में एसजेएस महराजगंज, लालगंज, बछरावां और गुरुबक्शगंज के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट का आयोजन हुआ। कबड्डी में महराजगंज, खो-खो में गुरुबक्शगंज, वॉलीबॉल में बछरावां और क्रिकेट में लालगंज के छात्रों की टीम विजयी रही। प्रधानाचार्या प्रीती सिंह ने मैनेजमेंट और रेफरीज को कैप, बैच पहनाकर सम्मानित किया।

### हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप का आक्रोश मार्च

**लालगंज, (रायबरेली), अमृत विचार।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राम गोपाल त्रिपाठी और जिला अध्यक्ष अजय बाबू पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ लालगंज नगर में आक्रोश मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से वहां रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की। प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भारत में जन आक्रोश बढ़ रहा है। विश्व हिंदू परिषदऔर बजरंग दल लगातार हिंदुओं की रक्षा के लिए प्रदर्शन कर रहा है। लालगंज में सैकड़ो विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अस्पताल तिराहे के पास से नारे लगाते हुए करुणा बाजार चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने बांग्लादेश मेंहुई दीपू दास की निर्मम हत्या के खिलाफ न्याय की मांग की। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने बैनर और तख्तियां लहराईं। रामगोपाल त्रिपाठी ने कहा कि पूरे प्रदेश में बांग्लादेश के खिलाफ हिंदुओं में उबाल है। अब सरकार को धर्मनिरपेक्ष को त्याग कर हिंदू राष्ट्र की घोषणा करनी चाहिए।प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया और हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की है। रमेश सिंह ने कहा कि सरकार को बांग्लादेश पर आक्रमण कर वहां की कठमुल्लावादी सरकार को नेस्तनाबूद कर देना चाहिए। जिला अध्यक्ष अजय बाबू पांडे ने भी बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं की निर्मम हत्या पर आक्रोश जताया। इस मौके पर अनूप पांडे, कैलाश बाजपेई, रूपेश अवस्थी, नीरज बाजपेई, चंद्र प्रकाश पांडे, मनोज अवस्थी, गौरव शुक्ला, श्याम दीक्षित, कौशलेंद्र कंचन, राणा गुप्ता, अखिलेश बाजपेई, अवधेश सविता, श्याम दीक्षित, बच्चा लाल प्रधान, राम शंकर आदि मौजूद रहे।



बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

## छात्रों ने संस्कृति कार्यक्रम किए प्रस्तुत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** हरचंदपुर विकास क्षेत्र के डिडौली गांव में ग्राम प्रधान के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम किया गया। जिसमें कई स्कूलों के छात्राओं ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राकेश सिंह ने असहाय व गरीबों को कंबल वितरित किये। स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्राओं द्वारा एक से एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम डिडौली में स्थित जगत जननी बुढ़िया माता के मंदिर प्रांगण में हुआ। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिडौली ग्राम प्रधान पूनम सिंह मौजूद रहे। प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार सिंह कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

इस मौके पर राममोहन, रामू दादा, महेंद्र सिंह, रवि मौर्य, मोहन सिंह, शैलेंद्र चौधरी, चंद्रपाल चौधरी, जगन्नाथ सिंह, राम लखन आदि लोग रहे। रविदास की बेटी को उच्च प्राथमिक विद्यालय में सर्वोच्च अंक


डिडौली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### आयोजन

लाने पर कु. महक को प्रधान द्वारा एक साइकिल भेंट की गई। प्राथमिक विद्यालय डिडौली प्राथमिक विद्यालय गोकुलपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

**जगह-जगह चलाया गया जागरूकता अभियान, रायबरेली:** क्रिसमस पर्व के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतिम दिन फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के माध्यम से आज सवैय्या तिराहा, ऊंचाहार, नसीराबाद एवं सलोन क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एफएसओ कंचनलता तिवारी एवं एफएसओ शेफाली रस्तोगी ने स्थानीय व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित एवं मानक अनुरूप खाद्य पदार्थों के सेवन हेतु जागरूक किया गया।

**मदद** | शीतलहर व ठंड में गरीब और असहाय लोगों को राहत देने को नेकी की दीवार का आयोजन

## शिक्षाविद की नेक पहल, वॉल ऑफ चैरिटी देगी गर्माहट

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** "मदद में जो, बढ़े एक हाथ, तो सौ हाथ, साथ हो लिए" इस पंक्ति को चरितार्थ करता एक मानवीय और प्रेरणादायी दृश्य उस समय देखने को मिला जब न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में न्यू स्टेंडर्ड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा के मार्गदर्शन में वॉल ऑफ चैरिटी (नेकी की दीवार) का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में गरीब और असहाय लोगों को राहत पहुंचाना तथा समाज में दान व सहयोग की संस्कृति को मजबूत करना रहा।

इस अनूठी सामुदायिक पहल के माध्यम से जरूरतमंदों को सीधे दानदाताओं से जोड़ने का प्रयास किया गया, ताकि सहयोग पारदर्शी, सम्मानजनक और प्रभावी हो सके। विद्यालय परिसर में स्थापित वॉल ऑफ चैरिटी पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए गर्म कपड़े, स्वेटर, जैकेट, कंबल आदि दान किए। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क गर्म कपड़े प्राप्त किए। ठंड से राहत मिलने पर उनके चेहरों पर संतोष और मुस्कान साफ झलक रही थी। लाभार्थियों ने इस मानवीय पहल की खुले दिल से सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता, सेवा और सहयोग की भावना भी विद्यार्थियों में विकसित करना हमारा कर्तव्य है। वॉल ऑफ चैरिटी जैसी पहल समाज में मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है, इसी क्रम में विद्यालय के गेट पर लगातार अलाव जलाया जाएगा और प्रशासन से वार्ता कर रैन बसेरे की व्यवस्था भी कराई जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि जरूरतमंदों तक सहायता समय पर और सम्मान पूर्वक पहुंच सके। यह आयोजन न केवल ठंड से राहत देने का माध्यम बना, बल्कि समाज में परस्पर सहयोग, करुणा और सेवा भाव की मिसाल भी प्रस्तुत कर गया।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, अजयराज सिंह, विवेक सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रामकिशोर यादव, कमरान, राकेश अवस्थी, शाहीन खान, अवधेश शर्मा, रश्मि सिंह, आलोक सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित वॉल ऑफ चैरिटी में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित करते प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा, मौजूद अन्य। अमृत विचार

# युवक का शव रोड पर रख लगाया जाम

## आक्रोशः धारदार हथियार से युवक की हत्या का मामला, मांगें मानने पर अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन

संवाददाता, मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में बीते मंगलवार देर शाम धारदार हथियार से एक युवक पर हमला कर हत्या कर दी गई थी। बुधवार शाम लगभग चार बजे पोस्टमार्टम के बाद शव ज़ब गांव पहुंचा तो परिजनों के साथ ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने शव सड़क पर रखकर कई घंटों रोड जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार राहुल सिंह के आश्वाशन पर काफी मान मनौव्वल के बाद भी परिजन नहीं माने। गुस्साए परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे और तहसीलदार के उनकी मांगे मानने की बात परिजन अंतिम संस्कार करने को राजी हो गए।


रत्नेश मिश्रा की फाइल फोटो।


रोड जाम कर प्रदर्शन करते ग्रामीण व परिजन। अमृत विचार

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के पिंडारा ठाकुर गांव में जहां मंगलवार देर शाम को शौच के लिए गए 23 वर्षीय रत्नेश मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा पर पड़ोस के ही रहने वाले कुछ आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रत्नेश को जिला अस्पताल सुल्तानपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद बुधवार शाम लगभग 4 बजे मृतक रत्नेश का शव पोस्टमार्टम के बाद ज़ब गांव पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। वहीं इस घटना से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। नाराज परिजन व ग्रामीणों ने नृसंस हत्या को लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों ने मुसाफिरखाना-गौरीगंज मार्ग पर शव रखकर घंटों जाम लगा दिया। और नारेबाजी करते रहे जाम लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने के अलावा आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास करती रही। वहीं ग्रामीण गिरफ्तारी पर अड़े रहे। सड़क जाम देख प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और मौके पर तहसीलदार राहुल सिंह,नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह पहुंचे और कार्यवाई का आश्वासन देकर जाम हटवाया। युवक की हत्या से मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और सैकड़ों की संख्या में भीड़ मौजूद है।परिजनों की मांग है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। इस हत्याकांड में पुलिस ने 6 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। जबकि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। वहीं परिजनों ने प्रशासन के सामने तीन मांगें रखीं हैं, जिसमें सरकारी आवास, आर्थिक मदद व आवासीय पट्टा शामिल है। जिसको पूरा करने के आश्वासन पर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए।

ग्रामीणों के मुताबिक युवक के परिवार में पिता संतोष मिश्रा, माता सुमन मिश्रा, बड़ा भाई पुष्पेन्द्र मिश्रा, बहन गुड़िया है। जबकि कमाने वाला रत्नेश ही था। वहीं पिता ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र की हत्या जमीनी विवाद में हुई है। जिसको लेकर कई बार शिकायती पत्र थाने पर दिया गया, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई, अन्यथा मेरा बेटा आज जिंदा होता।

### क्या बोले जिम्मेदार

हत्या के मामले में एडिशनल एसपी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। वहीं मामले में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पुलिस पूछताछ की कर रही है।

# सीएमओ ने नदारद कर्मचारियों का तीन दिन का वेतन काटने के दिए आदेश


रजिस्टर का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार

शुकुल बाजार, अमेठी

**निरीक्षण**

● कई खामियां मिलने पर जताई नाराजगी व लगाई फटकार

**अमृत विचार।** शुकुल बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को देर शाम जब सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिस पर सीएमओ ने मौके पर ही नाराजगी जताई है और कर्मचारियों को फटकार लगाई।

सीएमओ के निरीक्षण में पाया गया कि आरबीएसके के दिनेश तिवारी, बीएचडब्ल्यू आशीष दीक्षित, नर्स सीता वर्मा, माता प्रसाद चौधरी, डेंटल विभाग के अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. सुशील चंद्र शुक्ला, संविदा कर्मी समा खान और राज कुमारी सहित कई कर्मचारियों ने उपस्थित रजिस्टर में हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए सीएमओ ने संबंधित सभी कर्मचारियों से तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। वेतन काटने का आदेश भी दिया है सीएमओ अंशुमान सिंह ने साफ कहा है कि यदि तय समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो सभी का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी सीएमओ के निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा और पूरे समय अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

सीएमओ ने अधिकारियों ने कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी करने और नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी है।

**न्यूज ब्रीफ**

### छात्राओं को भविष्य के दिए टिप्स

**रायबरेली :** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के तत्वावधान में जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेला-2025 का आयोजन पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया। इस मेले का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा निर्धारित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. स्मिता मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संगीत शिक्षिका आकांक्षा सिंह के निर्देशन में विद्यालय की छात्रा हिमांशी पाल और साक्षी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। करियर गाइडेंस कार्यक्रम की जनपदीय नोडल अधिकारी सविता वर्मा और बृजेश शर्मा ने मेले के उद्देश्य, महत्त्व एवं गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में पोस्टर, स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ छात्राओं ने रोल प्ले के माध्यम से विभिन्न कैरियर विकल्पों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प-प्रधानाचार्या सुनीता सिंह, इरफान सिद्दीकी, सविता वर्मा, बृजेश शर्मा, सुनीता सिंह, अंजुम यादव, शिवहर्ष, डॉ. नबी अहमद, सुरेश कुमार मिश्र, उदय प्रताप श्रीवास्तव, शिवशंकर मौर्य, राजीव कुमार सिंह, प्रत्युष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. राजेश यादव, ज्ञान प्रकाश मिश्र रहे।

### अटल जयंती के पूर्व कार्यक्रम आयोजित

**लालगंज (रायबरेली):** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में पंडित मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई का जन्म जयंती कार्यक्रम पूर्व संध्या पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने समाजसेवी मनोज कुमार गुप्ता एवं सुशील कुमार शुक्ला को अंग वस्त्र शाल देकर सम्मानित किया। सभी मंचासीन अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप कुमार पांडे, प्रबंधक कैलाश वाजपेई, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, वरिष्ठ समाज सेवी मनोज कुमार गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय सदस्य सुशील शुक्ला, कैलाश वाजपेई, प्रधानाचार्य सुरेश पाठक ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राम नारायण सिंह, रमेश मिश्रा, अशोक यादव, रामशरण अग्निहोत्री, सुरेश वर्मा, आर्या श्रीवास्तव, जगदेव प्रसाद वर्मा, दिवाकर सिंह, रमेश बाजपेई, शिवांकरी तिवारी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, दिव्यांशी बाजपेई, शालिनी मिश्रा, शिवांगी विश्वकर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन

**अमेठी :** अमेठी विकासखंड क्षेत्र के पीठीपुर घाघूघार गांव में आयोजित सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन धार्मिक उल्लास और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कथा व्यास पूज्य नन्द किशोर पाण्डेय महाराज के मुखारबिंदु से प्रवाहित हो रही श्रीमद्भागवत कथा को सुनने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। चौथे दिन बुधवार की कथा में भगवान श्रीकृष्ण के अवतार एवं बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि जब पृथ्वी पर पाप बढ़ा और धर्म की हानि होने लगी, तब भगवान विष्णु ने देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। इस दौरान विवेक मिश्रा, मनोज तिवारी, तीरथ राज शुक्ला, अशोक मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, नरेंद्र पाण्डेय, सूरज यादव, दीपक शुक्ला, सुभाष विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, सुभ्रत अली, हरि, नरेन्द्र, बादल खान, शाहिद आदि रहे।

# एकजुटता व शिक्षा में जरूरी है संस्कारः अनिल

संवाददाता, सिंहपुर (अमेठी)


हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते आरएसएस के सह कार्यवाह अनिल। अमृत विचार

**हिंदू सम्मेलन**

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र स्थित अहोरवा भवानी कस्बा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम के समापन पर तहरी भोज का आयोजन हुआ और बड़ी संख्या में हिंदू जनमानस उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय सह कार्यवाह अनिल ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाना है तो एकजुटता जरूरी है और शिक्षा में संस्कार जरूरी है, सनातन की परिकल्पना है वसुधैव कुटुंबकम।

उन्होंने कहा की परोपकार करो और संगठित होकर रहो। इसके अलावा सम्मेलन के मुख्य अथिति रहे राम नरेश पासी, सुरेशानन्द महाराज, अनीता साहू, शिव प्रसाद मौर्या ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन का संचालन अनिल पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर धर्मेश मिश्रा, अरुण प्रताप सिँह ,तेज नरायण मिश्रा, रामजी शुक्ला, अशोक सोनी, सुनील सिँह, बच्चू लाल यादव, विवेक पाण्डेय, कुलदीप मिश्रा,कौशलेन्द्र बंटी सिँह,मिंटू सिँह,दिनेश जायसवाल,गयानाथ सिँह, रज्जन तिवारी,अमरीश जायसवाल,राजेश पाण्डेय, अखिलेश रावत, दिलीप तिवारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**अटल चौक पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन, लालगंज:** भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी के तत्वाधान में नगर के अटल चौक पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई स्मारक स्थल लालगंज में कार्यकर्ताओं ने दीप जलाए और नमन किया। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई केवल भाजपा ही नहीं सभी दलों के प्रिय नेता थे। भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रवाद के नारे के साथ पोखरण परमाणु विस्फोट किया और पाकिस्तान को पराजित कर कारगिल विजय से विश्व को हिंदुस्तान के शक्तिशाली होने का जोरदार संदेश दिया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर नागेंद्र सिंह, सत्येंद्र बहादुर सिंह, संजय बाजपेई, राजेश निर्मल, रिंकू बाजपेई, जयशंकर चौधरी, अवधेश सविता आदि मौजूद रहे।


# ट्रेन में छात्रों के बीच हुई मारपीट, जांच शुरू

**अमेठी।** इंटरसिटी एक्सप्रेस बनारस-लखनऊ में अमेठी रेलवे स्टेशन से बुधवार सुबह 8.30 पर रवाना होने के बाद छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में एक छात्र के सिर में गंभीर चोट आने की बात कही जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस और जीआरपी ने संज्ञान लिया है। इस संबंध में अमेठी जीआरपी चौकी प्रभारी फरीद खान ने बताया कि जब तक घटना की सूचना मिली, तब तक ट्रेन प्लेटफॉर्म छोड़कर आगे बढ़ चुकी थी, जिसके चलते मौके पर तत्काल कार्रवाई संभव नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं जीआरपी चौकी प्रभारी फरीद खान ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिनों से लापता अधेड़ का नहर में मिला शव

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पूरे निद्धा मजरे जमुरवां निवासी एक अधेड़ का शव शारदा सहायक खंड 28 नहर में पड़ा मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मोहनगंज थानाक्षेत्र निवासी मृतक संतराम (50) तीन दिनों से लापता था। मृतक गांव से शंकरगंज सोमवार दोपहर दवा लेने के लिए घर से निकला था। लेकिन रात तक वापस घर नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी खोजबीन शुरू किया। पता न चलने पर मृतक के पुत्र अर्जुन ने मंगलवार को थाने पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों के साथ पुलिस भी सक्रिय हुई तो बुधवार सुबह नहर पर संतराम की साइकिल खड़ी मिली। उसी स्थान के आसपास नहर में खोजबीन शुरू हुई तो उसका शव नहर से बरामद हुआ। नहर से शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी राकेश सिंह और क्षेत्राधिकारी तिलोई मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगो द्वारा अनुमान लगाए जा रहा हैं कि संतराम शौच के लिए नहर पर गया था और वह बहती नहर में गिर गया होगा। मृतक संतराम के पांच लड़के और एक पुत्री है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात मौत का कारण स्पष्ट हो जायेगी।

### माइनर की सफ़ाई न होने से 50 बीघे गेहूं की फसल जलमग्न


बसंतपुर के गेहूं के खेतों में भरा पानी।

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** सिंहपुर रजबहा से निकली लौली माइनर के अंतिम छोर की गूल (नाली) की सुचारू रूप से साफ-सफाई न होने से मंगलवार रात्रि में 50 बीघे गेहूं की फसल बसंतपुर स्थित मदहा झील में जलमग्न हो गई है। जिससे किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्रीय ग्रामीण प्रदीप मिश्र, हरिनाथ, सोहनलाल, माताफ़ेर, अजय, संजय, सहजराम आदि ने बताया की लौली माइनर की अंतिम छोर की गूल (नाली) की यदि जिम्मेदारों ने साफ-सफाई कराई होती तो आज गेहूं की फसल बर्बाद नहीं होती। किसानों ने माइनर की सीमा से इन्हौना ड्रेन तक खोदाई करवाये जाने की मांग की है।

### गौरीगंज पुलिस लाइन में लगी राजीव गांधी की प्रतिमा बदहाल, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**गौरीगंज, अमृत विचार।** गौरीगंज मुख्यालय में निर्माणाधीन पुलिस लाइन परिसर में लगी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा की हालत बदहाल हो गई है। प्रतिमा टूट-फूट और गंदगी में पड़ी होने से लोगों में नाराजगी है। इसको लेकर यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। शुभम सिंह ने कहा कि राजीव गांधी अमेठी के बेटे थे और उनके सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यूथ कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिमा की मरम्मत और साफ-सफाई जल्द कराई जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सौरभ सिंह (एनएसयूआई), शिवेंद्र विक्रम सिंह, शुभम तिवारी, दुर्गेश प्रताप सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइकिल से गुजरात से नेपाल की यात्रा पर निकले युवा

संवाददाता, डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** देश को एकता के सूत्र में पिरोने का संकल्प लेकर साइकिल से 1800 किलोमीटर गुजरात से नेपाल की यात्रा कर रहे युवाओं का जोरदार स्वागत किया गया। कस्बे में लोगों ने उनका सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया।

गुजरात प्रांत के सूरत शहर के कतार गांव के रहने वाले तीन युवा रोहित वरीय, भाविक कालसरिया और साहिल उनागर छोटी सी उम्र में बड़ा कारनामा करने की ठानी। संपूर्ण समाज को एकता के संदेश देने के लिए 1800 किलोमीटर की यात्रा तय कर निकल पड़े, जिस उम्र में युवा अपने भविष्य की चिंता और परिवार के सहयोग के लिए प्रयास करते हैं उस उम्र में गुजरात प्रांत की सूरत के रहने वाले इन तीन युवाओं ने सभी को राष्ट्रीय एकता के लिए एकजुट रहने का संदेश देने निकले हैं। युवाओं ने बताया कि गुजरात से मध्य प्रदेश इंदौर होते हुए उत्तर प्रदेश, बिहार राज्य के रक्सौल होते हुए नेपाल पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे। उसके बाद वापस अपने घर को लौटेंगे। यह यात्रा लगभग 1800 किलोमीटर लंबी है। पूरी यात्रा लगभग 25 दिनों में करेंगे। प्रतिदिन 80 से 100 किलोमीटर की यात्रा तय करते हैं। युवाओं ने बताया कि उनकी यात्रा का उद्देश्य देश भर के विभिन्न राज्यों में जाकर वहां की संस्कृति और सभ्यता को जानना और पहचाना है। पिछले वर्षों में उन लोगों ने साइकिल से अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, महाकुंभ प्रयागराज, अयोध्या सहित कई अन्य स्थानों की यात्रा कर चुके हैं।


साइकिल से नेपाल जाते युवक।

**सिटी डायरी**

### फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत धार्मिक आस्था का प्रतीक


वीर बालकों की शहादत को याद करते भाजपा नेता।

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** महाराजा रणजीत सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की कहानी इतिहास के सबसे मार्मिक और प्रेरणादायक अध्यायों में से एक है। दिसंबर 1704 में मात्र 9 और 6 वर्ष की आयु में उनकी शहादत उनके धर्म और सिद्धांतों के लिए सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। यह विचार बुधवार को ऊंचाहार ब्लॉक के शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दोनों कम उम्र के बच्चों के अपने विश्वास में अडिग रहने और उनमें साहस और दृढ़ता की भावना का संचार युगों युगों तक प्रेरणा का श्रोत रहेगा। उनका जीवन चरित्र हमें विषम परिस्थितियों में भी अपने विश्वासों के लिए दृढ़ रहने के लिए प्रेरित करता है। यहां मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, मंडल महामंत्री अरविंद शर्मा, विकास श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र सिंह, राजू सोनी, राजन कौशल आदि थे।


सदस्यता ग्रहण करते अध्यक्ष विवेक शर्मा और रोहित सोनी।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सदस्यता अभियान 2026 का शुभारंभ

**लालगंज (रायबरेली)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज नगर की सदस्यता अभियान 2026 का शुभारंभ व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के द्वारा रायबरेली रेलवे क्रॉसिंग से शुरू किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर सह सदस्यता प्रभारी हंसराज विश्वकर्मा, संरक्षक रामबाबू सोनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय वाजपेई, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सोनी, अमित गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, मोहम्मद परवेज, अर्पित गुप्ता, पीयूष गुप्ता ,नीरज गुप्ता आदि तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।


शिविर में रक्तदान करते लोग।

### शिविर में 36 यूनिट रक्त संग्रह

**संग्रामपुर (अमेठी)।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एमडब्ल्यूओ) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने अपनी दिवंगत मां सोना देवी की पुण्यतिथि पर मानवीय सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने संग्रामपुर ब्लॉक के करनाईपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत रानीपुर गांव स्थित अपने आवास पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 36 लोगों ने रक्तदान कर मां को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर घनश्याम शर्मा ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है और यही मां की पुण्य आत्मा को वास्तविक श्रद्धांजलि है।


थाने का निरीक्षण करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। अमृत विचार

### थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

**संग्रामपुर (अमेठी) :** एसपी अर्पणा रजत कौशिक ने बुधवार को संग्रामपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क और वात्सल्य केंद्र का मुआयना कर महिला एवं बाल अपराधों पर विशेष संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी ने लंबित विवेचनाओं व प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मलखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस, बीट व्यवस्था और साफ-सफाई की जांच की गई। इस अवसर पर सीओ अमेठी मनोज मिश्रा सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

**आयोजन**

**समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षार्थियों को दिशा-निर्देश दिए**

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के नामांकन पर दिया जोर

संवाददाता, डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिव्यांग बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने प्रशिक्षार्थियों को दिशा निर्देश दिए।


आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। अमृत विचार

घोरवारा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 22 दिसंबर से चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ। इसमें 34 कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिव्यांग बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। नव प्रवेशित बच्चों को प्रेरित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकन करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। सरकार की मंशा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर सभी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन हो, जिसमें दिव्यांग बच्चों को मुख्य रूप से प्रवेश कराने की योजना है। कोई भी दिव्यांग आंगनबाड़ी केंद्र में प्रवेश से वंचित न हो इसके लिए किया जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। संदर्भदाता जितेंद्र कुमार, प्रशिक्षक अजय कुमार, शैलेंद्र चौधरी, रमाशंकर, शैलेश मौर्य, आनंद प्रकाश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।


पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक, प्रशिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**दो दिवसीय सतत् पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम आयोजित, रायबरेली:** भारतीय पुनर्वास परिषद भारत सरकार नई दिल्ली की ओर से सीबीएसएम स्पीच एण्ड हियरिंग इन्स्टीट्यूट में बुधवार को दो दिवसीय सतत् पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर परिवार का अर्थ, परिभाषा तथा दिव्यागता के कारण निवारण और उपचार तथा समाज के प्रति जागरुकता के संबंधित कारणों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आए विशेष शिक्षकों को प्रशिक्षक व्याख्याता मनमीत सोनकर, रमापति मिश्र, रत्नेश प्रताप सिंह, प्रगति शुक्ला, श्रवण कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को शिक्षण संबंधित किट प्रदान की गई।

# अमृत विचार

गुरुवार, 25 दिसंबर 2025






छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।
–अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री

## त्रिपक्षीय वार्ता ही समाधान

उत्तर–पूर्व भारत एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहां छोटी-सी चिंगारी बड़े राजनीतिक और सामाजिक विस्फोट का रूप ले सकती है। एक ओर पड़ोसी बांग्लादेश में अस्थिरता और हिंसा का माहौल है, दूसरी ओर मणिपुर अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है। ऐसे समय में कार्बी आंगलोंग में भड़की हिंसा को हल्के में लेना एक गंभीर भूल होगी। यह घटना केवल एक स्थानीय विवाद नहीं, बल्कि उत्तर–पूर्व की संवेदनशील राजनीतिक-सामाजिक संरचना की चेतावनी है। कार्बी आंगलोंग, जो भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के तहत एक स्वायत्त क्षेत्र है, लंबे समय से भूमि, पहचान और अधिकारों के प्रश्नों से जूझता रहा है। हालिया हिंसा का केंद्र ग्रामीण चारागाह रिज़र्व और पेशेवर चारागाह रिज़र्व की ज़मीन से कथित अवैध कब्ज़े हटाने की मांग रही है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अन्य राज्यों से आए 'बाहरी लोगों' ने आरक्षित भूमि पर कब्ज़ा कर लिया है।

सवाल यह है कि यह कब्ज़ा अचानक नहीं हुआ; वर्षों की प्रशासनिक शिथिलता, राजनीतिक संरक्षण और निगरानी की कमी ने इसे संभव बनाया। जब ऐसे मामलों को समय रहते नहीं सुलझाया जाता, तो असंतोष अंततः हिंसा का रास्ता पकड़ता ही है। भाजपा के नेतृत्व वाली कार्बी आंगलोंग स्वायत्तशासी परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य के घर को आग लगाने की घटना इस हिंसा को और गंभीर बना देती है। यह सत्ता-संरचना पर सीधा हमला है। इससे यह आशंका जन्मती है कि यह संघर्ष केवल दो सामाजिक गुटों तक सीमित नहीं है, इसके पीछे राजनीतिक हस्तक्षेप, उकसावे या साजिश की भूमिका भी है, क्योंकि भूमि और पहचान के मुद्दे अक्सर यहां राजनीतिक मोहरे बनते रहे हैं। जब लोग 15 दिनों से शांतिपूर्ण धरने पर बैठे थे, तब संवाद के ज़रिए समाधान क्यों नहीं निकाला गया? प्रशासन की ऐसी विफलता हिंसा को न्योतती है। अवैध रूप से रह रहे लोगों को बेदखल करने की मांग सैद्धांतिक रूप से जायज़ हो सकती है। इसे संवैधानिक और न्यायिक दायरे में रहकर ही पूरा किया जा सकता है। अदालतों के हस्तक्षेप और मानवाधिकारों की अनदेखी से स्थिति और विस्फोटक हो सकती है।

कार्बी आंगलोंग का पश्चिमी हिस्सा पहले भी हिंसा का गवाह रहा है। यह तथ्य बताता है कि मूल समस्याओं- भूमि प्रबंधन, स्वायत्त संस्थाओं की क्षमता और स्थानीय-बाहरी संतुलन को ईमानदारी से नहीं सुलझाया गया। राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती और हाई-लेवल मॉनिटरिंग तात्कालिक शांति के लिए आवश्यक है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं हो सकता। पुलिस अफसरों के तबादले प्रशासनिक संदेश तो देते हैं, पर भरोसा तभी बनेगा जब निष्पक्ष जांच और जवाबदेही हो। स्थानीय समुदाय, प्रशासन और राजनीतिक प्रतिनिधियों के बीच सरकार द्वारा प्रस्तावित त्रिपक्षीय वार्ता यदि ईमानदारी से की जाए, तो यह समाधान की दिशा में सार्थक कदम हो सकती है। इसके साथ-साथ ज़रूरत है पारदर्शी भूमि सर्वेक्षण, कानूनी प्रक्रिया के तहत पुनर्वास नीति और स्वायत्त परिषदों को वास्तविक निर्णय-सामर्थ्य देने की। उत्तर–पूर्व में शांति केवल बंदूक और बल से नहीं, बल्कि संवाद, संवैधानिक संवेदनशीलता और समयबद्ध न्याय से ही स्थापित हो सकती है।

### प्रसंगवश

## पुष्कर से आते हैं ख्वाजा की दरगाह के फूल

बारहवीं शताब्दी के महान सूफ़ी संत ख़्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती का 814वां सालाना उर्स समारोह इन दिनों अजमेर में मनाया जा रहा है। यहां के बारे में मशहूर है कि दरगाह पर चढ़ाए जाने वाले फूल अक्सर पुष्कर से मंगाए जाते हैं और पुष्कर के मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों पर चढ़ावे के लिए पूजा सामग्री की खीलें दरगाह ख़्वाजा साहब के बाज़ार से ही जाती हैं। यह हिंदू-मुस्लिम भाईचारे, आपसी सौहार्द और वसुधैव कुटुंबकम् की बेहतरीन मिसाल है। अजमेर में कभी भी हिंदू-मुस्लिम तनाव नहीं देखा गया। यहां दूसरे धर्मों के लोग रमज़ान में दरगाह आकर रोज़ा खोलते हैं। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के अफ़सर, इतिहासकार और प्रख्यात अंग्रेज़ी लेखक कर्नल जेम्स टॉड (1782-1835), जिन्हें राजस्थान के इतिहास का पितामह भी कहा गया है, ने अपनी मशहूर किताब 'एनल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ़ राजस्थान' में लिखा है, 'मैंने हिन्दुस्तान में एक क़ब्र को राज करते देखा है।'



मु. खालिद जीलानी
अधिवक्ता

आज से करीब आठ सौ साल पहले एक दरवेश हज़ारों मील का कठिन सफ़र तय करता हुआ सौहार्द का पैग़ाम लिए ईरान से हिन्दुस्तान के अजमेर पहुंचा, तो जो भी उसके पास आया उसी का होकर रह गया। उसके दर पर दीन-ओ-धर्म, अमीर-ग़रीब, छोटे-बड़े किसी भी तरह का भेदभाव नहीं था। सब पर उसके रहम-ओ-करम का नूर बराबरी से बरसा। तब से आज तक आठ सदियों से ज़्यादा वक्त बीत गया, लेकिन राजा हो या रंक, सभी मज़हब के लोगों ने, जिसने भी उनकी चौखट चूमी वह ख़ाली नहीं गया, इसीलिए उन्हें 'ग़रीब नवाज़' (ग़रीबों का हमदर्द) और 'सुल्तान-ए-हिंद' के नाम से भी जाना गया।

तेरहवीं सदी में दिल्ली के सुल्तान इल्तुतमिश ने पहली बार दरगाह की यात्रा की। बाद में मुग़ल अकबर और जहांगीर जैसे कई शासकों ने इसका जीर्णोद्धार और विस्तार किया। दरगाह का बुलंद दरवाजा इस बात का गवाह है। मुहम्मद-बिन-तुगलक, अलाउद्दीन ख़िलजी से लेकर बड़े से बड़ा हुक्मरान यहां पूरे अदब के साथ सिर झुकाए ही आया। देश की आज़ादी के बाद पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भी ख़्वाजा के दरबार में हाज़िरी दी। उन्होंने दरगाह के महफ़िलख़ाने की सीढ़ियों पर चढ़कर वहां मौजूद ज़ायरीनों का ऐतिहासिक संबोधन किया था।

महान कवि रवींद्रनाथ टैगोर, सरोजिनी नायडू, पंडित मदनमोहन मालवीय से लेकर जयप्रकाश नारायण, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसी विख्यात हस्तियों ने ख़्वाजा के संदेश को समझा, जाना और अजमेर आकर अपनी अक़ीदत के फूल पेश किए। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने दरगाह पर चादर भेजी थी। पाकिस्तान, बांग्लादेश के राष्ट्रपति, फ्रांस, जर्मनी, नेपाल, अफ़ग़ानिस्तान और मध्य पूर्व के देशों के नुमाइंदे भी दरगाह के लिए चादर भेजते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल दरगाह के लिए चादर भेजते हैं। इन तमाम हस्तियों के हस्तलिखित नज़राने ख़ादिमों की संस्था अंजुमन सय्यदजादगान कमेटी के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। आमतौर पर दरगाह पर रोज़ाना बीस से पच्चीस हज़ार लोग हाज़िरी देते हैं।

दरगाह ख़्वाजा साहब अधिनियम-1955, दरगाह के प्रशासन और प्रबंधन को विनियमित करता है। दरगाह की प्रबंधन कमेटी बनाने का प्रावधान करता है, जो दरगाह के बेहतर प्रशासन और बंदोबस्ती के लिए ज़िम्मेदार है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा गठित यह कमेटी, दरगाह के प्रबंधन की शक्तियों और कार्यों को निर्धारित करती है बाबजूद इसके दरगाह समय-समय पर कई झगड़ों और विवादों का केंद्र रही है।

# अरावली: कानून की सीमा व विकास की नैतिकता





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए यूनिवर्सिटी

विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में शामिल अरावली आज जिस बहस के केंद्र में है, वह बहस केवल संरक्षण बनाम विकास की नहीं, बल्कि हम किस तरह का विकास चाहते हैं- इस मूल प्रश्न की है। अरावली पर्वतमाला केवल एक भौगोलिक संरचना नहीं है, यह उत्तर-पश्चिम भारत की पर्यावरणीय स्थिरता-सुरक्षा और सभ्यतागत निरंतरता की आधारशिला है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली की परिभाषा और उससे जुड़े संरक्षण ढांचे को लेकर दिया गया निर्णय इसी व्यापक विमर्श को एक नई दिशा देता है।

न्यायालय ने प्रशासनिक स्पष्टता और एकरूपता के उद्देश्य से पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित 'समान परिभाषा' को स्वीकार करते हुए यह निर्धारित किया कि स्थानीय सतह से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले भूभाग ही तकनीकी रूप से 'अरावली हिल्स' माने जाएंगे। विधिक दृष्टि से यह निर्णय लंबे समय से चली आ रही अस्पष्टता को समाप्त करता है और नीति-निर्माण को एक स्पष्ट आधार प्रदान करता है।

साथ ही, सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान की अनिवार्यता यह संकेत देती है कि विकास केवल अनियंत्रित दोहन का पर्याय नहीं रह सकता, लेकिन यहीं से एक बड़ा प्रश्न उठता है। क्या कानून की न्यूनतम सीमा ही हमारे निर्णयों की अंतिम सीमा होनी चाहिए? यही वह बिंदु है, जहां व्यवसायिक नैतिकता, सतत विकास लक्ष्य (SDGs), पर्यावरण, सामाजिक दायित्व और सुशासन (ESG) और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) जैसे आधुनिक ढांचे प्रासंगिक हो जाते हैं।

> विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में शामिल अरावली आज जिस बहस के केंद्र में है, वह बहस केवल संरक्षण बनाम विकास की नहीं, बल्कि हम किस तरह का विकास चाहते हैं- इस मूल प्रश्न की है।

कानून यह तय करता है कि क्या वैध है, लेकिन व्यवसायिक नैतिकता यह पूछती है कि क्या उचित है? यदि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले अरावली क्षेत्र कानूनी परिभाषा से बाहर हो जाते हैं, तो यह उद्योग, खनन कंपनियों और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए एक परीक्षा का क्षण है। क्या वे इसे केवल एक 'नया अवसर' मानेंगे, या यह समझेंगे कि नैतिक उत्तरदायित्व कानून की रेखा से आगे तक फैला होता है? प्रकृति की कार्यप्रणाली ऊंचाई के मीटरों से नहीं चलती। अरावली की तलहटी, झाड़ीदार वन और जल ग्रहण क्षेत्र वह प्राकृतिक पूंजी हैं, जो भूजल पुनर्भरण, धूल नियंत्रण और जलवायु संतुलन जैसी सेवाएं निःशुल्क प्रदान करती हैं। यदि कोई व्यावसायिक निर्णय इन सेवाओं को नष्ट करता है, तो वह अल्पकालिक मुनाफ़े के बदले दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक लागत पैदा कर सकता है और यही नैतिक विफलता है।

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य केवल सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि वैश्विक विकास का नैतिक ढांचा हैं। अरावली का दोहन, चाहे वह तकनीकी रूप से वैध क्यों न हो, SDGs की भावना के विपरीत जाता है। सतत विकास का अर्थ केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि संसाधनों का ऐसा उपयोग है, जो आने वाली पीढ़ियों के विकल्पों को सीमित न करे। अरावली का संरक्षण सीधे-सीधे SDG-6 (स्वच्छ जल), SDG-11 (टिकाऊ शहर और समुदाय), SDG-13 (जलवायु कार्रवाई) और SDG-15 (स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र) से जुड़ा हुआ है।

आज वैश्विक निवेशक ESG को केवल रिपोर्टिंग टूल नहीं, बल्कि जोखिम आकलन का आधार मानते हैं। एक नैतिक और दूरदर्शी व्यवसाय यह समझता है कि पर्यावरणीय क्षरण अंततः आर्थिक अस्थिरता में बदलता है। अरावली का संरक्षण ESG के 'E' तक सीमित नहीं, यह सामाजिक स्थिरता और प्रशासनिक विश्वसनीयता- तीनों को प्रभावित करता है। अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में किया गया अनियंत्रित खनन या निर्माण भविष्य में जल संकट, सामाजिक विरोध और नियामकीय सख्ती को जन्म दे सकता है। यह सीधा-सीधा बिज़नेस रिस्क है।

यह याद रखना आवश्यक है कि पहाड़ किसी परियोजना की तरह बनाए नहीं जा सकते। वे प्रकृति की दीर्घकालिक रचना हैं, जिनका निर्माण हजारों-लाखों वर्षों की भूगर्भीय प्रक्रियाओं से हुआ है। वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, तापमान संतुलन और मरुस्थलीकरण पर नियंत्रण- ये सभी कार्य पहाड़ मौन रूप से करते हैं। एक बार नष्ट हुआ पहाड़ न तो पुनः खड़ा किया जा सकता है और न ही उसकी पारिस्थितिक भूमिका को किसी CSR फंड से बदला जा सकता है।

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यदि केवल वृक्षारोपण या वार्षिक रिपोर्ट तक सीमित रह जाए, तो वह अपने उद्देश्य से भटक जाती है। अरावली के संदर्भ में वास्तविक CSR का अर्थ है, ऐसे व्यावसायिक निर्णय लेना जो स्वयं नुकसान न पहुंचाएं। पहाड़ों को काटकर बाद में पौधे लगाना CSR नहीं, बल्कि नुकसान की आंशिक भरपाई है।

सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय कानून की स्पष्टता प्रदान करता है, लेकिन यह समाज, सरकार और उद्योग- तीनों के लिए एक नैतिक आह्वान भी है। न्यायालय का निर्णय विधिक न्यूनतम मानक तय करता है। SDGs, ESG और व्यवसायिक नैतिकता हमसे उससे आगे देखने की अपेक्षा करते हैं। अरावली का संरक्षण केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और दीर्घकालिक व्यावसायिक स्थिरता का प्रश्न है। सच्चा विकास वही है, जिसमें मुनाफ़ा प्रकृति की कीमत पर नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन बनाकर अर्जित किया जाए। यदि हमने इस संतुलन को समझ लिया, तो अरावली केवल बचाई नहीं जाएगी, वह हमारे विकास मॉडल को भी अधिक टिकाऊ, अधिक नैतिक और अधिक मानवीय बना देगी।

अरावली पर आया यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि हमारे विकास-बोध और कॉर्पोरेट आचरण, दोनों की मौन परीक्षा है। पहाड़ों की ऊंचाई नापी जा सकती है, पर उनकी उपयोगिता का पैमाना कहीं अधिक गहरा और दूरगामी है। CSR, ESG और SDGs यदि केवल अनुपालन और रिपोर्टिंग तक सिमट जाएं, तो वे अर्थहीन हो जाते हैं।

### आमने सामने



मुझे नहीं पता वह मौलाना हैं या कोई और उन्होंने कहा कि उनकी चार पत्नियां हैं और 19 बच्चे हैं। इनकी योजना ज्यादा बच्चे पैदा कर हिंदुस्तान को पाकिस्तान बनाने की है। मैं सुझाव देती हूं कि हिंदुओं को भी कम से कम तीन से चार बच्चे पैदा करने चाहिए।
–नवनीत राणा
बीजेपी नेता

नवनीत राणा बताएं कि उनके कितने बच्चे हैं। खुद के दो बाकी को लाइन में लगाएंगी क्या? जिस विचारधारा से उठकर आई हैं। उस विचारधारा के पोषक ही पाकिस्तान बनाने के जिम्मेदार हैं। सबसे पहले दो राष्ट्र की थ्योरी सावरकर साहब ने दी थी।
–इमरान मसूद
कांग्रेस नेता



# राजनीति में जरूरत है एक और अटल की



प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के राजनीतिक इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण व्यक्तित्व शिखर पुरुष के रुप में दर्ज है। दुनिया में उनकी पहचान एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रशासक, भाषाविद्, कवि, पत्रकार व लेखक के रूप में है। संघी विचारधारा में पले-बढ़े अटल जी ने बड़ी उदारता के साथ इस विचारधारा को अपने से ऊंचा नहीं होने दिया। अटल जी राजनीति में उदारवाद और समता एवं समानता के सबसे बड़े समर्थक माने जाते हैं। विचारधारा की कीलों से कभी अपने को नहीं बांधा। राजनीति को दलगत और स्वार्थ की वैचारिकता से अलग हट कर अपनाया और उसको जिया। जीवन में आने वाली हर विषम परिस्थिति और चुनौती को स्वीकार किया। नीतिगत सिद्धांत और वैचारिकता का कभी कत्ल नहीं होने दिया।

राजनीतिक जीवन के उतार-चढ़ाव में उन्होंने आलोचनाओं के बाद भी अपने को संयमित और तटस्थ रखा। राजनीति में धुर विरोधी भी उनकी विचारधाराओं और कार्यशैली के कायल थे, लेकिन पोखरण जैसा आणविक परीक्षण कर तीसरी दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के साथ दूसरे मुल्कों को भारत की शक्ति का एहसास कराया। आपातकाल के दौरान डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रीनगर में मौत के बाद सक्रिय राजनीति में दखल दिया, हालांकि उनके राजनीतिक मूल्यों की पहचान बाद में हुई और भाजपा सरकार में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में एक अटल ने 1951 में जनसंघ की स्थापना की थी। 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। राजनीतिक सेवा का व्रत लेने के कारण वे आजीवन कुंवारे रहे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लिए आजीवन अविवाहित रहने का निर्णय लिया था। वे एक कुशल कवि के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते थे, लेकिन बाद में इसकी शुरुआत पत्रकारिता से हुई।

> अटल बिहारी वाजयेपी ने राजनीति को दलगत और स्वार्थ की वैचारिकता से अलग हटकर अपनाया और जिया। आज 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस है।

राजनीति के शिखर पुरुष अटल जी मानते हैं कि राजनीति उनके मन का पहला विषय नहीं था। राजनीति से उन्हें कभी-कभी तृष्णा होती थी, लेकिन वे चाहकर भी इससे पलायित नहीं हो सकते थे, क्योंकि विपक्ष उन पर पलायन का मोहर लगा देता। वे अपने राजनीतिक दायित्वों का डटकर मुकाबला करना चाहते थे। यह उनके जीवन संघर्ष की भी खूबी रही।

1957 में देश की संसद में जनसंघ के सिर्फ चार सदस्य थे। जिसमें एक अटल बिहारी वाजपेयी थी थे। उन्होंने सबसे पहले 1955 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। बाद में 1957 में गोंडा की बलरामपुर सीट से जनसंघ उम्मीदवार के रूप में जीत कर लोकसभा पहुंचे। उन्हें मथुरा और लखनऊ से भी लड़ाया गया, लेकिन हार गए। अटल जी ने बीस साल तक जनसंघ के संसदीय दल के नेता के रूप में काम किया।

इंदिरा जी के खिलाफ जब विपक्ष एक हुआ और बाद में जब देश में मोरारजी देसाई की सरकार बनी, तो अटल जी को भारत का विदेशमंत्री बनाया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी राजनीतिक कुशलता की छाप छोड़ी और विदेश नीति को बुलंदियों पर पहुंचाया। बाद में 1980 में वे जनता पार्टी से नाराज होकर पार्टी का दामन छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की। उसी साल उन्हें भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। इसके बाद 1986 तक उन्होंने भाजपा अध्यक्ष पद का कुशल नेतृत्व किया। उन्होंने इंदिरा गांधी के कार्यों की सराहना भी की थी, बंग्लादेश के निर्माण में इंदिरा गांधी की भूमिका को सराहा, लेकिन उन्होंने इंदिरा सरकार की तरफ से 1975 में लादे गए आपातकाल का विरोध किया।

राजनीति में संख्या बल का आंकड़ा सर्वोपरि होने से 1996 में उनकी सरकार सिर्फ एक मत से गिर गई और उन्हें प्रधानमंत्री का पद त्यागना पड़ा। यह सरकार सिर्फ तेरह दिन तक रही। बाद में उन्होंने प्रतिपक्ष की भूमिका निभायी। इसके बाद हुए चुनाव में वे दोबारा प्रधानमंत्री बने। संख्या बल की राजनीति में यह भारतीय इतिहास के लिए सबसे बुरा दिन था, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी विचलित नहीं हुए। उन्होंने इसका मुकाबला किया। 16 मई से पहली जून 1996 और 19 मार्च से 22 मई 2004 तक वे भारत के प्रधानमंत्री रहे।

उन्होंने अपनी राजनीतिक कुशलता से भाजपा को देश में शीर्ष राजनीतिक सम्मान दिलाया। दो दर्जन से अधिक राजनीतिक दलों को मिलाकर उन्होंने राजग बनाया, जिसमें 80 से अधिक मंत्री थे, जिसे जम्बो मंत्रीमंडल भी कहा गया। सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। उन्हीं अटल जी की देन है कि आज भाजपा नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार का नेतृत्व कर रही है। अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में कभी भी आक्रमकता के पोषक नहीं थे। वैचारिकता को उन्होंने हमेशा तवज्जो दिया। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हिंदी में भाषण देने वाले अटल जी पहले भारतीय राजनीतिज्ञ थे।

### सोशल फोरम

## सभ्यता से डरे हुए लोग

हमारे देश में लोग बदमाश से नहीं डरते, बल्कि बदमाशों के साथ रहते हैं। दंगाई से नफरत नहीं करते, बल्कि उसको वोट देते हैं। हमारे देश में लोग जिस चीज से डरते हैं, वह है सभ्यता। सभ्यता और सभ्य आदमी से लोग डरते हैं। सभ्य को मित्र नहीं बनाते। असभ्य को मित्र बनाते हैं। ईमानदार से दूर रहते हैं, धूर्त-चालाक और बेईमान के साथ गलबहियां देकर रहते हैं। औरत के साथ विवाह करते हैं, बेटी की तरह पैदा करते हैं, मां की तरह मानते हैं, लेकिन औरतों के साथ सबसे ज्यादा हिंसाचार करते हैं। हिंसा और असभ्यता के माहौल को हमें देखकर यही महसूस होता है कि हमारे देश में सभ्य होना गाली है!



जगदीश्वर चतुर्वेदी
पूर्व विभागाध्यक्ष
कलकत्ता यूनिवर्सिटी

सवाल यह है कि सभ्य से हम क्यों दामन छुड़ाना चाहते हैं? सभ्य होना क्या बुरी बात है? सभ्य क्या सक्षम नहीं होते? फेसबुक और सामाजिक जीवन में असभ्यता का जो वैभव दिखाई देता है, वह बार-बार यही संदेश देता है कि सभ्य होना सही नहीं है! असभ्य रहो, मजे में रहो! सभ्यता की मांग है कि विवेकवाद अर्जित करें। हमारे यहां उल्टी हवा चल रही है। इरेशनल या विवेकहीन बातों को तवज्जह दी जाती है। नॉनसेंस की पूजा की जाती है। इरेशनल से बड़ा असभ्यता का कोई रूप नहीं है। हम भारतवासी जितनी ऊर्जा नॉनसेंस चीजों पर खर्च करते हैं, उसका आधा वक्त भी विवेकवादी और सभ्य चीजों पर खर्च करें तो भारत सोने की चिड़िया हो जाए। फिलहाल स्थिति यह है कि भारत में चिड़ियाएं भी रहना पसंद नहीं करतीं, वे भी कम हो रही हैं। मौसम बिगड़ा हुआ है। हम हैं कि विवेक से काम लेने के बजाय भगवान की कृपा का इंतजार कर रहे हैं। प्रकृति और पर्यावरण के साथ विवेकपूर्ण संबंध बनाएं, तो चीजें सुधर सकती हैं। हमने प्रकृति और पर्यावरण के साथ विवेकपूर्ण संबंध नहीं बनाया है, बल्कि कैजुअल संबंध बनाया है। उपभोग का संबंध बनाया है।

हम कितने सभ्य हैं और कितने असभ्य हैं? इसका कोई सटीक मानक बनाना तो संभव नहीं है, लेकिन यह तय है कि सभ्यता वंशानुगत नहीं होती, उसे अर्जित करना पड़ता है। हमारी मानसिकता यह है कि हम अर्जित करने के लिए श्रम नहीं करना चाहते। हम चाहते हैं कि कोई ऐसा फार्मूला हो जो हमें घर बैठे सभ्य बना दे। हमें यह भी सिखाया गया है कि फलां-फलां वस्तुएं घर में हों, तो सभ्यता घर में दाखिल हो जाती है। वस्तुओं के जरिए सभ्य कहलाने की आशा मृगतृष्णा है। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## सेवानिवृत्ति पर अवकाश नकदीकरण पर सुधार

आल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन के हाल में जारी सर्कुलर के अनुसार अब आयकर अधिनियम 10(10 ए ए) के तहत सीमा 25 लाख कर दी गई है जो पहले तीन लाख होती थी। 25 लाख रुपये की लीव एनकैशमेंट छूट एक बड़ा सुधार है। भले ही इसे आधिकारिक रूप से भावी बताया गया हो। इससे पहले के वर्षों में रिटायर हुए बैंक/PSU/प्राइवेट कर्मचारी भी समय सीमा के भीतर आवेदन करके बड़ी कर राहत प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में चार्टड एकाउंटेड कोठारी कुलदीप एंड कंपनी ने भी अपनी राय दी है। उनके अनुसार, अधिसूचनाएं जो कठिनाइयों को दूर करती हैं, मुद्रा स्फीति या आर्थिक ठहराव के कारण उत्पन्न असमानताओं को ठीक करती हैं और बिना कोई नया बोझ डाले लाभ प्रदान करती हैं, लाभकारी या उपचारात्मक प्रकृति की होती हैं। लाभकारी प्रावधानों का शाब्दिक अर्थ निकाला जाना चाहिए और जब तक स्पष्ट रूप से निषिद्ध न हो, इन्हें पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जा सकता है। चूंकि उक्त अधिसूचना में पूर्वव्यापी रूप से लागू करने पर रोक लगाने वाली कोई स्पष्ट भाषा नहीं है, इसलिए विभिन्न न्यायिक मंचों द्वारा इसे पूर्वव्यापी रूप से लागू किया गया है।



संजीव मेहरोत्रा
रिटायर बैंककर्मी

वह मूल्यांकन वर्ष जिसके लिए मुख्य रूप से धन वापसी की मांग की जा सकती है, निम्नलिखित दो पहलुओं पर निर्भर करता है, क्या धारा 139(5) के तहत रिटर्न को संशोधित करने के लिए निर्धारित समय सीमा समाप्त हो गई है, और मूल्यांकन पूरा/प्रक्रियाकृत हो गया है? धारा 139(5) के तहत निर्धारित समय सीमा के अनुसार, मूल्यांकन वर्ष 2023-24 और उससे पहले के वर्षों के लिए संशोधित रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है, इसलिए धन वापसी का दावा करने का यह तरीका अब उपलब्ध नहीं है। यद्यपि धारा 139(8A) के तहत ITR-U दाखिल किया जा सकता है, लेकिन कुछ परिस्थितियों में इसे दाखिल नहीं किया जा सकता है, जैसे कि जब इसके परिणामस्वरूप हानि रिटर्न हो या धनवापसी (या बढ़ी हुई धनवापसी) का दावा किया जाए।

ख) क्या धारा 119(2)(ख) के तहत विलंबित दावा दाखिल करने की समय सीमा समाप्त हो गई है? धारा 119(2)(ख) सीबीडीटी को वास्तविक कठिनाई को कम करने के लिए प्रक्रियात्मक समय सीमाओं को दरकिनार करते हुए विलंब को माफ करने और विलंबित कर राहत दावों को स्वीकार करने का अधिकार देती है। फिर भी, यह राहत विवेकाधीन है, अधिकार का मामला नहीं। सीबीडीटी ने दावा दाखिल करने के लिए संबंधित मूल्यांकन वर्ष की समाप्ति से पांच वर्ष (पहले छह वर्ष, अब 01.10.2024 के बाद दाखिल किए गए आवेदनों के लिए संशोधित) की समय सीमा निर्धारित की है।

इसका अर्थ है कि विलंब की माफी के लिए आवेदन धारा 119(2)(ख) के तहत दाखिल किया जा सकता है, यदि आवेदन 31/03/2026 से पहले, मूल्यांकन वर्ष 2020-21, यानी वित्तीय वर्ष 2019-20 और उसके बाद के लिए दाखिल किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि केवल वे कर्मचारी, जो वित्तीय वर्ष 2019-20 और उसके बाद अवकाश नकदीकरण प्राप्त कर चुके हैं, धारा 119(2)(ख) के तहत विलंब की माफी के लिए आवेदन दाखिल करने के पात्र हैं। यद्यपि वित्तीय वर्ष 2018-19 और उससे पहले के वर्षों के बारे में दावों के लिए धारा 119(2)(बी) के तहत निर्धारित समय अवधि समाप्त हो गई है, फिर भी उक्त प्रावधानों के तहत आवेदन किया जा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



# आईआईटी कानपुर ने बनाया चार इंच का नैनो ड्रोन अलख-4



आधुनिक युद्ध और सुरक्षा व्यवस्था में जिस तरह निगरानी तथा सटीक खुफिया जानकारी की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है, उसे देखते हुए आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप एंड्योरएयर ने 'अलख-4' नाम से चार इंच लंबाई का एक शक्तिशाली सर्विलांस नैनो ड्रोन बनाया है। बेहद छोटे आकार का यह ड्रोन इस बात का संकेत है कि भविष्य के युद्ध और सुरक्षा प्रणाली भारी हथियारों से अधिक बुद्धिमान तकनीक पर निर्भर होकर निर्णायक भूमिका अदा करेगी। इसी कारण 'अलख-4' को खास तौर पर सैन्य निगरानी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह नन्हा ड्रोन जो कई बार सामान्य आंखों से देखा नहीं जा सकेगा, न सिर्फ मुश्किल परिस्थितियों में दुश्मन के खुफिया ठिकानों को खोज निकालेगा, बल्कि वहां हो रही हरकतों की रियल टाइम जानकारी देगा, जिससे सेना आसानी से अपने मिशन को सफल बना सकेगी।

*– मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

सेना की जरूरत और सर्विलांस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित 'अलख-4' ड्रोन कॉम्पैक्ट, हल्के फ्रेम और स्वायत्त उड़ान क्षमता के साथ एक बैकपैक करने योग्य यूएवी है, जिसे सीमित, कठिन और अप्रत्याशित वातावरण में निकट श्रेणी के संचालन के लिए बनाया गया है। यह उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में तेजी से तैनाती, हवाई निगरानी, लक्ष्य की पहचान और निगरानी में सहायता प्रदान करता है।

### विशेषताएं

- लंबाई- 4 इंच
- वजन- अधिकतम 800 ग्राम
- रफ्तार - 60 किमी प्रति घंटा
- दायरा- 2 किमी सर्किल
- काम - सर्विलांस





### 800
### ग्राम तक अधिकतम वजन

सूक्ष्म श्रेणी का मानवरहित वाहन 'अलख-4' एफपीवी तकनीक एकीकृत है। इसे विशेष तौर पर कम दूरी की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है। यह 2 फीट × 2 फीट की खिड़की जितनी छोटी जगह में भी अपना काम बखूबी अंजाम दे सकता है। इसका कुल वजन अधिकतम 800 ग्राम तक है। वजन में हल्का होने से इसे छिपाना और कहीं भी ले जाना आसान है। यह यह हल्का ड्रोन 400 ग्राम तक के भार को सहनकर सकता है।

### आपदा राहत और खोज अभियान में विश्वसनीय

'अलख-4' का छोटा आकार और त्वरित तैनाती इसे उन सीमित क्षेत्रों में संचालन के लिए भी आदर्श बनाती है, जहां पारंपरिक यूएवी नहीं पहुंच सकते। अपनी इस खूबी के चलते यह उच्च जोखिम वाले वातावरण में आपातकालीन टीमों, विशेष इकाइयों और सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बन जाता है। सीमित क्षेत्रों से डेटा एकत्र करने में विशेषज्ञता रखने वाला अलख, आंतरिक निगरानी, आपदा राहत, खोज अभियान और शहरी निगरानी जैसे मिशनों में भी सहायक है।

### कम रोशनी या अंधेरे में भी स्पष्ट फोटो भेजने की क्षमता

आईआईटी कानपुर के एसआईआईसी (स्टार्टअप इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर) के स्टार्टअप एंड्योरएयर के फाउंडर और वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. अभिषेक की देखरेख में तैयार 'अलख-4' ड्रोन में इलेक्ट्रो ऑप्टिकल और इंफ्रारेड नेटवर्क कैमरे लगे हैं। इनकी मदद से यह कम रोशनी या अंधेरे में भी साफ फोटो कंट्रोल रूम को भेजकर सटीक जानकारी देता है। इससे किसी भी व्यक्ति को पहचानना आसान हो जाता है। इसकी फोटो में अधिक कोहरा, बर्फ या अत्यधिक ठंड का प्रभाव नहीं पड़ता है। यह ड्रोन माइनस 20 डिग्री सेल्सियस से लेकर 55 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी काम करने में सक्षम है। यह ऊंची पहाड़ियों के साथ सर्द व गर्म इलाकों में भी सर्विलांस करने में कारगर है। इसकी मदद से दुर्गम इलाकों या पहाड़ियों पर सैनिकों तक आसानी से संदेश भेजे जा सकते हैं।

## जॉब अलर्ट

### कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)

- पद का नाम - कांस्टेबल (जीडी) और राइफलमैन (जीडी)
- पदों की संख्या–25487
- वेतन– 21,700–69,700 रुपये प्रतिमाह
- योग्यता– मैट्रिकुलेशन या 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण
- आयु सीमा–18 से 23 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि– 31 दिसंबर, 2026
- वेबसाइट– https://ssc.gov.in

### रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा (आरआईटीईएस)

- पद का नाम– क्लर्क
- पदों की संख्या– इंजीनियर
- वेतन– 40,000–2,80,000 रुपये प्रतिमाह
- योग्यता– बी.टेक/बीई, एमई/एम.टेक, एमबीए/पीजीडीएम
- आयु सीमा–53 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि–27 दिसंबर, 2025
- वेबसाइट– rites.com

### रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी)




- पद का नाम– समूह डी
- पदों की संख्या–22000 (अस्थायी)
- वेतन– 18,000 रुपये प्रतिमाह
- योग्यता– आईटीआई, 10 वीं
- आयु सीमा– 18 से 33 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि– 20 फरवरी, 2026
- वेबसाइट– rrbchennai.gov.in, indianrailways.gov.in

### आईटीआई लि. कॉर्पोरेट कार्यालय

- परीक्षा का नाम– युवा पेशेवर भर्ती 2026 डाक युवा पेशेवर
- कुल रिक्तियां– 215 पोस्ट
- आवेदन की अंतिम तिथि– 12 जनवरी, 2026
- शैक्षणिक योग्यता– पद और डोमेन के आधार पर बीई/बी.टेक/एमबीए/पीजी/डिप्लोमा/आईटीआई/स्नातक
- आयु सीमा– 35 से 45 वर्ष तक
- आधिकारिक वेबसाइट– itiltd.in

**कैंपस में पहला दिन**

## अंग्रेजी ने बढ़ाई दुविधा, लेकिन हिम्मत ने कराई बीएससी

मैंने जुलाई 1982 में अपने गांव बनकोट, पिथौरागढ़ से करीब 12 मील पैदल चलकर नैनीताल के लिए बस पकड़ी। शाम करीब 4 बजे के आसपास जब सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचा तो तब चारों ओर कोहरा ही कोहरा नजर आया। नैनी झील से चलती शीत लहर, घर से निकलने की उदासी को और बढ़ा देती थी।

अगले दिन सुबह 10 बजे डीएसबी कैंपस पहुंचा, जहां बीएससी में प्रवेश लेना था। वहां लगभग सभी छात्र-छात्राएं आपस में अंग्रेजी में बात कर रहे थे। ऐसे में, मन में यह दुविधा व आशंका घर करने लगी कि बीएससी कर भी पाऊंगा या नहीं। पिताजी की जिद थी कि मैं उच्च शिक्षा प्राप्त करूं। इधर, मैं सोच रहा था कि इंटरमीडिएट के बाद सेना में भर्ती होने का प्रयास करूं। किसी कारणवश इसमें सफलता नहीं मिलने पर दिल्ली आदि महानगरों का रूख करूं। आखिरकार बीएससी में प्रवेश ले लिया लेकिन, पहली कक्षा में ही अंग्रेजी में व्याख्यान ने फिर से मन को उदास कर दिया। हालांकि हिम्मत की और लगा रहा। अन्य सहपाठियों के साथ वुकहिल छात्रावास में निवास किया। इस बीच बड़े भाइयों का मार्गदर्शन लगातार मिलता रहा और ईष्ट देव की कृपा से अच्छे अंकों से बीएससी उत्तीर्ण कर ली और बाद में पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की। हर किसी की जिंदगी में ऐसे पल आते ही हैं, भले ही वह उच्च शिक्षा की उपाधि प्राप्त करे या किसी अन्य ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रवेश करे।



डॉ. एनएस बनकोटी
प्राचार्य, एमबीपीजी कॉलेज, हल्द्वानी

मुझे आज भी नैनीताल का वह पहला दिन याद आता है। वहां का मौसम, घर से दूर रहने की उदासी, अंग्रेजी भाषा में पाठ्यक्रम पढ़ना, कुछ महीने तक मन को बैचेन करता रहा। प्रतिदिन मां नैना देवी का आशीर्वाद लेने मंदिर जाता था। छात्रावास में आकर मेस का खाना और बड़े भाइयों से कुछ न कुछ सीखते रहना। किसी तरह नैनीताल के माहौल, कैंपस के वातावरण में अपने को ढाला, शिक्षा प्राप्त की और एनसीसी की ओर रुझान किया। इस दौरान अक्सर, दशहरा, दीपावली आदि त्योहारों की छुट्टियों का इंतजार रहता था ताकि हम अपने घर जा सकें। माता-पिता के आशीर्वाद, ईष्टदेव की कृपा, स्वयं की मेहनत और लगन ने जीवन में आज इस मुकाम पर पहुंचाया।




## चिकित्सा क्षेत्र में महामना की विलक्षण दृष्टि की प्रासंगिकता

आज महामना मदनमोहन मालवीय की 164 वीं जयंती है। आज जब चारों ओर चिकित्सा के व्यावसायिक स्वरूप को लेकर गरमा–गरम चर्चाएं हो रही हैं तब मुझे बरबस अपने गुरुकुल काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदनमोहन मालवीयजी का स्मरण हो जाता है, जिन्होंने विश्वविद्यालय के स्थापना काल से ही यह स्पष्ट कर दिया था कि मुझे न तो किसी प्रकार के साम्राज्य की कामना है न ही स्वर्ग प्राप्ति की आकांक्षा। मुझे तो दुख और पीड़ित मानवता को सुखी और प्रसन्न बनाना ही अभीष्ट है : न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं न पुनर्भवम्, कामये दुख तप्तानाम् प्राणि नामार्ति नाशनम्'। अपने इस सार्वभौमिक, सार्वकालिक और सार्वदैशिक मनोकामना की पूर्ति के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय का निर्माण किया और इस आप्त वाक्य को विश्वविद्यालय का आदर्श बनाया, जो आज भी विश्वविद्यालय के हर छात्र का प्रेरणा सूत्र बना हुआ है। चिकित्सा विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में यह बात और सटीक व प्रासंगिक है, क्योंकि महामना ने आयुर्वेद महाविद्यालय के आरंभिक दिनों (1920) में ही उसका घोष वाक्य रखा था –'चिकित्सतात पुण्यतमं न किंचित' अर्थात चिकित्सा से बढ़कर और कोई पुण्य नहीं। कहना न होगा की आयुर्वेद महाविद्यालय का पाठ्यक्रम समाप्त होने के बाद आधुनिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की 1960 में स्थापना होने पर भी महामना का वही घोषवाक्य अविकल स्वरूप में एमबीबीएस छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक संदेश बना रहा।



वर्तमान में जब काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में चिकित्सा विज्ञान का स्वरूप अपने विराट रूप में तीन संकायों (आधुनिक चिकित्सा विज्ञान, आयुर्वेद और दंत विज्ञान), 1500 शैय्याओं से अधिक सुसज्जित अस्पताल और शोध की अधुनातम विधाओं से परिपूर्ण प्रयोगशालाएं उपस्थित हैं तब महामना का स्थापना स्वप्न जो आज भी उस शिलालेख में अंकित है चरितार्थ होना ही चाहिए : इस स्वप्न को पूरा करने का उत्तरदायित्व हर उस छात्र, अध्यापक और कर्मचारी पर है, जो किसी न किसी भांति इस संस्थान से जुड़ा हुआ है। महामना की यह प्रबल अभिलाषा थी कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से निकला हर विद्यार्थी भारतीय संस्कृति और दर्शन से भली–भांति सुपरिचित हो और उसे अपने जीवन में यथासंभव व्यवहृत भी करे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने प्रति रविवार को 'गीता प्रवचन' कार्यक्रम का आरंभ किया। इस कार्यक्रम में वह स्वयं या विश्वविद्यालय के अन्य विद्वान भारतीय दर्शन, श्रीमद्भगवदगीता और संस्कृति पर प्रकाश डालते थे। गीता का यह उद्बोधन की कर्म करते रहो तुम्हारे योग क्षेम हितों की रक्षा मैं स्वयं करूंगा –तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।।9.22।।

महामना एक प्रबल आस्थावान आध्यात्मिक महापुरुष थे। उनका दृढ़ विश्वास था कि छात्रों के अंत:करण को पवित्र और शिक्षा को सकारात्मक बनाने के लिए विश्वविद्यालय के अंदर बाबा भगवान विश्वनाथ का मंदिर होना चाहिए। एक ऐसा देवस्थान जहां छात्र प्रतिदिन जाकर अपने चित्त को एकाग्र और ध्यानस्थ कर सके। उनके ये विचार महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन से पूरी तरह से मेल खाते हैं– 'Religion without science is blind and science without religion is lame'।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट नई दिल्ली

अब युग अनुसंधान और नवाचार का है। वह भी बहुविषयी (मल्टीडिसिप्लीनरी) सहयोग के रूप में। आज जब काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अंतर्गत आधुनिक और आयुर्वेद के संकाय हैं, प्रौद्योगिकी संस्थान, विज्ञान संस्थान, कृषि संस्थान आदि अनेक उच्चानुशीलन केंद्र हैं, तो उन सबको मिलकर, एक समान उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य के विषय में नूतन विधाओं में जैसे नैनोटेक्नोलॉजी, रोबोट्स, कृत्रिम बुद्धि तथा योग का असंचारी रोगों में महत्व के क्षेत्र में कोई ठोस करणीय प्रयोग जनता के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। आखिर हम लोग इतने वर्षों के बाद भी अपने वानस्पतिक महाभंडार से कोई युगांतरकारी औषधि जैसे एस्पिरिन, बीटा–ब्लाकर, स्टैटिन, अरनी, एसएलजीटी –इन्हीबीटर या सिमाग्लयूटाइड जैसा पदार्थ क्यों नहीं निकाल पा रहे हैं ? महर्षि सुश्रुत का भी यही कथन था – 'सतताध्यनं वाद: परतंत्रावलोकनम्'। ऐसा करके ही हम महामना के स्वप्नों को, उनकी आप्त दृष्टि को साकार कर सकेंगें।

## नोटिस बोर्ड

- एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की मुख्य व बैक परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी हो गया है। ये परीक्षाएं 2 जनवरी से 31 जनवरी तक एक पाली में कराई जाएंगी। वहीं, स्नातक तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम को भी संशोधित किया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।



- लखनऊ विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ने वाले स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम मौका दिया है। विवि के परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर 26 दिसंबर तक परीक्षा फॉर्म भरने का मौका दिया है। इसके बाद भी जो विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भरते हैं, उन्हें ड्रापआउट सूची में रखते हुए फॉर्म भरने का विकल्प समाप्त कर दिया जाएगा। इससे पहले अंतिम तिथि 23 दिसंबर थी।



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,408.70 | 26,142.10 |
| गिरावट | 116.14 | 35.05 |
| प्रतिशत में | 0.14 | 0.13 |

सोना 1,40,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,27,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### दिल्ली से लंदन के लिए फरवरी में उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो अगले साल फरवरी में दिल्ली से लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के लिए उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को बताया कि इस मार्ग पर सेवा 2 फरवरी से शुरू होगी। इसके लिए वह नॉर्स एटलांटिक एयरवेज से वेट/डैम्प लीज पर लिए गए बोइंग 787 विमान का परिचालन करेगी। इसके साथ लंदन के हीथ्रो के लिए उसकी सप्ताह में 12 उड़ानें हो जाएंगी। नई उड़ान सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार को सुबह 9:40 बजे रवाना होगी। वापसी यात्रा हीथ्रो हवाई अड्डे से शाम 5:15 बजे शुरू होगी। यह सफर 10 घंटे 45 मिनट का होगा।

### सलीम अहमद ने रेल विकास निगम में संभाला सीएमडी का पदभार

**नई दिल्ली।** रेल विकास निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बने सलीम अहमद ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में 33 साल से अधिक का अनुभव है। रेल विकास निगम से जुड़ने से पहले वह सरकारी निर्माण कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) में परियोजना निदेशक थे। वह दिल्ली मेट्रो रेल निगम के कार्यकारी निदेशक रह चुके हैं और मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के साथ भी काम कर चुके हैं। बड़े बहुआयामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में उनका लंबा अनुभव रहा है और पुलों, सुरंगों तथा आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों के निर्माण में उन्हें विशेषज्ञता हासिल है।

### एनबीसीसी ने दुबई में 1.5 करोड़ दिरहम की भूमि खरीदी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी लिमिटेड ने विदेशों में रियल एस्टेट कारोबार विस्तार की योजना के तहत मिश्रित उपयोग परियोजना विकसित करने को दुबई में 1.5 करोड़ दिरहम (37 करोड़ रुपये) में 15,000 वर्ग फुट जमीन खरीदी है। कंपनी ने कहा कि उसने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एनबीसीसी ओवरसीज रियल एस्टेट एलएलसी के माध्यम से दुबई में विदेशी रियल एस्टेट परिचालन शुरू कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कदम रखा है।

# खंडित विश्व में दावोस की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण

## डब्ल्यूईएफ के सह प्रमुख ने कहा- दुनिया को ऐसी जगह चाहिए जहां चर्चा हो सके

नई दिल्ली, एजेंसी



विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अंतरिम सह-प्रमुख आंद्रे हॉफमैन ने कहा कि दुनिया को स्पष्ट रूप से एक ऐसे स्थान की जरूरत है जहां संवाद की सच्ची भावना से मुद्दों पर चर्चा की जा सके और खंडित दुनिया में दावोस की यह भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। दावोस में अगले महीने दुनिया भर के नेताओं की मेजबानी की तैयारियों के बीच आंद्रे हॉफमैन ने यह बात कही है।

स्विट्जरलैंड का स्की रिजॉर्ट शहर दावोस 19 से 24 जनवरी 2026 तक विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक की मेजबानी करेगा। इसमें करीब 60 राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुखों सहित 3,000 से अधिक वैश्विक नेता हिस्सा लेंगे। 2026 की वार्षिक बैठक का विषय 'संवाद की भावना' होगा। हॉफमैन ने कहा कि बैठक में चर्चा के कुछ प्रमुख क्षेत्रों में विकास, भू-राजनीति, नवाचार, लोग एवं रोजगार तथा ग्रह शामिल होंगे। उन्होंने कहा, ये मुद्दे आज दुनिया के सामने मौजूद परस्पर जुड़ी चुनौतियों और मजबूत सार्वजनिक-निजी सहयोग की आवश्यकता को दर्शाते हैं। हॉफमैन ने कहा, इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में राष्ट्राध्यक्ष व प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे जो संवाद के लिए एक विश्वसनीय एवं सुरक्षित मंच की निरंतर आवश्यकता को रेखांकित करता है। वह भी तेजी से खंडित होती दुनिया में।

बैठक से पहले एक अलग बातचीत में स्विट्जरलैंड की दवा कंपनी रोश के चेयरमैन हॉफमैन ने कहा कि दुनिया को स्पष्ट रूप से एक ऐसे स्थान की जरूरत है जहां संवाद की सच्ची भावना से मुद्दों पर चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा, पिछले पांच दशकों से अधिक समय से दावोस एक सुस्थापित, विश्वसनीय एवं निष्पक्ष मंच के रूप में उभरा है जहां विभिन्न क्षेत्रों, विचारधाराओं तथा अलग-अलग पीढ़ियों के नेता एक साथ आ सकते हैं। हॉफमैन ने कहा कि डब्ल्यूईएफ चाहता है कि 2026 की वार्षिक बैठक में व्यापारिक दिग्गज, राजनेता, नागरिक समाज, शिक्षाविद तथ युवा एक साथ आएं और ऐसा ही एक मंच तैयार हो। उन्होंने कहा, दावोस का मकसद समाधान थोपना नहीं है बल्कि सुरक्षित, ईमानदार एवं प्रभावी बातचीत को सक्षम बनाना है जो विश्वास को पुनर्स्थापित करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करे। एक खंडित दुनिया में, यह भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

### एआई दुधारी तलवार, दावोस में होगी विशेष चर्चा

कृत्रिम मेधा (एआई) और इसके प्रभाव पर हॉफमैन ने कहा कि प्रौद्योगिकी का उद्देश्य नवाचार एवं प्रगति को बढ़ावा देना है लेकिन हम जानते हैं कि शक्तिशाली उपकरणों का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा, एआई स्पष्ट रूप से दुधारी तलवार है। यह अधिक कुशल स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों से लेकर टिकाऊ व्यावसायिक मॉडल तक अभूतपूर्व अवसर खोलती है। साथ ही गलत सूचनाओं के प्रसार को भी तेज करती है और जनता का विश्वास कम कर सकती है। हॉफमैन ने कहा कि दावोस में होने वाली चर्चाओं में न केवल प्रौद्योगिकी अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा बल्कि एआई को प्रभावी तरीके से अपनाने की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया जाएगा। दावोस में जलवायु के बारे में हॉफमैन ने कहा, जलवायु और नवाचार हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से हैं।

# चांदी 2.27 लाख रुपये के नए शिखर पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमतें 9,750 रुपये बढ़कर 2,27,000 रुपये किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। विदेशी बाजारों में भी चांदी 72 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, मंगलवार को चांदी 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सर्राफा की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से हाजिर चांदी 72 डॉलर के स्तर को लांघ गई। कैलेंडर वर्ष के दौरान, 31 दिसंबर 2024 को रिकॉर्ड किए गए 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से चांदी की कीमत 1,37,300 रुपये या 153.06 प्रतिशत बढ़ गई है। गांधी ने कहा कि कमजोर डॉलर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व से नरम मौद्रिक नीति की उम्मीदें और चल रहे भू-राजनीतिक तनाव बहुमूल्य धातु के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई से थोड़ी कम हुई और मंगलवार के 1,40,850 रुपये 10 ग्राम के मुकाबले 50 रुपये घटकर सभी कर सहित 1,40,800 रुपये 10 ग्राम पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना पहली बार 4,500 डॉलर औंस के स्तर को लांघ गया।

### सेंसेक्स में 116, निफ्टी में 35 अंकों की गिरावट

**मुंबई।** मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच क्रिसमस की छुट्टियों के कारण छोटा कारोबारी सप्ताह होने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में कारोबार का रुख सुस्त रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक यानी 0.14 प्रतिशत गिरकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 85,738.18 अंक के उच्च स्तर तक गया और 85,342.19 अंक के निचले स्तर तक आया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 35.05 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रही।

### सूथ हेल्थकेयर का जापान की ओसाकी मेडिकल से करार

**नई दिल्ली।** अग्रणी व्यक्तिगत हाइजिन और आरोग्य कंपनी सूथ हेल्थकेयर ने जापान की ओसाकी मेडिकल कॉरपोरेशन के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। ओसाकी मेडिकल ने पहली बार किसी भारतीय कंपनी से करार किया है। इसके तहत भारतीय बाजार में पहली बार प्रीमियम जापानी फेमिनिन हाइजिन, मैटरनिटी और बेबी केयर उत्पाद पेश किए जाएंगे।

सूथ हेल्थकेयर ने हाल ही में मौजूदा निवेशकों और अति धनाढ्य परिवारों के एक समूह से 45 करोड़ रुपये जुटाए थे। एमओयू के अंतर्गत ओसाकी मेडिकल अपने वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त फेमिनिन, मदर एवं बेबी हाइजिन उत्पादों की श्रृंखला भारत में उपलब्ध कराएगा। ये उत्पाद जापानी सटीक निर्माण, कड़े सुरक्षा मानकों और उच्च गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं। प्रारंभिक चरण में इन उत्पादों का आयात जापान से किया जाएगा।

# देश के नौ प्रमुख शहरों में अक्टूबर-दिसंबर में घरों की बिक्री 16% घटी

नई दिल्ली, एजेंसी



- जुलाई-सितंबर 2021 के बाद तिमाही आधार पर सबसे कम

देश के शीर्ष नौ शहरों में घरों की बिक्री मांग में कमी और आवासीय संपत्तियों की नई पेशकश में गिरावट के कारण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 16 प्रतिशत घटकर 98,019 इकाई रहने का अनुमान है। रियल एस्टेट से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी ने बुधवार को कहा कि यह जुलाई-सितंबर, 2021 के बाद दर्ज की गई तिमाही आधार पर सबसे कम बिक्री है।

भारत के शीर्ष नौ शहरों में घरों की बिक्री वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में घटकर 98,019 इकाइयों पर आ गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,16,137 इकाइयां थी। नवी मुंबई और दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर शेष सात शहरों में बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। ये आंकड़े प्राथमिक आवासीय बाजारों से संबंधित हैं। अन्य सात शहर बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, नवी मुंबई और पुणे हैं। प्रॉपइक्विटी के सीईओ समीर जसूजा ने कहा, अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में त्योहारों से बिक्री में काफी तेजी आती है और नई परियोजनाएं पेश होती हैं। हालांकि, हालिया गिरावट बाजार में प्रीमियम उत्पादों की ओर रुझान को दर्शाती है जिसका प्रमाण मात्रा में कमी के बावजूद मूल्य वृद्धि से मिलता है। एनएसई में सूचीबद्ध कंपनी पी. ई. एनालिटिक्स लिमिटेड के पास प्रॉपइक्विटी का स्वामित्व है।

# मारुति ने वाहन ऋण के लिए उप्र ग्रामीण बैंक के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में कंपनी की पहुंच बढ़ाने के लिए उठाया कदम

अग्रणी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने ग्राहकों को वाहन ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस सहयोग का उद्देश्य नए एवं पुराने यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों के लिए खुदरा वित्तपोषण समाधान उपलब्ध कराना है। इस पहल से ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में मारुति सुजुकी के वाहनों की पहुंच बढ़ने की उम्मीद है।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने कहा, इस रणनीतिक गठजोड़ से कंपनी अपनी बाजार पहुंच का विस्तार करना चाहती है। ग्राहक-अनुकूल और प्रतिस्पर्धी वित्तपोषण समाधान उपलब्ध कराकर वाहन खरीद के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने का लक्ष्य है। कंपनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के व्यापक और बढ़ते ग्राहक आधार का लाभ उठाते हुए मारुति सुजुकी विभिन्न ग्राहक वर्गों को वित्तपोषण के समग्र विकल्प उपलब्ध कराएगी। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर बनर्जी और उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के चेयरमैन यादव एस ठाकुर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### अल हिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस को देश में उड़ान भरने के लिए सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** अल हिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस जल्द ही उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। दोनों विमानन कंपनियों को नागर विमानन मंत्रालय से एनओसी मिल गया है। उत्तर प्रदेश की शंख एयर को पहले ही एनओसी मिल चुका है। इसके 2026 में परिचालन शुरू करने की संभावना है।

नागर विमानन मंत्रालय देश में और अधिक विमानन संचालकों को लाने के मूड में है। वर्तमान में देश में नौ नियमित घरेलू विमानन कंपनियां सेवा दे रही हैं। क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई बिग ने अक्टूबर में नियमित उड़ानें निलंबित कर दी थीं। इंडिगो और एयर इंडिया समूह की घरेलू बाजार में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने 'एक्स' पर लिखा, पिछले एक सप्ताह में भारतीय आसमान में उड़ान भरने की तैयारी कर रही नई विमानन कंपनियों शंख एयर, अल हिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस के दलों से मिलकर खुशी हुई।



# बढ़ते विरोध के बीच केंद्र ने अरावली में खनन के नए पट्टे देने पर रोक लगाई

## अरावली के लिए तैयार होगी खनन प्रबंधन योजना, संरक्षित क्षेत्र का होगा विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अरावली में खनन को लेकर जारी विवाद के बीच खनन के नए पट्टे देने पर रोक लगा दी है। सरकार ने निर्णय लिया है कि जब तक पूरे अरावली क्षेत्र के लिए सतत खनन प्रबंधन योजना तैयार नहीं की जाती है, तब तक किसी नई खदान का पट्टा नहीं दिया जाएगा।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बुधवार को यहां कहा कि दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली श्रृंखला को अवैध खनन से बचाने के लिए उसने बड़ा कदम उठाया है और फैसला लिया है कि अरावली में कोई भी नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा। इस बारे में सभी जरूरी निर्देश सबंधित राज्यों को भी जारी कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि पूरे अरावली क्षेत्र की रक्षा के मकसद से उसने निर्णय लिया है कि अरावली में कोई भी नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा और संरक्षित क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि यह खनन निषेध पूरे अरावली क्षेत्र में समान रूप से लागू होगा। दिशा निर्देशों का उद्देश्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक फैली अरावली श्रृंखला को संरक्षित कर सुरक्षा प्रदान करना है और इस क्षेत्र में होने वाली अनियमित खनन गतिविधियों को पूरी तरह से रोकना है।

मंत्रालय ने यह भी कहा है कि केंद्र की यह कवायद स्थानीय स्थलाकृति, पारिस्थितिकी और जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण अरावली में खनन को निषिद्ध करने के लिए है। केंद्र ने यह भी कहा है कि पहले से ही चल रही खदानों के लिए संबंधित राज्य सरकारें पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगी और उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप काम करेंगी। एक अधिकारी ने कहा, सरकार अरावली पारिस्थितिकी तंत्र के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, क्योंकि वह मरुस्थलीकरण को रोकने, जैव विविधता के संरक्षण, जलभंडारों के पुनर्भरण और क्षेत्र के लिए पर्यावरणीय सेवाएं प्रदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानती है।



### वैज्ञानिक प्रबंधन की योजना बनाएगा आईसीएफआरई

केंद्र सरकार अरावली को खनन से बचाने के लिए मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) को संपूर्ण अरावली में पारिस्थितिकी तथा भूवैज्ञानिक स्तर पर अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस क्षेत्र में खनन निषिद्ध होना चाहिए। आईसीएफआरई ने पूरे अरावली क्षेत्र में सतत खनन के लिए व्यापक, वैज्ञानिक प्रबंधन योजना तैयार करने को भी कहा है और जब योजना तैयार हो जाएगी तो इसे सार्वजनिक कर इस लोगों के सुझाव मांगे जाएंगे और जो सुझाव आएंगे उनमें संचयी पर्यावरणीय प्रभाव और पारिस्थितिक वहन क्षमता का आकलन कर उसके आधार पर पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाएगी।

### कांग्रेस ने कहा- केंद्र अरावली के मुद्दे पर कर रहा है गुमराह

कांग्रेस ने अरावली के मुद्दे को लेकर बुधवार को मोदी सरकार फिर निशाना साधा और सवाल किया कि वह इस पर्वतमाला की परिभाषा में इतनी बड़ी खामियों वाले बदलाव को आगे बढ़ाने पर क्यों अड़ी हुई है। पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अब यह बिल्कुल साफ हो गया है कि अरावली मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री सच नहीं बता रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, अरावली की परिभाषा में जो बदलाव सरकार कर रही है, उसका भारतीय वन सर्वेक्षण, सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित केंद्रीय विशेषाधिकार समिति और सुप्रीम कोर्ट के न्याय मित्र ने स्पष्ट और जोरदार विरोध किया है।

### सांबा में सेना के कैंप के अंदर हुई गोलीबारी में जेसीओ की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में एक सैन्य शिविर के भीतर गोलीबारी की घटना में सेना के एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) की मौत हो गई। रक्षा विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक मंगलवार देर रात को हुई घटना की जांच की जा रही है। गोलीबारी में किसी भी आतंकी साजिश से इन्कार किया गया है।

- मंगलवार देर रात हुई घटना के बाद सेना ने शुरू की जांच आतंकी साजिश से इन्कार

रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने कहा, जम्मू के सांबा में तैनात सेना की एक यूनिट के जेसीओ को ड्यूटी के दौरान गोली लग गई और दुर्भाग्यवश ड्यूटी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। फिलहाल, आतंकी संलिप्तता की आशंका को खारिज कर दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया, घटना की जांच जारी है और तथ्य सामने आने पर आगे की जानकारी साझा की जाएगी। सेना के 'राइजिंग स्टार' कोर ने जवान की पहचान सूबेदार सुरजीत सिंह के रूप में की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राइजिंग स्टार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा गया, राइजिंग स्टार कोर जम्मू में परिचालन संबंधी ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सूबेदार सुरजीत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। भारतीय सेना इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और अटूट समर्थन का आश्वासन देती है।

# दिल्ली में ग्रैप-4 हटा, ग्रैप-3 की पाबंदियां अब भी लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

- हवा की गुणवत्ता में सुधार के बाद सीएक्यूएम ने तत्काल प्रभाव से ग्रैप- 4 को किया रद्द

राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता में सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बुधवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण-4 को तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया, हालांकि निचले स्तर के तहत सख्त प्रदूषण नियंत्रण उपाय जारी रहेंगे।

ग्रैप पर सीएक्यूएम की उप-समिति ने एक आधिकारिक आदेश में स्टेज-4 के प्रतिबंधों को वापस लेते हुए मंगलवार से दिल्ली के एक्यूआई में लगातार सुधार, अनुकूल फैलाव की स्थिति और आईआईटी दिल्ली एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)-आईआईटीएम सहयोग के पूर्वानुमानों का हवाला दिया। आदेश में कहा गया है कि मंगलवार शाम से तेज हवाओं और अनुकूल मौसम की स्थिति ने हवा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद की, जिससे बुधवार को दिल्ली का एक्यूआई गिरकर 271 हो गया, जो मंगलवार के 412 से काफी कम है। इससे यह एक दिन पहले की 'गंभीर' श्रेणी से 'बहुत खराब' श्रेणी में आ गया। मौसम विभाग और आईआईटीएम द्वारा किए गए पूर्वानुमानों के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली का औसत एक्यूआई 'खराब' से 'बहुत खराब' श्रेणी में रहने की संभावना है। सुधार के रुझान को देखते हुए सीएक्यूएम ने ग्रैप-4 उपायों को रद्द करने की घोषणा की है। ग्रैप-3 तक के उपाय जारी रहेंगे।

### जारी रहेंगे ग्रैप- 3 के प्रतिबंध

स्टेज-3 प्रतिबंधों में गैर-जरूरी निर्माण पर प्रतिबंध, स्टोन क्रशर और ईंट भट्ठों को बंद करना, और डीजल जनरेटर के उपयोग पर प्रतिबंध जैसे काम शामिल है। इसके तहत दिल्ली और पड़ोसी एनसीआर क्षेत्र में बीएस-4 मानदंडों से नीचे के डीजल और पेट्रोल वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं है। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि ग्रैप-4 के उपायों को हटाने के बावजूद, जिन जगहों को उल्लंघन के लिये क्लोजर नोटिस जारी किए जा चुके हैं, वहां निर्माण-कार्यों पर प्रतिबंध जारी रहेगा और उन्हें तब तक काम फिर से शुरू करने की इजाजत नहीं होगी, जब तक आयोग सूचित न करे।

# एलवीएम3-एम6 रॉकेट से प्रक्षेपण कर गगनयान प्रोग्राम पर आत्मविश्वास बढ़ा

श्रीहरिकोटा, एजेंसी

- इसरो प्रमुख वी नारायणन ने कहा- यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ प्रक्षेपणों में से एक



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन वी नारायणन ने बुधवार को कहा कि एलवीएम3-एम6 रॉकेट के जरिये ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह के सफल प्रक्षेपण से भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान को लेकर आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, यह दुनिया में कहीं भी किए गए सर्वश्रेष्ठ प्रक्षेपणों में से एक है और यह भारतीय प्रक्षेपण यानों द्वारा अब तक हासिल की गई सबसे बेहतरीन सटीकता भी है।

यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा में भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए है।मीडिया से बात करते हुए नारायणन ने कहा, हमारे लिए यह एक बहुत महत्वपूर्ण मिशन है। क्योंकि आप सभी जानते हैं कि यही वह प्रक्षेपण यान है जिसे मानव अंतरिक्ष यात्रा के लिए तैयार किया गया है और भारत के गगनयान कार्यक्रम के लिए चुना गया है। इसलिए, एलवीएम3 के लगातार नौ सफल प्रक्षेपणों के बाद गगनयान कार्यक्रम को लेकर हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। यह एक अनिवार्य आवश्यकता भी है। एलवीएम3–ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन की प्रमुख उपलब्धियों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि ब्लूबर्ड-ब्लॉक-2 उपग्रह को निर्धारित कक्षा में अत्यंत सटीकता के साथ स्थापित किया गया है।उन्होंने कहा कि भारत की धरती से ऐसा पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा, यह भारतीय धरती से प्रक्षेपित किया गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह है।

### हिमाचल के पूर्व आईजी की आजीवन कारावास की सजा कोर्ट ने की निलंबित

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक जहूर हैदर जैदी की आजीवन कारावास की सजा को निलंबित कर दिया है। जैदी को 2017 में हिमाचल प्रदेश की एक लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के आरोपी की हिरासत में मौत के मामले में सजा सुनाई गई थी।

चंडीगढ़ में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने जैदी और सात अन्य पुलिसकर्मियों को सूरज की हिरासत में मौत के मामले में जनवरी में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सूरज का शव 18 जुलाई 2017 को हिमाचल प्रदेश के कोटखाई थाने में मिला था। मामले के अनुसार, चार जुलाई 2017 को कोटखाई में 16 वर्षीय लड़की की अपहरण और बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। राज्य में व्यापक जन आक्रोश के बीच, जैदी की अध्यक्षता में एक एसआईटी का गठन किया गया। गिरफ्तार किए गए छह लोगों में सूरज भी शामिल था। उसका शव कोटखाई थाने से बरामद किया गया था।

### तमिलनाडु में सड़क हादसे में 7 की मौत

**कुड्डालोर।** तमिलनाडु के कुड्डालोर में बुधवार को एक सरकारी बस की दो वाहनों से भिड़ंत की घटना में सात लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि टायर फटने के बाद तिरुचिराप्पल्ली से चेन्नई जा रही राज्य सरकार की एक बस बुधवार को डिवाइडर तोड़कर विपरीत लेन में चली गई और सामने से आ रहे वाहनों से टकरा गई। इन वाहनों में सात लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

# अतिक्रमण हटाने के विरोध में दंपती ने आग लगाई

**देवास/इंदौर।** मध्यप्रदेश के देवास जिले में बुधवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के विरोध में एक दंपती ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए। इस घटनाक्रम के बाद एक तहसीलदार और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है।

### तहसीलदार और ईओ निलंबित

अधिकारियों के मुताबिक यह घटनाक्रम जिला मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर दूर सतवास कस्बे में हुआ, जब प्रशासन का दल स्थानीय कारोबारी संतोष व्यास द्वारा किया गया कथित अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। अधिकारियों ने बताया कि व्यास के खिलाफ प्रशासन को शिकायत मिली थी कि वह सार्वजनिक गटर पर कब्जा करके मकान का निर्माण करा रहे हैं जिससे पड़ोसियों के घरों में गंदा पानी भर रहा है। चश्मदीदों के मुताबिक अतिक्रमण हटाने के दौरान एक तहसीलदार से बहस के बाद व्यास और उनकी पत्नी जयश्री ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली।उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाकर दंपती को एक नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें गंभीर हालत में इंदौर के एक चिकित्सालय भेज दिया गया। इस बीच, घटनाक्रम को लेकर आक्रोशित लोगों ने सतवास पुलिस थाने के पास सड़क पर प्रदर्शन किया जिसे यातायात जाम हो गया।

अमृत विचार



# लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत

- तुर्किये में हुए हादसे में सात अन्य लोगों की जान गई

**अंकारा, एजेंसी**



विमान के मलबे की तलाश में जुटे तुर्की के सैनिक और बचाव दल के सदस्य।

लीबिया के सैन्य प्रमुख, चार अन्य अधिकारियों और चालक दल के तीन सदस्यों को लेकर जा रहा एक निजी विमान तुर्किये की राजधानी अंकारा से उड़ान भरने के बाद मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि विमान में तकनीकी खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई।

तुर्किये के अधिकारियों ने बताया कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से उच्चस्तरीय रक्षा वार्ता के लिए लीबिया का प्रतिनिधिमंडल अंकारा में था। लीबिया के प्रधानमंत्री अब्दुल-हामिद दबीबा ने जनरल मोहम्मद अली अहमद अल-हद्दाद और चार अन्य अधिकारियों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि दुखद दुर्घटना उस समय हुई जब प्रतिनिधिमंडल स्वदेश लौट रहा था। प्रधानमंत्री ने इसे लीबिया के लिए बड़ी क्षति बताया। अल-हद्दाद पश्चिमी लीबिया के शीर्ष सैन्य कमांडर थे और संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से जारी लीबिया की सेना के एकीकरण के प्रयासों में उनकी अहम भूमिका थी। दुर्घटना में मारे गए चार अन्य अधिकारियों की पहचान हो गई है किंतु चालक दल के तीन सदस्यों की पहचान का अभी पता नहीं चल सका है।

## दिल्ली-एनसीआर में कैसे मिलेगी साफ हवा

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या गंभीर रूप ले चुका है। दिल्ली में प्रदूषण वैसे तो पूरे साल की समस्या है लेकिन हर साल सर्दियों के आते ही वायु प्रदूषण और भी गंभीर रूप ले लेता है। हवा में पीएम 2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कणों का स्तर कई गुना बढ़ जाता है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों, आंखों में जलन और बच्चों-बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए तमाम प्रयास किए हैं। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने समस्या के समाधान के लिए सरकारों को बेहतर उपाय करने के निर्देश दिए हैं। कृत्रिम बारिश कराने से लेकर तमाम उपाय आजमाए जा रहे हैं लेकिन समस्या का फिलहाल कोई ठोस समाधान नहीं मिल पाया है। ऐसे में तमाम लोगों ने रोजी-रोटी के लिए अन्य शहरों में जाने का विकल्प भी तलाशना शुरू कर दिया है।

# प्रदूषण से घुट रहा दम



### प्रदूषण के मुख्य कारक

- विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण एक नहीं बल्कि कई स्रोतों से आता है जिनमें वाहन (ट्रांसपोर्ट सेक्टर) को मुख्य स्रोत माना जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मानें तो प्रदूषण की चालीस फीसदी समस्या ट्रांसपोर्ट सेक्टर के चलते हो रही है। निर्माण कार्य से उठने वाली धूल भी दिल्ली, एनसीआर वासियों के लिए एक बड़ी समस्या हैं। उद्योग और थर्मल पावर प्लांट भी प्रदूषण को बढ़ाने में काफी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाना भी एक बड़ी समस्या है। दिल्ली-एनसीआर से सटे हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में किसान फसल कटने के बाद पराली को खेतों में ही जला देते हैं जिससे उठने वाला धुआं प्रदूषण को बढ़ाने का काम करता है।

### समाधान की राह

- फॉसिल फ्यूल कम करें : फॉसिल फ्यूल यानी कोयला, पेट्रोल, डीज़ल और प्राकृतिक गैस, जो जलने पर कार्बन डाइऑक्साइड और जहरीली गैसें छोड़ते हैं। यदि इनका प्रयोग कम किया जाए तो वायु प्रदूषण की समस्या में भी काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।
- इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन वाहन : ये गाड़ियां सड़क पर चलते समय कोई धुआं नहीं छोड़तीं, जिससे शहरों की हवा साफ हो सकती है। हाइड्रोजन से चलने वाली गाड़ियों से केवल पानी निकलता है, प्रदूषक गैसें नहीं। अभी यह तकनीक महंगी और सीमित है।

### किसकी जिम्मेदारी

- साफ हवा देना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि सरकार, उद्योग, न्यायपालिका और आम जनता सभी की साझा जिम्मेदारी है। लेकिन सरकार को नीति और सख्त नियम लागू करने होंगे जिससे प्रदूषण की समस्या को दूर करने में काफी हद तक मदद मिल सकती है। दूसरी ओरउद्योगों को भी स्वच्छ तकनीक अपनानी होगी जिससे वहां से निकलने वाला खतरनाक धुआं और औद्योगिक कचरे से निजात मिलेगी। इसके अलावा नागरिकों को निजी वाहनों का सीमित इस्तेमाल और कचरा न जलाने जैसी आदतें अपनानी होंगी।

### पलायन की मजबूरी

- प्रदूषण की गंभीरता के चलते अब यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या लोग साफ हवा के लिए दिल्ली-एनसीआर छोड़ रहे हैं। रियल एस्टेट और जॉब मार्केट से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ लोग, खासकर छोटे बच्चों वाले परिवार और स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोग, दूसरे राज्यों या पहाड़ी क्षेत्रों में नौकरी और बसने के विकल्प तलाश रहे हैं। हालांकि यह अभी बड़े पैमाने का रुझान नहीं है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### लॉस एंजिलिस में भारतीय वाणिज्यिक आवेदन केंद्र खुला

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए वाणिज्य दूतावास सेवाओं को सुचारू बनाने के उद्देश्य से लॉस एंजिलिस स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने वीएफएस ग्लोबल द्वारा संचालित एक केंद्र खोले जाने की घोषणा की है। लॉस एंजिलिस स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र में 15 दिसंबर से कामकाज शुरू हो गया और यह क्षेत्र में प्रवासी समुदाय को वाणिज्य दूतावास से जुड़ी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। वीएफएस ग्लोबल कई सरकारों और उनके दूतावासों के लिए वीजा, पासपोर्ट और कांसुलर सेवाओं से जुड़े काम का प्रबंधन करती है।

### रूस समर्थक हैकर समूह ने की थी फ्रांस डाक सेवा पर हमला

**पेरिस।** रूस समर्थक एक हैकर समूह ने क्रिसमस से कुछ दिन पहले फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा की पार्सल डिलीवरी ठप करने वाले बड़े साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। अभियोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने बताया कि साइबर अपराध समूह के हमले के दावे करने के बाद फ्रांस की खुफिया एजेंसी ने जांच अपने हाथ में ले ली है।

### अमेरिका में पुलिस कर्मी की हत्या

**विलमिंगटन।** अमेरिका के विलमिंग्टन शहर में मोटर वाहन विभाग के भीतर एक बंदूकधारी ने डेलवेयर राज्य के पुलिसकर्मी (ट्रूपर) की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी। बंदूकधारी ने पहले पुलिसकर्मी पर गोली चलायी जिसके बाद घायल पुलिसकर्मी ने पास खड़े एक कर्मचारी को सुरक्षित स्थान पर धकेल दिया। इसके बाद हमलावर ने उस पर दोबारा गोली चलायी जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद एक अन्य पुलिस अधिकारी ने हमलावर को गोली मारकर ढेर कर दिया।

### कनाडा में भारतीय महिला की हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो में 30 वर्षीय एक भारतीय महिला की हत्या कर दी गयी है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और वह हत्या के एक संदिग्ध की तलाश कर रही है। टोरंटो पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान हिमांशी खुराना के रूप में हुई है। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (सीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस को शनिवार को एक घर में लापता महिला की लाश मिली।

# भारत व अमेरिका के संबंधों को और मजबूत होने से रोकना चाहता है चीन

## अमेरिकी युद्ध विभाग की ओर से संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में किया गया दावा

- एलएसी पर भारत से तनाव कम होने का लाभ उठा रहा चीन

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**





चीन संभवतः भारत के साथ एलएसी पर तनाव कम होने का लाभ उठाकर द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करना चाहता है तथा अमेरिका-भारत संबंधों को और अधिक मजबूत होने से रोकना चाहता है। अमेरिकी युद्ध विभाग की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। अमेरिकी युद्ध विभाग ने मंगलवार को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को चीनी गणराज्य 2025 से संबंधित सैन्य और सुरक्षा घटनाक्रम पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि अक्टूबर 2024 में भारतीय नेतृत्व ने चीन के साथ एक समझौते की घोषणा की।

यह समझौता ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बैठक से दो दिन पहले वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध के शेष स्थलों से सेना को पीछे हटने के लिए था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शी-मोदी की मुलाकात के बाद दोनों देशों के बीच मासिक उच्च स्तरीय बैठकों की शुरुआत हुई, जहां दोनों पक्षों ने सीमा प्रबंधन और द्विपक्षीय संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा की, जिसमें सीधी उड़ानें, वीजा सुविधा और शिक्षाविदों और पत्रकारों के आदान-प्रदान से जुड़े कार्यक्रम शामिल है। रिपोर्ट कहती है कि चीन संभवतः एलएसी पर तनाव कम होने का लाभ उठाकर द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करना चाहता है और अमेरिका-भारत संबंधों को और गहरा होने से रोकना चाहता है। हालांकि, भारत संभवतः चीन की कार्रवाइयों और इरादों को लेकर संशय में है। आपसी अविश्वास और अन्य अनसुलझे मुद्दे निश्चित रूप से द्विपक्षीय संबंधों को सीमित करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीन की राष्ट्रीय रणनीति 2049 तक चीनी राष्ट्र के बड़े पुनरुत्थान को हासिल करने की है। इस दृष्टि में, चीन ने अपनी प्रभाव-क्षमता, आकर्षण और घटनाओं को आकार देने की ताकत को एक नए स्तर तक पहुंचा लिया होगा।

### चीन पर प्रभुत्व जमाने का अमेरिकी इरादा नहीं

अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी हित मौलिक हैं, लेकिन साथ ही सीमित दायरे वाले व तर्कसंगत भी हैं। हम चीन पर प्रभुत्व जमाना या उसे अपमानित करना नहीं चाहते। केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र के किसी भी देश को हम पर या हमारे सहयोगियों पर प्रभुत्व जमाने से रोकना चाहते हैं।

### ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने के ट्रंप के बयान की खिलाफत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र में समाहित करने की महत्वाकांक्षा को यूरोपीय नेताओं ने खारिज करते हुए ग्रीनलैंड और डेनमार्क के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। ट्रंप ने 'राष्ट्रीय सुरक्षा' का हवाला देते हुए ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र में शामिल करने की अपनी महत्वाकांक्षा को फिर से दोहराया है। उन्होंने लगभग एक साल पहले इसी तरह की घोषणा की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री को ग्रीनलैंड के लिए नया अमेरिकी 'विशेष दूत' नियुक्त किया है, जिसका घोषित उद्देश्य 'ग्रीनलैंड को संयुक्त राज्य अमेरिका में एकीकृत करना' है। राष्ट्रपति ने दोहराया कि अमेरिका को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र की आवश्यकता है। ट्रंप ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, अमेरिका को खनिजों या तेल के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड की आवश्यकता है। और यदि आप ग्रीनलैंड को देखें, तो वहां हर जगह रूसी और चीनी जहाज हैं। इसलिए हमें सुरक्षा के लिए इसकी आवश्यकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने डेनमार्क को उस क्षेत्र की उपेक्षा करने के लिए निंदा भी की, उन्होंने कोई पैसा खर्च नहीं किया है, उनके पास कोई सैन्य सुरक्षा नहीं है। ट्रंप की टिप्पणियों को यूरोपीय संघ के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों ने गंभीरता से लिया है और अमेरिका की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित की है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ देश में गहरा आक्रोश

- पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में किया गया विरोध प्रदर्शन
- हावड़ा में भाजपा समर्थकों और पुलिस में हुई झड़प

**कोलकाता, एजेंसी**





बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ कोलकाता में मार्च निकालते छात्र संगठनों के सदस्य।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समुदाय से जुड़े एक व्यक्ति की हत्या के विरोध में देश भर में भारी आक्रोश है। बुधवार को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा सहित कई राज्यों में लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और हिंदू समुदाय को सुरक्षा देने की मांग उठाई। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा के कई भूमि पत्तनों पर एक हिंदू समर्थक संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन किए।

हावड़ा जिले में प्रदर्शन के दौरान पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प भी हुई। टकराव उस वक्त शुरू हुआ जब पुलिस ने भाजपा के मार्च को हावड़ा पुल तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया, जिससे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी बहस हुई। सनातनी ऐक्य परिषद के सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल और घोजाडांगा बंदरगाहों, मालदा के मनोहरपुर मुचिया और कूच बिहार जिले के चांगराबांधा में प्रदर्शन किए। उत्तर 24 परगना में भाजपा विधायक अशोक कीर्तनिया ने जयंतपुर बाजार से पेट्रापोल सीमा की ओर एक जुलूस का नेतृत्व किया। सीमा सुरक्षा बल ने प्रदर्शनकारियों को जीरो प्वाइंट के पास रोक दिया और उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए अवरोधक लगाए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। मार्च के दौरान कीर्तनिया ने कहा कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित किए जाने तक बांग्लादेश को सबक सिखाने के लिए व्यापार निलंबित रखना चाहिए।

### अवामी लीग पर प्रतिबंध से अमेरिकी सांसद चिंतित

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश में प्रस्तावित चुनावों से पहले अवामी लीग की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध को लेकर अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने चिंता जताई है। सांसदों ने कहा कि बांग्लादेश के लोगों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के जरिए सरकार चुनने का अवसर मिलना चाहिए। प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के रैंकिंग सदस्य ग्रेगरी मीक्स, दक्षिण एवं मध्य एशिया उपसमिति के अध्यक्ष बिल हुइजेंगा, दक्षिण एवं मध्य एशिया उपसमिति की रैंकिंग सदस्य सिडनी कैमलेगर-डोव और सांसद जूली जॉनसन ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को मंगलवार को पत्र भेजा है।

### भारत से संबंध सुधारने पर काम कर रहे यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के वित्त सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद ने कहा कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने नई दिल्ली के साथ तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के लिए कदम उठाए हैं और उनका प्रशासन भारत के साथ आर्थिक संबंध विकसित करने पर काम कर रहा है। अहमद ने अपने कार्यालय में सरकार की खरीद संबंधी सलाहकार परिषद समिति की बैठक के बाद कहा मुख्य सलाहकार भारत के साथ कूटनीतिक संबंध सुधारने पर काम कर रहे हैं।

# ईशनिंदा अपराध नहीं, खत्म हों ऐसे कानून

**कोलकाता, एजेंसी**

- तस्लीमा नसरीन ने कहा-इन कानूनों का हो रहा दुरुपयोग



लेखिका और मानवाधिकार कार्यकर्ता तस्लीमा नसरीन ने बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करते हुए ईशनिंदा कानूनों को पूरी तरह समाप्त करने की अपनी मांग को फिर से दोहराया है। बांग्लादेश से निर्वासित इस लेखिका का कहना है कि इन कानूनों का दुरुपयोग जघन्य अपराधों को जायज ठहराने के लिए किया जा रहा है।

नसरीन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईशनिंदा के नाम पर कई लोगों की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई है या उन्हें जिंदा जला दिया गया है। अब समय आ गया है कि समाज में यह घोषित किया जाए कि ईशनिंदा कोई अपराध नहीं है। उनकी टिप्पणी धार्मिक उग्रवाद के लगातार बढ़ने, ईशनिंदा कानूनों के दुरुपयोग और देश में धर्मनिरपेक्षों तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों के सामने मौजूद खतरों को देखते हुए की गई है। ईशनिंदा कानूनों को हटाने की मांग करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि जो लोग ईशनिंदा के नाम पर अपराध कर रहे हैं, उन्हें ही अपराधी माना जाना चाहिए और दंडित किया जाना चाहिए।

हिंसक भीड़ वाली घटनाओं का जिक्र करते हुए इस चर्चित लेखिका ने कहा कि महज ईशनिंदा के आरोपों के बाद कई लोगों को भीड़ ने मार डाला या जिंदा जला दिया। उन्होंने तर्क दिया कि ईशनिंदा को आपराधिक अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

### एयर इंडिया रोम के लिए उड़ानें फिर शुरू करेगी

**मुंबई।** एयर इंडिया ने रोम (इटली) के लिए उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने की घोषणा है। इंडिगो के भी दिल्ली से लंदन, हीथ्रो के लिए अपनी सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा के साथ, हवाई यात्रियों को अगले वर्ष भारत और यूरोप के बीच बेहतर संपर्क मिलने की उम्मीद है। एयर इंडिया 2020 की शुरुआत तक दिल्ली से इटली की राजधानी के लिए उड़ानें संचालित करती थी। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इन्हें निलंबित करना पड़ा था।

# दित्वा से श्रीलंका में चार लाख श्रमिक प्रभावित

**कोलंबो, एजेंसी**

- आईएलओ ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) का कहना है कि श्रीलंका में चक्रवात दित्वा से करीब चार लाख श्रमिक प्रभावित हुए हैं। नवंबर के अंत में आए इस चक्रवात में 640 से अधिक लोगों की जान गई और फसलों, चाय बागानों तथा सड़कों-पुलों सहित महत्वपूर्ण परिवहन अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा।

आईएलओ ने मंगलवार को एक संक्षिप्त रिपोर्ट में बताया कि चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाली आबादी करीब 17 लाख है, जो श्रीलंका की कुल आबादी का लगभग 7.5 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में चक्रवात से प्रभावित इलाकों में लगभग 3.74 लाख श्रमिक रहते हैं, जिससे उनकी आजीविका और घरेलू आय पर गहरा असर पड़ा है। कृषि क्षेत्र से जुड़ी 85,000 नौकरियां तथा 1.25 लाख औद्योगिक क्षेत्र के रोजगार और 1.64 लाख सेवा क्षेत्र के रोजगार प्रभावित हुए हैं।

### अमेरिका में 30 भारतीय गिरफ्तार


**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सीमा गश्ती दल के अधिकारियों ने अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने एक बयान में बताया कि कैलिफोर्निया के एल सेंट्रो सेक्टर में सीमा गश्ती के कई एजेंट ने आव्रजन चौकियों पर वाहनों को रोककर कई अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया जिनके पास वाणिज्यिक वाहन चलाने के लाइसेंस थे। 23 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच वाणिज्यिक चालक लाइसेंस के साथ सेमीट्रक चला रहे 42 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 दिसंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 13 .42 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- धनिष्ठा 08 .18 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज किसी बड़े लक्ष्य को आप प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को कम मेहनत से ही सफलता मिल जाएगी। पुराने रुके हुए मामलों में प्रगति होगी। धार्मिक कार्यों में आप विशेष रूप से रुचि लेंगे। सहकर्मियों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** — आज नए प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। रियल एस्टेट्स से धन लाभ होगा। बीमार लोगों को रोगों से राहत मिलने की संभावना है। आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। होटल व्यवसाय में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज भरोसेमंद लोगों की सलाह आपको बहुत काम आएगी। प्रेमी जन के साथ रिश्तों में गहराई आएगी। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। संतान की शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति होगी। विवाह से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज किसी प्रियजन से आपकी बहस हो सकती है। कार्यक्षेत्र में पूंजी निवेश से आपको लाभ प्राप्त होगा। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करें। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। दांपत्य संबंधों में परेशानी आ सकती है।

**सिंह** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को शानदार परिणाम मिल सकते हैं। किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने की इच्छा पूरी हो सकती है। उच्चाधिकारियों से आपको सहायता मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी।

**कन्या** — आज कारोबार को बढ़ाने के ने तरीके अपनाएंगे। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में लाभ होगा। विदेश से जुड़े व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**तुला** — आज सामाजिक कार्यों में आप सहयोग देंगे। प्रेम संबंधों में परेशानी कम होगी। विवाहयोग्य जातकों को विवाह के प्रपोजल मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। अत्यधिक श्रम के कारण थकान हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज कोई मूल्यवान वस्तु गुम होने की आशंका है। बड़े निर्णय लेते समय आपको व्यवहारिक रहना होगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करें। अधिक मसालेदार भोजन करने से बचें। क्योंकि इससे आपको त्वचा में एलर्जी जैसी परेशानी हो सकती है।

**धनु** — आज पुराने मित्रों के साथ मिलने का अवसर मिलेगा। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में बॉस आपकी प्रशंसा करेंगे। आपकी प्रतिभा उभरकर सामने आएगी। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका उठना-बैठना होगा।

**मकर** — आज नौकरीपेशा लोग नई जॉब का विचार बनाएंगे। कारोबार में नई डील कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। किसी व्यक्ति से थोड़ी बहस हो सकती है। बड़े-बुजुर्गों से मार्गदर्शन लेते रहें। आपको भरपूर नींद लेनी चाहिए।

**कुंभ** — आज तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। घर में मेहमान आ सकते हैं। यात्रा सामान्य रूप से काफी अच्छी रहेगी। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को शानदार लाभ होगा। अच्छे कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मीन** — आज आपको अपनी योजनाओं को ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार की जिम्मेदारियों की अनदेखी न करें। मेहमानों पर आप धन खर्च करेंगे। आपको नया काम शुरू करने में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |



"मैं अपने बारे में बात करूंगी। मुझे गेंदबाजी करना बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि जब हम फील्डिंग करते-करते ऊब जाते हैं, तो हमें गेंदबाजी करने का मौका मिलता है। इस तरह हम टीम के लिए और अधिक योगदान दे पाते हैं।

-शेफाली वर्मा


# स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार ,25 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर पहुंचे, वरुण शीर्ष पर मजबूत

**दुबई :** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खत्म हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के खिलाड़ियों को पुरुष टी20 प्लेयर रैंकिंग में फायदा हुआ, जिसे टीम इंडिया ने 3-1 से जीता। अहमदाबाद में निर्णायक मैच रनों का अंबार था, जिसमें मेजबान टीम ने पहली पारी में 231 रन बनाए। भारत के टॉप स्कोरर तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 73 रन बनाए, जिससे वह श्रीलंका के पथुम निसंका को पीछे छोड़कर 805 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस की तेज 31 रनों की पारी ने उन्हें टॉप 10 में जगह बनाने में मदद की। जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी (चार ओवर में 2/17) की बदौलत भारत कुल स्कोर का बचाव करने में सफल रहा, जबकि वह मैच में एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने प्रति गेंद एक रन से कम की इकॉनमी से गेंदबाजी की। इससे उन्हें गेंदबाजी रैंकिंग में 10 स्थानों की छलांग लगाकर महेश थीक्षाना (622) के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। वरुण चक्रवर्ती के चार विकेट लेने से रैंकिंग में उनका शीर्ष स्थान और मजबूत हो गया है, उनकी 804 की रेटिंग दूसरे स्थान पर मौजूद जैकब डफी (699) से काफी आगे है।

### शेफाली ने टी20 में तीसरे सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच जीते

**विशाखापत्तनम :** भारतीय महिला टीम की ओपनिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार प्रदर्शन किया, सिर्फ 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई। शेफाली की विस्फोटक पारी, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था, ने न सिर्फ जीत पक्की की बल्कि उन्हें टी20 में अर्धशतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर के तौर पर रिकॉर्ड बुक में भी जगह दिलाई। इस पारी के साथ, शेफाली ने 12 टी20 अर्धशतक भी पूरे किए, जो 21 साल की उम्र में किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा सबसे ज़्यादा हैं। वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और आयरलैंड की गैबी लुईस संयुक्त रूप से 10-10 अर्धशतकों के साथ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि भारत की जेमिमा रोड्रिग्स सातवें स्थान पर हैं। शेफाली अब तक 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 26.73 की औसत से 2,299 रन बनाए हैं।

# 'खेल रत्न' के लिए हॉकी स्टार हार्दिक सिंह का नाम

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह के नाम की अनुशंसा इस साल मेजर ध्यानचंद 'खेल रत्न' पुरस्कार के लिए की गई है जबकि युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर समेत 24 खिलाड़ियों के नाम अर्जुन पुरस्कार के लिए दिए गए हैं। चयन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। मिडफील्डर हार्दिक टोक्यो ओलंपिक 2021 और पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इस साल एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में भी शामिल थे।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए अनुशंसा

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न :** हार्दिक सिंह (हॉकी)। **अर्जुन पुरस्कार :** तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), प्रियंका (एथलेटिक्स), नरेंदर (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (शतरंज), दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (बधिर निशानेबाजी), प्रणति नायक (जिम्नास्टिक), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), निर्मला भाटी (खोखो), रूद्रांक्ष खंडेलवाल (पैरा निशानेबाजी), एकता भयान (पैरा एथलेटिक्स), पद्मनाभ सिंह (पोलो), अरविंद सिंह( नौकायन), अखिल श्योराण (निशानेबाजी), मेहुली घोष (निशानेबाजी), सुतीर्था मुखर्जी (टेबल टेनिस), सोनम मलिक (कुश्ती), आरती (योग), त्रिसा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेम्सियामी (हॉकी), मो अफजल (एथलेटिक्स) और पूजा (कबड्डी)।

सूत्रों ने बताया कि खेल मंत्रालय से औपचारिक मान्यता मिलने के पांच साल बाद पहली बार योगासन खिलाड़ी आरती पाल का नाम भी अर्जुन पुरस्कार के लिए दिया गया है। आरती राष्ट्रीय और एशियाई चैम्पियन है।

एशियाई खेल 2026 में योगासन नुमाइशी खेल के रूप में शामिल होगा। चयन समिति ने बुधवार को हुई बैठक में अर्जुन पुरस्कार के लिए 21 अन्य नाम तय किए हैं। चयन समिति में भारतीय ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अपर्णा पोपट और पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमाया शामिल हैं। उन्नीस वर्ष की देशमुख विश्व कप जीतने वाली पहली खिलाड़ी है। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती और तेजस्विन शंकर के नाम की भी अनुशंसा की गई है जिन्होंने एशियाई खेल 2023 में रजत पदक जीता था और इस साल एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रहे। दो बार विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता राइफल निशानेबाज


- **अर्जुन पुरस्कार के लिए दिव्या व मेहुली समेत 24 नाम भेजे गए**

मेहुली घोष, जिम्नास्ट प्रणति नायक और भारत की नंबर एक महिला बैडमिंटन जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के नाम की भी सिफारिश की गई है।

इस सूची में कोई क्रिकेटर शामिल नहीं है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यह पुरस्कार पाने वाले आखिरी क्रिकेटर थे जिन्हें 2023 में सम्मान मिला था। देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न के साथ प्रशस्ति पत्र, पदक और 25 लाख रूपये मिलते हैं जबकि अर्जुन पुरस्कार के साथ 15 लाख रुपये दिए जाते हैं।




हार्दिक सिंह।




वैभव सूर्यवंशी।

# सूर्यवंशी- गनी की तूफानी पारियों से बिहार ने बनाया विश्व कीर्तिमान

## अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574 रन बनाए, वैभव ने 190 रन व साकिबुल ने 128 रन जड़े

विजय हजारे ट्रॉफी

रांची, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी की अगुवाई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। जवाब में अरुणाचल प्रदेश की टीम 42.1 ओवर में 177 रनों पर ढेर हो गई।

प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गनी (40 गेंदों में 128 रन) ने महज 32 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले सूर्यवंशी ने 84 गेंद पर 190 रन बनाए जिसमें 16 चौके और 15 छक्के शामिल हैं। उन्होंने केवल 36 गेंद पर अपना शतक पूरा किया।





शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते मुंबई के रोहित शर्मा व दिल्ली के विराट कोहली। एजेंसी

### उत्तर प्रदेश ने हैदराबाद को 84 रनों से हराया

**राजकोट :** रिंकू सिंह समेत अन्य बल्लेबाजों के एकजुट प्रदर्शन के बाद स्पिनरों के कमाल से उत्तर प्रदेश ने बुधवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी के अपने पहले मैच में हैदराबाद को 84 रन से शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश ने अभिषेक गोस्वामी (81), आर्यन जुयाल (80), ध्रुव जुरेल (80) और रिंकू (67) के विपरीत अंदाज में खेले गए अर्धशतकों से बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 324 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके बाद गेंदबाजों ने सुनिश्चित किया कि मैच में अंत में कोई परेशानी नहीं हो जिसमें लिस्ट ए में पदार्पण करने वाले जीशान अंसारी (31 रन देकर चार विकेट) के साथ प्रशांत वीर (47 रन देकर तीन विकेट) और विप्रज निगम के साथ मिलकर हैदराबाद के बल्लेबाजों को अपनी स्पिन के जाल में फंसा लिया। हैदराबाद के बल्लेबाज 43 ओवर में सिर्फ 240 रन ही बना सके।

### रोहित शर्मा ने 155 रनों की शतकीय पारी खेली

**जयपुर :** रोहित शर्मा ने सिक्किम के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए 94 गेंद में 155 रन बनाये और लिस्ट ए क्रिकेट में वापसी के साथ उनकी शानदार पारी के दम पर मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच में बुधवार को सिक्किम को आठ विकेट से हराया। रोहित ने अपनी पारी में 18 चौके और नौ छक्के लगाये। मुंबई ने जीत के लिये 237 रन का लक्ष्य 30.3 ओवर में हासिल कर लिया।

### कोहली ने दिल्ली के लिए जड़ा शतक

**बेंगलुरु :** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 15 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलते हुए शानदार शतक लगाया जिसकी मदद से दिल्ली ने ग्रुप डी के पहले मैच में बुधवार को आंध्र को चार विकेट से हराया। कोहली ने 101 गेंद में 131 रन बनाए। दिल्ली ने 299 रन का लक्ष्य 37.4 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले रिकी भुई के 122 रन की बदौलत आंध्र ने आठ विकेट पर 298 रन बनाये थे।



भारतीय तीरंदाजी का सफर

# शीतल ने तीरंदाजी को नई ऊंचाई पर पहुंचाया

## रिकर्व खिलाड़ियों ने किया निराश

कोलकाता, एजेंसी

जन्म से ही हाथों के बिना जन्मी शीतल देवी ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2025 में भारतीय तीरंदाजी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, लेकिन अगले साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले रिकर्व तीरंदाजों का प्रदर्शन चिंताजनक बना हुआ है। जम्मू के किश्तवाड़ की रहने वाली 18 वर्षीय शीतल ने पूरे वर्ष अपने दमदार प्रदर्शन से अपनी दृढ़ता की शानदार मिसाल कायम की।

पेरिस में 2024 में खेले गए पैरालंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पैरा तीरंदाजी में विश्व चैंपियन बनकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में शीतल ने महिला कंपाउंड ओपन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में तुर्की की पैरालंपिक चैंपियन ओजनुर क्यूरे गिर्डी को हराया था।



उन्होंने टीम स्पर्धा में रजत पदक और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीतकर अपने शानदार अभियान का समापन किया। फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ जन्मजात बीमारी के कारण बिना हाथों के जन्मी शीतल ने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करके प्रेरणादायी प्रदर्शन किया। सोनीपत में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 60 से अधिक सक्षम तीरंदाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए शीतल ने महिलाओं की कंपाउंड रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया था। इस साल का एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह रहा कि दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार 2025 में कंपाउंड तीरंदाजी को ओलंपिक में मान्यता मिल गई। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने घोषणा की कि कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले खेलों के तीरंदाजी कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इस स्पर्धा के शामिल होने से ओलंपिक तीरंदाजी में पदक स्पर्धाओं की कुल संख्या छह हो गई है। रिकर्व वर्ग में पहले से ही पांच स्पर्धाएं शामिल हैं। भारत ने अभी तक ओलंपिक तीरंदाजी में पदक नहीं जीता है, लेकिन उसके पास दुनिया की सबसे मजबूत कंपाउंड तीरंदाजी टीम है। ऐसे में यह फैसला उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा वेन्नम, ऋषभ यादव जैसे तीरंदाजों से अगले ओलंपिक खेलों में पदक की उम्मीद की जा सकती है। ढाका में आयोजित एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत ने महाद्वीपीय स्तर पर अपना अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और 10 पदकों (छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### विश्व चैंपियनशिप में भारत कोई भी पदक नहीं जीत पाया

विश्व चैंपियनशिप में भारत कोई भी पदक नहीं जीत पाया जिससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव भी उजागर हुआ। अंकिता ने ढाका में अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने महिला रिकर्व के सेमीफाइनल में विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी को हराया। इससे दीपिका के खेल में गिरावट भी साफ नजर आई। चार बार की ओलंपियन दीपिका विश्व कप सर्किट में केवल एक व्यक्तिगत कांस्य पदक ही जीत पाईं और एशियाई चैंपियनशिप में तो उन्हें कांस्य पदक से भी वंचित रहना पड़ा। इस वर्ष किशोर रिकर्व तीरंदाज गाथा खडके (15) और शरवरी शेंडे (16) ने विश्व कप में पदार्पण किया। कंपाउंड तीरंदाजी में ऋषभ यादव और प्रथिका ने विश्व चैंपियनशिप और एशिया कप में अपनी छाप छोड़ी। कंपाउंड तीरंदाजी एक बार फिर भारत की सबसे भरोसेमंद स्पर्धा साबित हुई। ज्योति ने नानजिंग में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। भारत के रिकर्व तीरंदाजों में से कोई भी सत्र के आखिर में होने वाले विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया था। कई वर्षों की योजना के बाद आखिरकार 2025 में तीरंदाजी प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई। हालांकि दक्षिण कोरिया की अनुपस्थिति के कारण लीग को सीमित लोकप्रियता मिली। फिर भी इसमें विश्व नंबर एक ब्रैडी एलिसन, मेटे गाज़ोज़ और एलेजांद्रा वालेंसिया सहित कई शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### बुमराह व पंत ने माफी मांग ली थी : बावुमा


**जोहान्सिबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने भारत के हालिया दौरे के दौरान की गई टिप्पणियों के बारे में बात करते हुए कहा कि जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत ने एक आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी। उन्होंने साथ ही माना कि दक्षिण अफ्रीका के कोच शुकरी कॉनराड को 'भारत को घुटने पर लाने' जैसी टिप्पणी करने से बचना चाहिए था।

तेम्बा बावुमा ने अपने कॉलम में लिखा मुझे पता है कि उन्होंने अपनी भाषा में मेरे बारे में कुछ कहा था। पर दिन के आखिर में दोनों ने माफी मांग ली।

# वीनस ने एंड्रिया प्रेटी से शादी की

पाम बीच (फ्लोरिडा), एजेंसी

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे।



जुलाई में टूर स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था। आईएमडीबी वेबसाइट के अनुसार प्रेटी डेनमार्क में जन्में इतालवी मॉडल और अभिनेता हैं। वाशिंगटन में आयोजित डीसी ओपन में भाग लेने से पहले वीनस ने 16 महीनों तक किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस जनवरी में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीए टूर पर लगातार 33वें सत्र में खेलने की योजना बना रही हैं।

प्रेरणादायक

उधार की किट से लेकर एचआईएल में सबसे महंगा खिलाड़ी बनने तक का सफर तय किया

# फर्श से अर्श तक पहुंचे विवेक लाकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

युवा गोलकीपर विवेक लाकड़ा ने वित्तीय कठिनाइयों से जूझते हुए सीनियर खिलाड़ियों से खेल की किट उधार लेने से लेकर आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में सबसे महंगे और सबसे अधिक मांग वाले जूनियर खिलाड़ी बनने तक लंबा सफर तय किया है। उन्हें श्राची बंगाल वॉरियर्स ने 23 लाख रुपये में अपनी टीम से जोड़ा है। कुछ ही दिन पहले 18 साल के हुए लाकड़ा ओडिशा के प्रसिद्ध हॉकी केंद्र सुंदरगढ़ के रहने वाले हैं, हालांकि वह स्वीकार करते हैं कि यह खेल उनकी पहली पसंद नहीं था। उनके पिता हॉकी के धुर प्रशंसक थे और उन्होंने ही अपने बेटे का इस खेल से परिचय कराया।



लाकड़ा ने पीटीआई से कहा मुझे इतनी बड़ी रकम मिलने की उम्मीद नहीं थी क्योंकि मेरा आधार मूल्य दो लाख रुपए था। नीलामी के दौरान मैं बस यही सोच रहा था कि कोई भी टीम मुझे खरीद ले। जब बोली लगी तो मैं अपने दोस्तों के साथ इसे देख रहा था। मेरी बोली 23 लाख रुपये लगी और सबसे पहले मैंने अपने पापा को इसके बारे में बताया। परिवार में सभी लोग खुश हैं क्योंकि हम कुछ आर्थिक समस्याओं से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा शुरू में मुझे हॉकी उतनी पसंद नहीं थी। मेरी रुचि फुटबॉल और क्रिकेट में ज्यादा थी। लेकिन मेरे पापा को हॉकी का बहुत शौक था। उन्होंने मुझे एक कोच से मिलवाया जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने मुझे खेल की बुनियादी चीजों और इस खेल से जुड़े अवसरों के बारे में बताया। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके लिए यह सफर हालांकि आसान नहीं रहा और उन्हें सीनियर खिलाड़ियों से पुरानी गोलकीपिंग किट उधार लेनी पड़ती थी। उन्होंने 2016 में हॉकी खेलना शुरू किया था।

लाकड़ा ने कहा पहले मैं जूनियर स्तर के शिविर में गया और फिर मैंने राउरकेला के स्पोर्ट्स हॉस्टल में दाखिला लिया, लेकिन वहां गोलकीपिंग किट जैसी सुविधाएं ज्यादा नहीं थीं। इसलिए मैं कुछ महीनों तक स्ट्राइकर के रूप में खेला। स्टोर रूम में सीनियर खिलाड़ियों की कुछ किट पड़ी थीं, लेकिन वे काफी पुरानी हो चुकी थीं। मैंने किसी तरह सिलाई करके उन्हें ठीक किया और फिर गोलकीपिंग करनी शुरू कर दी।

### पूर्व गोलकीपर श्रीजेश हैं प्रेरणास्त्रोत

भारतीय टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश लाकड़ा के प्रेरणास्रोत हैं। श्रीजेश अभी भारतीय पुरुष जूनियर टीम के मुख्य कोच हैं। उन्होंने कहा श्रीजेश भाई मेरे प्रेरणास्रोत हैं। मैंने उन्हें 2018 में विश्व कप में भुवनेश्वर में खेलते हुए देखा था और तभी से वह मेरे लिए प्रेरणा बन गए। मैं एचआईएल में भारत के साथ-साथ विदेशों के अनुभवी गोलकीपरों जैसे पाठक भैया (कृष्ण बहादुर पाठक), सूरज भैया (करकेरा) से सीख लेना चाहता हूं। पुरुषों की एचआईएल तीन जनवरी से चेन्नई में शुरू होगी।